# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 25 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-38 | पृष्ठ -14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# किसी भी जिले से 5 घंटे में पटना पहुंचना हुआ आसान : नीतीश

## समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण में कैमूर और रोहतास जिला पहुंचे सीएम

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज मंगलवार को समृद्धि यात्रा के पांचवें चरण के क्रम में कैमूर और रोहतास जिला पहुंचे। दोनों जिलों में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। साथ ही जनसंवाद भी किया।

उन्होंने कहा कि राज्य में सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। राज्य के सुदूर क्षेत्रों से 6 घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य को वर्ष 2016 में पूरा कर लिया गया है। अब राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों, पुल-पुलियों, रेल ओवरब्रिज, बाईपास एवं एलिवेटेड रोड के निर्माण से लगभग 5 घंटे में सुदूर क्षेत्रों से पटना पहुंचना संभव हुआ है। सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी गयी है, इससे 1 करोड़ 14 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। दोनों जिलों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि एवं कैमूर जिला के प्रभारी मंत्री रामकृपाल यादव, शिक्षा मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमां खान, विधायक भरत बिंद, संगीता कुमारी, बशिष्ठ सिंह, मुरारी प्रसाद गौतम, स्नेहलता, विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी, आलोक कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, विधान पार्षद संतोष कुमार सिंह, निवेदिता सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक डॉ. सत्य प्रकाश, कैमूर डीएम नितिन कुमार सिंह, एसपी हरी मोहन शुक्ला, रोहतास डीएम उदिता सिंह, एसपी रौशन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### सीएम ने कैमूर-रोहतास को दी 689 करोड़ की सौगात

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में कैमूर जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत निमार्णाधीन अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय एवं निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीएम ने जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के समीप आयोजित कार्यक्रम में 209 करोड़ रुपये की लागत से 204 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 162 करोड़ रुपये की लागत से 161 योजनाओं का उद्घाटन तथा 47 करोड़ रुपये की लागत से 43 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। रोहतास जिले को दी 480 करोड रुपये की योजनाओं की सौगात उधर, मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में रोहतास जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया।

## कैमूर के अधौरा पहाड़ पर बनेगा हाई सिक्योरिटी जेल



**पटना (एनएसबी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कैमूर जिले के अधौरा पहाड़ पर हाई सिक्योरिटी जेल का निर्माण कराया जाएगा, यहां कुख्यात अपराधियों और आतंकवादियों को बंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले जंगल और पिछड़ेपन के लिए पहचाना जाने वाला कैमूर अब तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान कैमूर पहुंचे उपमुख्यमंत्री चौधरी ने जनसभा में कहा कि राज्य में विकास की मजबूत नींव न्याय यात्रा, प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा के माध्यम से रखी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### रियासी में भीषण सड़क हादसा, भाई-बहन सहित 3 लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में एक कार गहरी खाई में गिरने की घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार जम्मू के रियासी जिले में गत सोमवार रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया जहां एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में भाई-बहन सहित 3 लोगों की जान चली गई जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना माहोर क्षेत्र के रामकुंडा मोड़ के पास हुई। कार गुल से महोर की ओर जा रही थी तभी एक खतरनाक मोड़ पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे कार सीधे खाई में गिर गई।

### सिलेंडर ब्लास्ट से मकान गिरा, मलबे में दबकर भाई-बहन की मौत

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के लहरतारा मंडुवाडीह इलाके में मंगलवार को अचानक सिलेंडर ब्लास्ट से मकान गिर गया। हादसे में मलबे के नीचे दबकर भाई-बहन की मौत हो गई। वहीं,दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों की मदद से बीएचयू ट्रामा सेंटर में पहुंचाया। इस बीच मौके पर पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए और जांच करते हुए कार्रवाई में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, लहरतारा में स्मृतिशेष आद्या प्रसाद का परिवार रहता है। मंगलवार सुबह लगभग 8 से 9 बजे के बीच परिवार के सदस्य खाना बना रहे थे।

### हड़ताली राजस्व अधिकारियों से आज तक काम पर लौटने का अल्टीमेटम

**पटना :** राज्य में हड़ताली राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए सामूहिक अवकाश को अवैध करार दिया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि निर्धारित समयसीमा 25 मार्च तक कार्य पर नहीं लौटने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में विभाग के अपर सचिव श्री आजीव वत्सराज के स्तर से विभागीय पत्र भी जारी कर दिया गया है।

# शिवहर डीडीसी के कई ठिकानों पर छापा करोड़ों की काली कमाई के सबूत मिले

## विशेष निगरानी इकाई ने शिवहर समेत बेतिया, पूर्वी चंपारण व सीतामढ़ी में दी दबिश

### आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में मामला दर्ज



**1.84** करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में शिवहर जिले के उप-विकास आयुक्त ब्रजेश कुमार के पटना सहित शिवहर, बेतिया, पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी के कई ठिकानों पर मंगलवार सुबह विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) छापेमारी जारी है। एसवीयू ने शिवहर में तैनात उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी बृजेश कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में कांड संख्या-11/2026 दर्ज किया है।

जांच एजेंसी के अनुसार, बृजेश कुमार ने अपनी सेवा अवधि के दौरान विभिन्न पदों पर रहते हुए और लोक सेवक के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए करीब 1 करोड़ 84 लाख 32 हजार 900 रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की। यह संपत्ति उनके ज्ञात वैध आय स्रोतों से काफी अधिक पाई गई है। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश, निगरानी, पटना द्वारा तलाशी वारंट जारी किया गया। इसके आधार पर निगरानी टीमों द्वारा आरोपी के कई ठिकानों पर एक साथ छापामारी शुरू की गई है। इनमें सरकारी कार्यालय के साथ-साथ आवासीय परिसरों को भी शामिल किया गया है। बृजेश कुमार के सीतामढ़ी स्थित ससुराल में विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) की छापेमारी की गई। साथ ही उनके अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच की जा रही। स्पेशल टीम पटना से लेकर सीतामढ़ी तक उनके तमाम ठिकानों पर दस्तावेज खंगालने में जुटी हुई है। टीम ने सीतामढ़ी के प्रतापनगर स्थित उनके ससुराल सहित पटना और शिवहर में भी दबिश दी। जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। शिवहर जिला मुख्यालय स्थित डीडीसी बृजेश कुमार के सरकारी आवास और समाहरणालय स्थित कार्यालय में सघन जांच की जा रही है। दो घंटे से दोनों स्थानों पर जांच के दौरान टीम ने जेवरात और प्रॉपर्टी के कागजातों की जांच की। बताया जा रहा है कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में पटना से आई विशेष निगरानी इकाई ने शिवहर के अलावा पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र के जितवारपुर स्थित डीडीसी के आवास, सीतामढ़ी जिले के मेहसौल गुमटी स्थित ससुराल के आवास, पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया स्थित ठिकाने और पटना स्थित आवास पर रेड की है। छापामारी के दौरान दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड, संपत्ति से जुड़े कागजात और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, तलाशी पूरी होने के बाद बरामदगी और संपत्तियों का विस्तृत आकलन किया जाएगा, जिससे अवैध संपत्ति के दायरे का और स्पष्ट पता चल सके। निगरानी इकाई के अधिकारियों का कहना है कि जांच जारी है और आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

# नीतीश कुमार चौथी बार बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

### 2028 तक रहेगा कार्यकाल



### दिल्ली जा रहे, बेटे की राजनीति में एंट्री, पार्टी की कमान नहीं छोड़ने की 5 बड़ी वजहें

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चौथी बार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। सुबह 11 बजे नाम वापसी का समय खत्म हो गया। नीतीश अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने गए। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में इसका औपचारिक ऐलान किया गया। इस दौरान पार्टी के वरीय नेता मौजूद रहें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 मार्च को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था।

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि जदयू उनकी बनाई हुई पार्टी है और बिहार में 20 साल से उनके नेतृत्व में काम हुआ और परिवर्तन आया। अभी भी जो चुनाव हुआ, उसमें इतनी बड़ी जीत हुई तो हम सब उनको शुभकामनाएं देते हैं। पहले सबने मान लिया था कि बिहार कभी नहीं सुधेरेगा, लेकिन उस बिहार को बदलना और ऐसा बदला कि आज उस पर चर्चा देश और दुनिया में होती है ये सब नीतीश कुमार के द्वारा किया गया है।

**जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चौथा कार्यकाल :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में यह नीतीश कुमार का चौथा कार्यकाल होगा। इससे पहले उन्होंने 2016 में शरद यादव की जगह पार्टी की कमान संभाली थी। इसके बाद 2019 में भी वे निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। 2020 में उन्होंने अपनी जगह आरसीपी सिंह को अध्यक्ष बनाया था। बाद में उन्होंने ललन सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया। साल 2023 में जब ललन सिंह ने पद से इस्तीफा दिया, तो एक बार फिर नीतीश खुद इस पद पर लौटे और तब से अब तक अध्यक्ष बने हुए हैं।

### प्रयागराज में बिहार के 3 मजूदरों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत

**पटना (एनएसबी)। ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने की घटना में बिहार के रहनेवाले 3 मजदूरों की हुई मौत पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। सीएम ने इस घटना में बिहार के मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। उन्होंने बिहार के रहनेवाले घायल मजदूरों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। सीएम ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन (PC) नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा- सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाद के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया।

## लैंड फॉर जॉब मामला : लालू को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लैंड फॉर जॉब मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने मंगलवार को उनके खिलाफ दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मामले को रद्द करने से साफ इनकार कर दिया है। दरअसल, लालू प्रसाद यादव ने अदालत में याचिका दायर कर यह दलील दी थी कि सीबीआई ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी हासिल नहीं की है, इसलिए पूरे मामले को निरस्त किया जाना चाहिए। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। अदालत की टिप्पणी में स्पष्ट किया गया कि प्रस्तुत दलीलें मामले को रद्द करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने लालू यादव की याचिका को खारिज कर दिया, जिससे उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। गौरतलब है कि 'लैंड फॉर जॉब' मामला उन आरोपों से संबंधित है कि 2004 और 2009 के बीच रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान लालू प्रसाद यादव ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रेलवे में नियुक्तियां की।

## मुजफ्फरपुर में किसान की गोलीमार कर हत्या

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** गरहा थाना क्षेत्र के मुरादपुर भरत गांव में मंगलवार की देर शाम बेखौफ बाइक सवार अपराधियों ने मुरादपुर भरत निवासी हरिशंकर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने तब घटना को अंजाम दिया, जब किसान हरिशंकर सिंह अपने खेत से काम कर घर लौट रहे थे। इस जघन्य हत्याकांड के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं इलाके में दहशत व्याप्त हो गया। घटना के संबंध में बताया गया है कि मंगलवार की देर शाम लगभग सवा आठ से साढ़े आठ बजे के बीच किसान हरिशंकर सिंह गेहूं के खेत से काम निपटाकर अपने घर की ओर आ रहे थे। इसी बीच घर से महज कुछ ही दूरी पर स्थित मुरादपुर भरत स्कूल के पास पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं।

# भागलपुर में 303.20 करोड़ से बनेगा 13.38 किलोमीटर का रेल बाईपास



### गुजरात और बिहार के लिए 647 करोड़ की रेल परियोजनाएं मंजूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने गुजरात और बिहार के लिए कुल 647.58 करोड़ रुपये की दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें गुजरात के कोसंबा में रेल ओवर रेल फ्लाईओवर और बिहार के भागलपुर में नया रेल बाईपास शामिल है।

रेल मंत्रालय के अनुसार पश्चिम रेलवे के अंतर्गत गुजरात के कोसंबा-उमरपाड़ा गेज परिवर्तन खंड (9.20 किलोमीटर) पर रेल ओवर रेल (आरओआर) फ्लाईओवर का निर्माण 344.38 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। मुंबई-वडोदरा मुख्य लाइन के पूर्वी ओर स्थित इस खंड का गेज परिवर्तन कार्य चल रहा है। समर्पित मालवाहक गलियारे के कारण यहां जमीन स्तर पर क्रॉसिंग संभव नहीं है। नए फ्लाईओवर से गेज परिवर्तित लाइन को मुख्य लाइन से निर्बाध रूप से जोड़ा जा सकेगा, जिससे ट्रेनों की आवाजाही बिना किसी रुकावट के सुरक्षित और सुचारु हो सकेगी। इसके अलावा पूर्व रेलवे के अंतर्गत बिहार में भागलपुर बाईपास (13.38 किलोमीटर) का निर्माण 303.20 करोड़ रुपये की लागत से होगा। यह बाईपास बराहट-भागलपुर खंड के गोनुधाम हॉल्ट को भागलपुर-साहिबगंज खंड के सबौर स्टेशन से जोड़ेगा, जिससे भागलपुर जंक्शन पर ट्रेनों की भीड़भाड़ काफी कम हो जाएगी। इन परियोजनाओं से दोनों राज्यों में रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी, भीड़भाड़ कम होगी और ट्रेनों का परिचालन अधिक सुचारु एवं सुरक्षित हो जाएगा। वर्तमान में बराहट-भागलपुर खंड अपनी क्षमता से 125 प्रतिशत अधिक लोड पर चल रहा है। यहां ट्रेनों को इंजन रिवर्सल करना पड़ता है, जिससे परिचालन में देरी होती है। नया बाईपास इंजन रिवर्सल की जरूरत को खत्म कर देगा, भीड़भाड़ कम करेगा और ट्रेनों की समयबद्धता तथा परिचालन दक्षता में सुधार लाएगा।

# ईरान जंग जारी रही तो गंभीर नतीजे होंगे : मोदी

## आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा, टीम इंडिया की तरह काम करना



**नई दिल्ली (एजेंसी) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट बोले। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है।

इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं। ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष व्यवस्था करे।

# कोलंबिया में सैन्य विमान दुर्घटना में कम से कम 66 लोगों की मौत



**बोगोटा (कोलंबिया) (एजेंसी)।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में एक सैन्य विमान दुर्घटना में कम से कम 66 लोगों की मौत हो गई है।

कोलंबिया के सशस्त्र बलों के प्रमुख ने यह जानकारी दी है। कोलंबियाई वायु सेना के कमांडर फर्नांडो सिल्वा ने एक्स पोस्ट पर साझा किए गए वीडियो में कहा कि लॉकहीड मार्टिन हरक्यूलिस सी-130 विमान में 114 यात्री और 11 क्रू सदस्य सवार थे। हादसे के कारणों की जांच चल रही है। रक्षामंत्री पेड्रो अनुलफो सांचेज ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। स्काई न्यूज की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, रक्षामंत्री पेड्रो अनुलफो सांचेज ने प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए लोगों से आग्रह किया है कि जब तक आधिकारिक जानकारी उपलब्ध न हो जाए, तब तक किसी भी तरह की अटकलों से बचें।

## खबरें : एक नजर में

### नाव से घाटों पर पहुंचे मुख्य व उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि, लिया आशीर्वाद

**फतुहा (एनएसबी)।** चैती छठ के तीसरे दिन पहली अर्घ्य पर नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान लोजपा नेता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव एवं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बब्बन यादव ने नाव के जरिए कटैया घाट, मस्ताना घाट, त्रिवेणी घाट, महावीर घाट,



लोजपा नेता सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव एवं उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बब्बन यादव व अन्य।

मौनीया घाट और रायपुरा सीढ़ी घाट का सघन दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने घाटों पर मौजूद छठ वतियों को हाथ जोड़कर नमन किया और उनसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। दौरे की शुरुआत में टुनटुन यादव ने कटैया घाट पर वर्षो से सेवारत 7 स्टार क्लब के स्टॉल का विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने क्लब द्वारा श्रद्धालुओं के बीच निशुल्क पूजन सामग्री वितरण के कार्य की जमकर सराहना की। इस मौके पर प्रतिनिधियों ने स्थानीय लोगों से संवाद कर व्यवस्थाओं का हाल भी जाना।

### बेहोशी हालत में महिला सिपाही फोरलेन से बरामद

**फतुहा(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पीताम्बरपुर के सामने फोरलेन पर सोमवार की रात एक महिला सिपाही बेहोशी की अवस्था में मिली। गश्ती पुलिस ने उसे फतुहा अस्पताल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। अब्दालपुर गांव निवासी महिला सिपाही खुसरुपुर थाने में पोस्टेड है। आशंका जताई जा रही है कि खुसरुपुर से घर लौटने के दौरान वह किसी दुर्घटना की शिकार हो गई हो। थानाध्यक्ष कुमार रोशन ने बताया कि होश आने के बाद उसका बयान आएगा तभी मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### नदी थाना की पुलिस ने फरार चार आरोपियों को 75 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाना थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने गुप्त सूचना के आधार पर कांड संख्या 116/26 और कांड संख्या117/26के फरार चार आरोपियों को 75 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में समसपुर के दीपू कुमार 70, लीटर देशी शराब के साथ और गुलमहियाबाग के हरेंद्र कुमार,विक्रम कुमार और चुन्नू कुमार पांच लीटर देशी शराब साथ शामिल है। पुलिस सभी को पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### फतुहा में वयोवृद्ध कांग्रेस नेता नेमन सिंह का निधन

**फतुहा (एनएसबी)।** वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता नेमन सिंह का मंगलवार को उनके घर पर अचानक निधन हो गया, वे करीब 90 वर्ष से अधिक उम्र के थे। वे कांग्रेस के फतुहा प्रखंड अध्यक्ष और पैक्स अध्यक्ष भी रहे व फतुहा व्यापार मंडल के सदस्य केवसाथ साथ फतुहा आचार्य कबीर पीठ के न्यासी सदस्य, तथा अधिसूचित क्षेत्र समिति फतुहा ( नगर परिषद् फतुहा ) के सदस्य रहे । ये मृदुभाषी और सरल स्वभाव के थे। इनके निधन पर विधायक डा. रामानन्द यादव, शिवपूजन प्रसाद, श्याम नंदन प्रसाद, व्यापार मंडल अध्यक्ष राम प्रसाद, अध्यक्ष नगर राजद दयानन्द प्रसाद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार, दीना यादव, भोला सिंह, धर्मवीर यादव, मनोज यदुवंशी, मनोज कुमार यादव, दिलीप कुमार अपलेंदु कुमार मोहम्मद खुदुश,मो सरफाज, रामनरेश सिंह, नोहटा उपेंद्र यादव विनय कुमार पप्पू यादव प्रेम कुमार ने शोक व्यक्त किया है।

### मोटरसाइकिल सवार की अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत

**दनियावां(एनएसबी)।** दनियावां - चंडी एनएच 30ए पर देर शाम लगभग आठ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दनियावां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर दनियावां पीएचसी ले गई।जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।युवक की पहचान विपिन कुमार उम्र -25 वर्ष, पिता- मिथिलेश प्रसाद ग्राम अकेड़ थाना चंडी के रूप में की गई है।घटना की सूचना पुलिस ने उसके स्वजनों को दे दी है।

## कमर्शियल वाहनों के लिए मार्केट में आया नया कवर इको एश्योर

**पटना, (एनएसबी)।**सड़कों पर दौड़ने वाले कमर्शियल वाहन सिर्फ वाहन ही नहीं होते, बल्कि हजारों लोगों की रोजी-रोटी का सहारा भी होते हैं। लेकिन, जब यही वाहन खराब हो जाए या किसी दुर्घटना का शिकार हो जाए, तो मरम्मत का खर्च वाहन मालिकों के लिए बड़ी चिंता बन जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने कमर्शियल वाहनों के लिए नया ऐड-ऑन कवर इको एश्योर पेश किया है। कंपनी का कहना है कि यह कवर इस तरह बनाया गया है कि वाहन मालिकों को मरम्मत के बढ़ते खर्च से राहत मिल सके और उनकी गाड़ियाँ जल्दी से फिर से सड़कों पर दौड़ सकें। लॉन्च के मौके पर कंपनी के एमडी और सीईओ डा. तपन सिंघल ने कहा कि कमर्शियल वाहन देश की सप्लाई चेन और रोजमर्रा की आवाजाही की रीढ़ हैं। इको एश्योर ऐसा समाधान है, जो मरम्मत को ज्यादा आसान, किफायती और तेज बनाता है, ताकि वाहन मालिक कम समय में दोबारा काम शुरू कर सकें। इको एश्योर के तहत दो विकल्प दिए गए हैं- इको एश्योर एसेंशियल और इको एश्योर एडवांटेज। इसमें एक खास सुविधा यह है कि यदि मरम्मत में नए की जगह रिपेयर किए गए पार्ट्स लगाए जाते हैं, तो डेप्रिसिएशन पर 100 प्रतिशत तक छूट मिलती है। वहीं, नए पार्ट्स लगाने की स्थिति में चुने गए प्लान के अनुसार 25 प्रतिशत तक की छूट मिल सकती है, जिससे कुल खर्च कम हो जाता है।



डा. तपन सिंघल।

# मनरेगा में पारदर्शिता की ओर कदम
## 9.47 करोड़ से होगा सोशल ऑडिट

**पटना (एनएसबी)।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) के तहत ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यो की सोशल ऑडिट के लिए नौ करोड़ 47 लाख 84 हजार 111 रुपए की राशि को अंतिम स्वीकृति दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग ने इसकी स्वीकृति दी है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यो की निष्पक्ष और पारदर्शी सोशल ऑडिट में काफी सहयोग मिलेगा।

राज्य के सभी जिलों में मनरेगा का कार्यान्वयन किया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य आजीविका सुरक्षा को सुढ़ करने के साथ ही टिकाऊ परिसंपत्तियों का सृजन कर उनका विकास करना है। इसमें मुख्य रूप से जल संरक्षण, कृषि विकास, ग्रामीण बुनियादी ढांचा और स्वच्छता से संबंधित कार्यो के साथ-साथ तालाब कुओं का निर्माण, चेक डैम, पौधरोपण, ग्रामीण सड़कें, आंगनवाड़ी भवन, स्कूल शौचालय और खेल मैदान आदि का निर्माण-जीर्णोद्धार शामिल है। इस योजना के तहत प्रत्येक इच्छुक व्यस्क सदस्य को मांगने पर एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों की अकुशल मजदूरी देने का भी प्रावधान है।

ग्राम पंचायतों में लागू उपरोक्त लोक कल्याणकारी योजनाओं की निष्पक्ष और पारदर्शी ऑडिट के लिए जिलावार सामाजिक अंकेक्षण सोसायटी का गठन किया गया है।

> ग्राम पंचायतों में हुए कार्यो का निष्पक्ष और पारदर्शी सोशल अडिट जरूरी है। राशि जारी करने का मुख्य उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। सोशल अडिट से भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और विकास कार्यो का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचने में मदद मिलेगी
>
> श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री

सोसायटी का संचालन और सोशल ऑडिट कराए जाने के ही क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से 10 करोड़ 12 लाख 41 हजार 500 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसमें से ग्रामीण विकास विभाग की ओर से नौ करोड़ 47 लाख 84 हजार 111 रुपए की स्वीकृति दी गई है। विभागीय पदाधिकारियों का कहना है कि राशि के जारी होने से राज्य भर के ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यो की अडिट में काफी सहूलियत होगी और विकास कार्यो को भी रफ्तार मिलेगी।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

### बिहार दिवस के अंतिम दिन सम्मानित किए गए कलाकार

### जनसमूह ने लिया संकल्प : पटना को रखेंगे स्वच्छ और सुंदर

**पटना (एनएसबी)।** गांधी मैदान में बिहार दिवस समारोह के तीसरे दिन पटना नगर निगम की सांस्कृतिक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का अलख जगाया गया। इस अवसर पर पटना की मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के लिए अपील की ।

उन्होंने पटनावासियों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की । मेयर सीता साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है। हमें अपने रोजमर्रा के व्यवहार और आदतों में सुधार लाना होगा। मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ रखना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहा है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।

मेयर सीता साहू ने पटनावासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियानों में भाग लें और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर पटना को स्वच्छतम शहर बनाना होगा।



कार्यक्रम में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू नवगीत , मेयर सीता साह व अन्य।

पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू नवगीत ने कहा कि सभी मिलकर स्वच्छता के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के साथ बिहार दिवस समारोह मनाया जा रहा है। छठ महापर्व में स्वच्छता का काफी महत्व है। छठ जैसी स्वच्छता और संस्कार हमें हर दिन अपनाने चाहिए।

तीसरे दिन समापन समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें पटना की मेयर सीता साहू और रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल मनीषा सिन्हा ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छता जागरूकता अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर में ही स्वच्छ जीवन संभव है। जहां स्वच्छता है वहीं स्वास्थ्य है।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में प्रिंस रंजन, योगिता राज, ऋषभ सिंह, ऋषभ चौधरी, अर्नव राज, कुशाग्र सिंह, श्वेता कुमारी राय, अनुष्का नवीन, श्रेया कुमारी, सारा विनयन, श्रेया सोनल शर्मा आदि ने भी भाग लिया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। श्रृंखला ने गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुति दी।

समापन समारोह में आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के प्राक्टर और पूर्व डीन डा. रुपेश कुमार, अशोक कुमार सिन्हा, मनोज कुमार बच्चन, डा. जूली बनर्जी, अविनाश कुमार झा आदित्य उपस्थित रहे।

# सीएजी से नगर निकायों की ऑडिट कराई जाएगी : उप मुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत बिहार सरकार अब राज्य के सभी नगर निकायों की ऑडिट महालेखाकार (सीएजी) से कराएगी। इसकी घोषणा राज्य के उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि ऑडिट में गड़बड़ी पाए जाने पर जवाबदेह कार्यपालक पदाधिकारियों (ईओ) और अभियंताओं पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा मंगलवार को अपनी सरकार के सौ दिन पूरे होने पर उसकी उपलब्धियों की चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार भी मौजूद थे।

> उप-मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता में दी यह जानकारी
>
> नपेंगे गड़बड़ी करने वाले कार्यपालक पदाधिकारी व सम्बंधित अभियंता
>
> अब सभी नगर निकायों में अनलाइन पास होंगे मकान निर्माण के नक्शे
>
> नगर निकायों को 30 दिनों में स्वच्छता और टैक्स व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यह पहला मौका है जब नगर निकायों की ऑडिट महालेखाकार से कराने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि अबतक नगर निकायों की ऑडिट चार्टर एकाउंटेंट के द्वारा कराई जाती रही है। सीएजी के द्वारा अडिट कराए जाने से नगर निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आएंगे। जिससे जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से बदलते विकास के परिदृश्य के बीच शहरीकरण की नई संभावनों के द्वार खोल रहा है। वर्तमान में बिहार की 15.6 प्रतिशत आबादी ही शहरी क्षेत्रों में निवास करती है। जो राष्ट्रीय औसत 36 प्रतिशत से काफी कम है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने पिछले दिनों राज्य में 11 नए टाउनशिप विकसित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन टाउनशिप में नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों के साथ-साथ सीतामढ़ी और सोनपुर को भी शामिल किया गया है। जिससे संतुलित एवं योजनाबद्ध शहरी विकास को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार शहरी स्वच्छता और कर प्रणाली में भी व्यापक सुधार ला रही है।

नगर निकायों को 30 दिनों में स्वच्छता और टैक्स व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। ताकि सड़कों की नियमित सफाई और कचरे का प्रबंधन किया जा सके। साथ ही, मानसून से पहले राजधानी पटना सहित राज्य के सभी बड़े शहरों में बड़े नालों की मशीनीत सफाई सुनिश्चित कराई जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी अभियान के तहत डोर टू डोर कचरा उठाव के निर्देश सभी नगर निगमों को दिए गए हैं। कचरा उठाव के वाहन हर घर तक समय पर पहुंचे, इसकी निगरानी के लिए कई शहरों में जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम को मजबूत किया गया है।



उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा।

**सभी नगर निकायों में अनलाइन पास होंगे नक्शे :** विजय सिन्हा ने कहा कि अब राज्य के सभी नगर निकायों में घर बनाने के लिए नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को ऑनलाइन और सरल बनाया जा रहा है। ताकि आमजनता को नक्शा पास कराने के लिए नगर निगम के दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़ें। इस व्यवस्था से बिचौलियों की भूमिका भी खत्म होगी। फिलहाल यह व्यवस्था केवल पटना नगर निगम में ही है।

**अवैध होर्डिंग और पार्किंग पर होगी सख्त कार्रवाई :** श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य के सभी 19 नगर निगमों में विशेष अभियान चलाकर अवैध पार्किंग और अवैध होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पटना नगर क्षेत्र में अवैध होर्डिंग्स को हटाने का सख्त निर्देश जारी कर दिया गया है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि हाईकोर्ट में लंबित मामलों को छोड़कर उन सभी अवैध पार्किंग और होडिंग्स को 24 घंटे के अंदर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही इससे अवैध कमाई करने वालों को भी चिन्हित करके उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शव वाहनों से अब किसी भी पार्किंग में शुल्क नहीं जाएगा।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नल जल योजना के तहत पाइपलाइनों की मरम्मत और पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच के लिए विभाग ने विशेष टीम गठित करने के निर्देश जारी किये हैं।

# देश का भविष्य युवाओं की सोच, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता पर निर्भर करता है : डा. प्रेम कुमार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने इंडियन यूथ पार्लियामेंट राष्ट्रीय सत्र के 29वें राष्ट्रीय सत्र के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया। यह चार दिवसीय आयोजन 20 से 23 मार्च 2026 तक महर्षि व्यास सभागार, नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से आए 1000 से अधिक युवाओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर सर्वश्री प्रो. मदन मोहन झा (कुलपति, जेआरआर संस्कृत विश्वविद्यालय), आशुतोष जोशी (राष्ट्रीय संयोजक, इंडियन यूथ पार्लियामेंट), हितेश शंकर (संपादक, पांचजन्य) एवं प्रो. आरज़ी मुरलीकृष्ण (कुलसचिव, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय) सहित कई गणमान्य भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने विकसित भारत की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं की सोच, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता पर निर्भर करता है। अध्यक्ष ने अपने सार्वजनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक युवा कार्यकर्ता से लेकर नौ बार विधायक बनने और वर्तमान में विधान सभा अध्यक्ष के पद तक का उनका सफर संघर्ष, समर्पण और जनसेवा का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को समझें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। बिहार दिवस के अवसर पर उन्होंने भारतीय राजनीति में बिहार के युवाओं की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित किया। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन का उल्लेख करते हुए उन्हें सौंपी गई महती जिम्मेदारी को शीर्ष नेतृत्व का युवाओं के प्रति विश्वास का प्रतीक बताया। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को युवा सशक्तिकरण का एक असाधारण युग बताया। उन्होंने बिहार की प्रसिद्ध युवा गायिका सह सदस्या सुश्री मैथिली ठाकुर का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार की युवा एवं नारी शक्ति देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही है, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। वर्तमान भारत विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है, जहाँ लगभग 65 प्रतिशत आबादी युवा है।




बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार का स्वागत।

# आईपीआरडी पवेलियन में तीन दिनों में 1200 से अधिक लोगों ने ली वर्चुअल सेल्फी

### सबसे लोकप्रिय टेम्पलेट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस के तीन दिवसीय भव्य आयोजन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग (आईपीआरडी) के पवेलियन में वर्चुअल सेल्फी का जबरदस्त क्रेज देखा गया। 22 से 24 मार्च तक चले इस कार्यक्रम में 1200 से अधिक लोगों ने विभाग के इस स्टाल पर इनोवेटिव वर्चुअल सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली।

समापन दिवस 24 मार्च को सबसे अधिक भीड़ उमड़ी, जहां आगंतुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टेम्पलेट वाली वर्चुअल सेल्फी लेने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित नजर आए। यह टेम्पलेट पूरे तीन दिनों में सबसे लोकप्रिय रहा।

पहले दिन (22 मार्च) यहां 300 से अधिक आगंतुक अनूठी सेल्फी लेने पहुंचे, अगले दिन यह संख्या बढ़कर 400 के आसपास पहुंच गई और आखिरी दिन करीब 500 लोगों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अखबार में छपी तस्वीरों वाली सेल्फी का आनंद लिया। यहां कई लोग दोबारा अपने परिचितों की सेल्फी खिंचवाने पहुंचे। दर्शकों ने इसे मनोरंजक, याार और अलग अनुभव वाला प्रयास कहते हुए सराहा।

इन तीन दिनों तक आईपीआरडी पवेलियन में आने वाले दर्शकों को बिहार सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभिन्न स्टाल्स के माध्यम से दी गई। साथ ही पुस्तक विक्रय केंद्र पर बिहार समाचार पत्रिका का निशुल्क वितरण भी किया गया। इसके अलावा, तीनों दिनों में लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिन्होंने पवेलियन को और आकर्षक बना दिया।

# औद्योगिक इकाईयों द्वारा समय पर रिटर्न का स्वंय संकलन किया जाना अतिमहत्वपूर्ण है : रोशन लाल

**पटना (एनएसबी)।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के पटना क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पंजीकृत औद्योगिक इकाईयों को वेब पोर्टल पर अपने वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण रिटर्न्स स्वंय भरने एवं सर्वेक्षण कार्य के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए 24-03-2026 को कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना दीघा रोड, पटना के केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सम्मेलन कक्ष में एक क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

रोशन लाल साहू, उप महानिदेशक एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने रिटर्न्स को वेब पोर्टल पर स्वंय संकलन के लिए औद्योगिक इकाईयों के प्रबंधक को उत्साहपूर्ण प्रयास करने की अपील की । औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये उप महानिदेशक ने कहा कि अर्थव्यवस्था के बदलते हुए परिदृश्य में सरकार के नीति निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु औद्योगिक इकाईयों द्वारा समय पर रिटर्न का स्वंय संकलन किया जाना अतिमहत्वपूर्ण है ।




क्लस्टर शिविर का आयोजन।

स्वागत भाषण राजीव कुमार झा, सहायक निदेशक ने दिया । देवेंद्र कुमार , धीरेन्द्र नाथ प्रसाद, के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों अमिताभ पाठक, कमलेश प्रधान, दिलीप कुमार, कमलेश कुमार गुप्ता, जीतेंद्र राय, सुबोध कुमार, चन्दन कुमार एवं सुमित कुमार, ने उपस्थित प्रतिभागियों को वेब पोर्टल पर अपना रिटर्न्स भरने का प्रशिक्षण दिया ।

कार्यक्रम में सम्मिलित कुछ महत्वपूर्ण औधोगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए । मंच संचालन श्रीमती मंजूषा कुमारी, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने किया । औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों को स्वंय संकलन हेतु प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित क्लस्टर शिविर सुधीर कुमार झा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुआ ।

# हंगामा ओटीटी का 'जंग' इच्छा, धोखे और खतरनाक राजों के उलझे खेल की कहानी

### पवित्रा पुनिया, जोहैब अशरफ और आभास मेहता इस थ्रिलर में मुख्य भूमिका में

**मुंबई (एनएसबी)।** हंगामा ओटीटी ने अपना नया क्राइम ड्रामा 'जंग' रिलीज कर दिया है, जो 18 मार्च 2026 से स्ट्रीम हो रहा है। गुजरात के अलंग शिप ब्रेकिंग यार्ड के सख्त और बेरहम माहौल में बनी यह सीरीज धोखे, जिंदा रहने की जद्दोजहद और छुपे सच की कहानी दिखाती है।

कहानी के केंद्र में है कावेरी, एक ऐसी गृहिणी जो अपने शांत और साधारण पति बकुल के साथ बिना प्यार वाली शादी में जी रही है। अकेलेपन से निकलने के लिए वह एक स्क्रैपयार्ड में काम करने वाले व्यक्ति के करीब आ जाती है। शुरुआत में यह बस एक भावनात्मक सहारा लगता है, लेकिन जल्द ही मामला ब्लैकमेल तक पहुंच जाता है और कावेरी अपराध, साजिश और हत्या के खतरनाक जाल में फंसती चली जाती है। मामला गंभीर होता है तो जांच की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर सार्थक के पास आती है, जिसका कावेरी से पुराना और उलझा हुआ रिश्ता रहा है। जैसे-जैसे जांच आगे बढती है, सच्चाई और भी गहरी और डरावनी होती जाती है। आखिर में खुलासा होता है कि कावेरी एक बहुत बडे खेल का हिस्सा बन चुकी है, जिसे उसका अपना पति चला रहा है। वह गुप्त रूप से एक ताकतवर ड्रग साम्राज्य चला रहा है और कावेरी को अपने दुश्मनों को खत्म करने के लिए इस्तेमाल कर रहा है।




जैसे-जैसे हालात बिगड़ते हैं और खतरा करीब आता है, कावेरी को सच्चाई का सामना करना पड़ता है। आखिरकार वह एक ऐसा फैसला लेती है जो सब कुछ बदल देता है। वह छुपने की बजाय सामने आकर अलंग शिपयार्ड में आखिरी और जानलेवा मुकाबले का सामना करती है, जहां जिंदा बचना ही सबसे बडी कीमत बन जाता है।

कावेरी का किरदार निभाने वाली पवित्रा पुनिया कहती हैं, कावेरी का किरदार काफी परतदार है और वह एक गहरे भावनात्मक सफर से गुजरती है। शुरुआत में वह कमजोर और हालात में फंसी नजर आती है, लेकिन धीरे-धीरे उसकी मजबूती सामने आती है। इस किरदार की सबसे खास बात यह है कि इसमें एक महिला की आजादी और जिंदा रहने की लडाई को दिखाया गया है, जो धोखे और खतरे से भरी दुनिया में लड़ी जाती है।

सार्थक का किरदार निभा रहे जोहैब अशरफ कहते हैं, जंग ऐसी क्राइम थ्रिलर है जो हर मोड पर दर्शकों को बांधे रखती है। एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाना, खासकर ऐसी कहानी में जो राज और धोखे से भरी हो, मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक रहा। इस शो में जांच के साथ-साथ एक गहरी सच्चाई धीरे-धीरे सामने आती है, जो कहानी को और दिलचस्प बना देती है।

बकुल के बिजनेस पार्टनर नकुल का किरदार निभा रहे संदीप आनंद कहते हैं, नकुल का किरदार कहानी में ताकत और अपराध की दुनिया से जुडा हुआ है। 'जंग' की खास बात यह है कि हर किरदार के पीछे कोई न कोई छुपा मकसद है। कहानी आगे बढते-बढते बदलती रहती है और दर्शकों को समझ आता है कि चीजें उतनी सीधी नहीं हैं, जितनी शुरुआत में लगती हैं।

कावेरी के पति बकुल का किरदार निभा रहे आभास मेहता कहते हैं, बकुल ऊपर से एकदम शांत और साधारण लगता है, लेकिन उसके अंदर बहुत कुछ छुपा हुआ है। ऐसे किरदार को निभाना मेरे लिए चुनौती भी था और रोमांचक अनुभव भी। यह कहानी धोखे, ताकत और बदले की है, और अंत में जो सच सामने आता है, वह दर्शकों को जरूर चौंकाएगा।

# प्रखंडों में मॉडल स्कूल से होगी शिक्षा में क्रांति : हिमराज राम

**पटना (एनएसबी)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल की जा रही है। राज्य के सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे अब उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की मजबूत तैयारी का मार्ग गाँव-गाँव और प्रखंड-प्रखंड तक पहुंचेगा। यह कदम केवल स्कूल खोलने भर की योजना नहीं है, बल्कि बिहार के विद्यार्थियों के सपनों को दिशा देने और उन्हें अवसरों से जोड़ने का एक सशक्त संकल्प है। इन मॉडल स्कूलों के माध्यम से लगभग 25 हजार विद्यार्थियों का नामांकन किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन विद्यालयों में 9वीं कक्षा से ही छात्रों को जेईई, नीट तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराई जाएगी। अब बिहार के बच्चों को बड़े शहरों या महंगे कोचिंग संस्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने ही प्रखंड स्तर पर बेहतर शैक्षणिक वातावरण और प्रतिस्पर्धी तैयारी की सुविधा उपलब्ध होगी। यह योजना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उस सोच का परिणाम है, जिसमें शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण का सबसे सशक्त साधन माना गया है। दाखिले के समय ही छात्रों से उनकी पसंद और रुचि पूछी जाएगी, ताकि उन्हें उनकी अभिरुचि और लक्ष्य के अनुरूप मार्गदर्शन तथा शैक्षणिक तैयारी उपलब्ध कराई जा सके।



हिमराज राम।







बिरौल में प्रतिभाओं को सम्मानित करते बिरौल एसडीओ एवं डीएसपी।

### समापन दिवस पर विभिन्न प्रखंडों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# बिरौल में बिहार दिवस पर सांस्कृतिक रंग में झूमे लोग, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**नव संदेश ब्यूरो**

**बिरौल।** अनुमंडल प्रशासन बिरौल द्वारा आयोजित बिहार दिवस 2026 पर तीन दिवसीय समारोह का समापन उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बिरौल अकबरपुर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सम्मान समारोह के साथ हुआ। समापन दिवस पर विभिन्न प्रखंडों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी ने विभिन्न प्रखंडों के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रधानाध्यापकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रखंडवार बिरौल प्रखंड से उत्कृष्ट प्रधानाध्यापक नरेश दास, उत्कृष्ट शिक्षक नटवर कुमार चौधरी एवं शिक्षिका सविता कुमारी, किरतपुर प्रखंड से प्रधानाध्यापक बालेंदु कुमार,शिक्षक रंजन झा एवं शिक्षिका पूनम यादव, कुशेश्वरस्थान प्रखंड से प्रधानाध्यापक असित कुमार राम, शिक्षक नीरज कुमार एवं शिक्षिका काजल कुमारी,तथा कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड से प्रधानाध्यापक संजय कुमार, शिक्षक सुरेंद्र शर्मा एवं शिक्षिका पिंकी कुमारी,गौराबौराम प्रखंड के उत्कृष्ट प्रधानाध्यापक रामनरेश सिंह,शिक्षक संतोष कुमार,शिक्षिका प्रगति कुमारी को अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल शशांक राज और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी के हाथों मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पेंटिंग, क्विज, गणित ओलंपियाड, वाद-विवाद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय मैथिली कलाकार राजीव रंजन ने हम बिहारी हैं जी गीत प्रस्तुत कर पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

हारमोनियम पर नीरज झा,तबला पर शिक्षक कार्तिक कुमार झा तथा कवि गोष्ठी में डॉ. राकेश रोशन,पंकज कुमार झा,गायिका शिवानी झा शिवानी झा एवं संगीता कुमारी की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सभी कलाकारों को अनुमंडल सांस्कृतिक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल शशांक राज ने अवकाश प्राप्त शारीरिक शिक्षक रवींद्र कुमार सिंह को अनुमंडल खेल रत्न पुरस्कार तथा उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बिरौल के शिक्षक केशव कुमार चौधरी को अनुमंडल शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

## बहेड़ा थाना क्षेत्र में मारपीट व शोषण का मामला दर्ज

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के पोहध्द्वी निवासी संतोष झा ने अपनी बहन सीमा कुमारी के साथ हुए शारीरिक शोषण और मारपीट की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कराई है। आवेदनकर्ता का आरोप है की तीन साल पहले बिरौल थाना क्षेत्र के हांसी निवासी अभिषेक राय ने शादी का झांसा देकर सीमा को मुंबई ले गया। वहां उसने जबरन शारीरिक शोषण किया, बिना शादी के एक बेटी पैदा हुई।

अभिषेक ने 5 लाख रुपये दहेज की मांग की, इनकार पर सीमा को पीटा, घर से भगाया और कपड़े-जेवर छीन लिए। वहीं 25 फरवरी, 2026 को अभिषेक अपने पिता नवीन राय व चार अज्ञात के साथ संतोष के घर पहुंचा। सीमा को पीटा और भांजी (बच्ची) को उठा ले गया। 18 मार्च, 2026 को सीमा ने फोन पर सारी घटना बताई। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने पुष्टि की कि एफआईआर दर्ज हो चुकी है, पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें

### चैती छठ : अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य

**दरभंगा (एनएसबी)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का चार- दिवसीय अनुष्ठान रविवार को नहाय- खाय के साथ शुरू हुआ। सोमवार को खरना पर्व हुआ और मंगलवार को असताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं सोमवार को



हरिबोल तालाब में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते व्रती।

व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया और उसके बाद अगले 36 घंटे का निर्जला अनुष्ठान शुरू हो गया। मंगलवार 24 मार्च,2026 को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। विभिन्न नदियों तथा तालाबों में गुरुवार को संध्याकालीन अर्घ्य दिया गया। दरभंगा नगर निगम कार्यालय के बगल में अवस्थित हरिबोल पोखर में काफी संख्या में व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। वहीं बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार -दिवसीय चैती छठ का समापन हो जाएगा।

### आज सदर फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 25 मार्च, 2026 को आर सी डी डिपार्टमेंट द्वारा लक्ष्मीसागर में 11 के वी तार बदलने तथा एल टी केबल का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 33/11 के वी विद्युत शक्ति उपकेंद्र लक्ष्मीसागर से निकलने वाली 11 केवी सदर फीडर सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगा। मदर इंग्लिश स्कूल तथा विद्यपति चौक टोटल 2 ट्रांसफॉर्मर का लाइन डेढ़ बजे तक बंद रहेगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्रः- लक्ष्मीसागर पोस्ट ऑफिस, विद्यापति चौक, पासवान चौक, सदर थाना, धरमपुर इंडस्ट्रियल एरिया, अंबेडकर चौक, बावन बीघा, मिथिला कॉलोनी, माथरापुर ,पोसनपुरा, जे पी चौक पेप्सी एजेंसी, ज्ञान भारती, कबीरचक, इंजीनियरिंग गैस गोदाम, गांधीनगर, कटरहिया, भेलूचक आदि।

### बकाया डीए भुगतान के लिए कुलपति को दिया ज्ञापन

**दरभंगा (एनएसबी)।** मिथिला विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के द्वारा एक ज्ञापन कुलपति को दिया गया है जिसमें मांग किया गया है कि सेवानिवृत कर्मचारी के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पुनरिक्षित वेतनमद में डी ए का भुगतान किसी कर्मचारी को पूरा बाकी है तो कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 20 प्रतिशत बाकी है। जबकि कार्यरत कर्मचारियों को भुगतान कर दिया गया है।जबकि इससे पूर्वकुलपति द्वारा गठित टीम में कुलानुशासक एवं वित्त पदाधिकारी से 13।7।25 एवं 25। 8।25 को वार्ता हुआ था कि मैं जल्द ही पैसा का भुगतान कर दूंगा। बीते दिनों धरना कार्यक्रम सेवानिवृत कर्मचारियों की ओर से रखा गया।

### विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**बेनीपुर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति युवा प्रकोष्ठ ने मंगलवार को अधिवक्ता संघ भवन में तीन स्थानांतरित न्यायिक पदाधिकारियों—अपर सत्र न्यायाधीश माधवेंद्र सिंह, अपर मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी संगीता रानी और अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अनुराग तिवारी—के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता कृष्ण कुमार झा ने की और संचालन महासचिव सुशील कुमार चौधरी ने। स्थानांतरित पदाधिकारियों ने बेनीपुर बार-बेंच के सहयोग की भूरी-भूरी प्रशंसा की। माधवेंद्र सिंह ने कार्यकाल को चिरस्मरणीय बताया, संगीता रानी ने सिविल वादों के निष्पादन पर जोर दिया, जबकि अनुराग तिवारी ने सहयोगी माहौल की सराहना की।वर्तमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि गुप्ता, मुंशीफ रोहित गुप्ता, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने भी शुभकामनाएं दीं। सभी को अंगवस्त्र, पाग-चादर से सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता और आमजन उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय हेरोइन तस्कर गिरोह का पर्दाफाश

### एंटी नारकोटिक्स टॉक्स फोर्स ने लगभग 60 लाख के हेरोइन के साथ किया 5 तस्करों को किया गिरफ्तार

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र में पटना एंटी नारकोटिक्स टॉक्स फोर्स एसटीएफ और सदर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान अंतरराज्यीय हेरोइन तस्कर गिरोह के कुल 5 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तस्करों के पास से हेरोइन की खेप बरामद की जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 से 60 लाख आका जा रहा है।

वहीं मंगलवार को सदर थाना परिसर में प्रशिक्षु आईपीएस डॉक्टर केतन अशोक इंगोले ने प्रेस वार्ता कर बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पटना से सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर हेरोइन लेकर दरभंगा से दिल्ली मोड़ बस स्टैंड पहुंचने वाले हैं और वहां से पटना जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही सदर थाना पु. अ.नि.कुमार सानू गुप्ता ,पु. अ .नि. कौशल कुमार परी. पु .अ .नि जय प्रकाश कुमार को साथ लेकर



गिरफ्तार तस्कर और बरामद हेरोइन के बारे में जानकारी देते प्रशिक्षु आईपीएस डॉ. केतन अशोक इंगोले ।

सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई में गस्ती पदाधिकारी रिपु कुमार पांडे को दिल्ली मोड़ आने वाले सभी बसों पर निगरानी रखने का निर्देश देते हुए थाना से प्रस्थान किया। दिल्ली मोड़ पहुंचा। थोड़ी समय के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ रवि रंजन दरभंगा छापेमारी में सहयोग हेतु पहुंचे तभी मधुबनी से आ रही एक बस दिल्ली मोड़ पर आकर रुकी जिससे तीन व्यक्ति बैग लेकर उतरे जिससे एक व्यक्ति पुलिस को देखकर छिपने लगा। संदेह होने पर तीनों व्यक्तियों को पड़कर नाम पता पूछा गया तथा तीनों की दंडाधिकारी की उपस्थिति में बारी-बारी से तलाशी लिया गया। इस दौरान तीनों के बैग से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई। तीनों तस्कर मोतिहारी पूर्वी चंपारण जिला के फेनाला थाना वार्ड 7 के उपेंद्र प्रसाद के पुत्र कुंदन प्रसाद दूसरा रंजेश प्रसाद के पुत्र दीपु कुमार वहीं तीसरा सुरेश प्रसाद के पुत्र रत्नेश कुमार के रूप में पहचान हुई है। वहीं 18 पैकेट में 221 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद पुलिस ने पटना में छापेमारी कर दो अन्य आरोपी को भी दबोच लिया। उनकी पहचान मनीष सिंह और दूसरा कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से भी 10 पैकेट हेरोइन बरामद किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर पटना स्थानीय थाना को सुपूर्त कर दिया गया है। आईपीएस श्री इंगोले ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ है की हेरोइन की खेप असम सिलचर से लाई जा रही थी। तस्कर पहले सिलचर से पूर्णिया पहुंचा और वहां से दरभंगा होते हुए पटना जाने की योजना थी। पुलिस को बरामद टिकट से इसके रूट की पुष्टि हुई है।

पूरी कार्रवाई महज 40 मिनट में पूरी कर ली गई। पिछले 15 दिनों में सदर थाना क्षेत्र में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है इससे पहले भी करीब 5 किलो गांजा बरामद किया गया था। उ नशा तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा और इस नशाखोर नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सभी गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। गिरफ्तार तस्कर इससे पहले भी असम में हेरोइन तस्कर मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं।

### कांग्रेस ने प्रधानमंत्री एवं पेट्रोलियम मंत्री का अर्थी जुलूस निकाला, डॉ. मुन्ना खान बोले-

# देश की विदेश नीति चारों खाने चित्त

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कार्यालय से लहेरियासराय टावर चौक पर मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री गैस एवं पेट्रोलियम मंत्री का अर्थी जुलूस निकालकर, उनके अर्थी का दाह संस्कार किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के मजबूत नेता डॉ मुन्ना खान ने कहा कि देश की विदेश नीति चारों खाने चित है।



अर्थी जुलूस के साथ डॉ मुन्ना खान।

प्रधानमंत्री अपने दो मित्रों के कारण देश के 140 करोड़ जनता को आग में झोंकने का काम कर रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका से भी उनकी नीतियां ठीक नहीं है। पाकिस्तान तो हमारा दुश्मन पहले से ही है मगर देशवासियों को आपदा में अफसर खोजने को कहे जाने वाले प्रधानमंत्री सदन में खड़े होकर करोड़ों कोरोना काल की याद दिलाते हैं और संयम रखने की बात कहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सिलेंडर 3000 हजार से 5000 हजार के बीच अवसरवादी लोग ब्लैक कर रहे हैं। अगर इसी तरह गैस और पेट्रोल का दाम बढ़ता रहा तो सड़क पर जन आंदोलन दिखने को मिलेगा। कांग्रेस एवं कांग्रेस परिवार अब चुप नहीं बैठेगी जनता के हित के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा, पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम चौधरी, दरभंगा जिला अध्यक्ष दयानंद पासवान, हायाघाट प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद चांद, रतिकांत मिश्रा,मो असलम, आसिफ हसनैन,मो० अरमान, मो० नफीस खान, मो० नूरुल, हुसैन खान सैफ अली, जितेंद्र कुमार, इत्यादि के अलावा दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

## नीतीश कुमार के चौथीं बार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से एनडीए को मिलेगी मजबूती: डा. गोपाल जी ठाकुर

**दरभंगा (एनएसबी)।** नीतीश कुमार ने एक मुख्यमंत्री के रूप में बिहार के विकास में नई गाथा का निर्माण किया है तथा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में इनके नेतृत्व में जदयू संगठन को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। चौथी बार इनके जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से देश स्तर पर एनडीए गठबन्धन को मजबूती मिलेगी। भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित किए जाने पर बधाई देते हुए कहा है कि



मुख्यमंत्री के साथ सांसद डॉ.गोपाल जी ठाकुर (फाइल फोटो)।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार का सार्वजनिक जीवन हर दल के राजनीतिक कार्यकताओं के लिए एक आईना है। राज्य स्तर पर पोशाक योजना साइकिल योजना जल जीवन हरियाली अभियान निकाय तथा पंचायत चुनाव में महिला आरक्षण जैसे पहल ने नीतीश कुमार को देश दुनिया में एक प्रखर नेतृत्वकर्ता के रूप में पहचान दी है जबकि दरभंगा में निमार्णाधीन एम्स परियोजना, आईटी पार्क, दरभंगा शहर में एलीवेटेड कॉरिडोर, दरभंगा बस स्टैंड का पुनर्विकास, दरभंगा स्थित एपीजे अब्दुल कलाम वुमेंस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान को विकसित किए जैसे मुद्दों के लिए उनके योगदानों की चर्चा करते हुए कहा है कि दरभंगा के विकास को नया आयाम दिया है जिसके लिए वे सदैव यादगार बने रहेंगे।

### दरभंगा में अतिवृष्टि से नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए हो रही ठोस पहल : सांसद

**कृषि मंत्री से किया ऑनलाइन आवेदन में अपडेट रशीद एवं जमाबंदी की अनिवार्यता को शिथिल करने का आग्रह**

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा सहित उत्तर बिहार में अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान के लिए उचित मुआवजा तथा क्षतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन में अपडेट रशीद एवं जमाबंदी से किसानों को तत्काल छूट दिए जाने के मुद्दे पर स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने मंगलवार को संसद भवन स्थित कृषि कल्याण मंत्रालय के कक्ष में भारत सरकार के कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात एवं इस संबंध में उनका ध्यान आकृष्ट कराया तथा इसके लिए शीघ्र पहल का आग्रह किया। बीते 20 मार्च को दरभंगा सहित पूरे उत्तर बिहार में आए प्राकृतिक आपदा के मुद्दे पर सांसद डा ठाकुर ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि दरभंगा जिले में हुए असमय वर्षा तथा ओलावृष्टि से गेंहू मक्का दलहन तिलहन सहित अन्य सभी प्रकार के रबी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा से किसानों को हुई भारी नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सहायता किया जाना आवश्यक है। सांसद डा ठाकुर ने कृषि मंत्री से क्षतिपूर्ति के लिए लिए जाने वाले ऑनलाइन आवेदन में अपडेट रशीद एवं जमाबंदी की अनिवार्यता को शिथिल करने का आग्रह करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से किसानों की हालात अत्यंत चिंताजनक हो गई हैं तथा किसानों के समक्ष अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा किया जाना दूभर हो गया।

## द प्लेजर ऑफ विजुअलाइजिंग फिजिक्स एंड अनलॉकिंग इनसाइट्स विषय पर वर्कशॉप

**दरभंगा (एनएसबी)।** विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ,दरभंगा, द्वारा वर्कसाप का आयोजन कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में द प्लेजर ऑफ विजुअलाइजिंग फिजिक्स एंड अनलॉकिंग इनसाइट्स विषय पर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पद्म श्री प्रो. एच सी वर्मा का उद्बोधन हुआ। कुलपति ने प्रो . वर्मा की प्रसिद्ध किताब "कांसेप्ट ऑफ फिजिक्स" की चर्चा की और छात्र-छात्राओं को भौतिकी की समझ व अपने अन्दर विकसीत करने की सलाह दी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो वर्मा ने दैनिक जीवन में होने वाली घटनाओं में छुपे भौतिक विज्ञान के सिद्धांतो का बहुत सहज और सरल तरीके से छात्रों के बीच रखा। कुछ प्रयोगों के द्वारा भौतिकी के मूल सिद्धांतो की व्याख्या की गई। छात्रों को उत्साह दोनों सत्रों में प्रारंभो से अन्त तक बना रहा। प्रो वर्मा के सहयोगी के रूप में अमित कुमार वाजपेई प्रो संतोष कुमार उपस्थिति थे। आगत अतिथियों का स्वागत बिभागाध्यक्ष प्रो नौशाद आलम के द्वारा किया गया। विभाग के वरीय शिक्षक प्रो अरूण कुमार सिंह और प्रो सुरेन्द्र कुमार भी पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रो वर्मा के व्याख्यानों में उपस्थिति रहे। मंच का संचालन डॉ. पूजा अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन डा. दीपक कुमार के द्वारा किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफेसर वर्मा, कुलपति एवं अन्य।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉपरों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

### जिला टॉपर में 6 लड़कियां और पांच लड़के ने मारी बाजी



टॉपर को सम्मानित करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आज गुरु की भूमिका में दिखे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य बनाओ और कठिन मेहनत से प्राप्त करें,कठिन मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने उत्कृष्ट स्थान पाने वाले सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

दरभंगा जिले के इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में टॉपर छात्र छात्राओं को जिलाधिकारी कौशल कुमार प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर अपने कर कमलों से सम्मानित किये। डीएम अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में टॉपर के गार्जियनो को भी बुके, पाग और और चादर देकर सम्मानित किये। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। टॉपर विद्यार्थियों ने कुछ आईएएस , प्रोफेसर और डॉक्टर बनने के लक्ष्य के बारे में बताया। कला संकाय में निशु कुमारी प्लस टू सेकेंडरी स्कूल बरुआरा ने प्रथम स्थान,

स्वीटी कुमारी राजकीय कृत रैयाम चीनी मिल प्लस टू उच्च विद्यालय ने द्वितीय स्थान तथा मनीष कुमार प्लस टू एलएमएच एस आनंदपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में सुंदरम कुमार यादव प्लस टू महंत कर्ण ज्योति हाई स्कूल, हायाघाट प्रथम स्थान, जेबा प्रवीण राजकीय कृत वासुदेव मिश्रा हाई स्कूल, सिमरी द्वितीय स्थान एवं प्रीति कुमारी प्लस टू एम.ए.आर.एम. स्कूल, लालबाग तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान संकाय में सत्यम कुमार उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, सनहपुर सिंहवाड़ा ने प्रथम स्थान, हेमा कुमारी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजुली सदर ने द्वितीय स्थान तथा श्वेता कुमारी उत्क्रमित माध्यमिक स्कूल, समदपुरा कामरान खान उच्च माध्यमिक विद्यालय, विदुरपुर सिंहवाड़ा एवं शिवम कुमार मिश्रा प्लस टू उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रमोली बेनीपुर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला टॉपर में 6 लड़कियां और पांच लड़के रहे इस अवसर पर उपनिदेशक जनसंपर्क श्री सत्येंद्र प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी टॉपर के माता-पिता और अभिभावक काफी संख्या में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राचार्य ने किया विद्यालय का नाम रौशन करने वाले छात्रों को सम्मानित



**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित वार्षिक इण्टरमीडिएट परीक्षा - 2026 में छत्रधारी इंटर विद्यालय, दलसिंहसराय के वाणिज्य संकाय में विक्रम कुमार राज्य में छठा तथा जिला में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है, वहीं सोनम कुमारी ने भी वाणिज्य संकाय में जिला में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मंगलवार को दोनों छात्रों को विद्यालय प्राचार्य अमेय प्रसन्न कुमार चन्द्रश ने माला पहनाकर आशीर्वाद दिया व मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक / शिक्षिकाओं ने, विद्यालय के सफल छात्रों यथा, मो. उमैर शमसी, शफीउल्लाह मसीह, राम कुमार, अशोक कुमार, पियुष कुमार, टिंकू कुमार, खुशबू कुमारी आदि छात्रों को मिठाई खिलाकर सब उल्लाम वातावरण में अपनी खुशी का इजहार करते हुए छात्रों को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आईपीएस अधिकारी बनना चाहती है अंजली



**ओईनी (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा अंजली कुमारी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी 12 की परीक्षा में 80 फीसद अंक हासिल कर अपने माताझ्रपिता व ओईनी गाँव का नाम रौशन किया है। इसकी जानकारी मिलते ही टीम शहनाई ने संस्थापक समाजसेवी चिकित्सक डॉ. नीरज मिश्रा के नेतृत्व में उसके घर जा कर उसे उपहार दे कर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। बताते चलें कि ओईनी निवासी मुकेश कुमार राय और निशु देवी की पुत्री अंजली ने गांव में रह कर ही स्थानीय स्तर पर पढ़ाई की है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाली अंजली के हौसले कमजोर नहीं हैं, वह आगे चल कर यूपीएससी क्रैक कर आईपीएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। अंजली की इस सफलता से पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। मौके पर डॉ. मिश्रा के अलावा टीम शहनाई के हरिओम कुमार, मिथिलेश कुमार, संजय कुमार, अमर कुमार, सत्यम कुमार राय, बिपिन कुमार, नीतीश कुमार भगत, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### शहीद सीताराम के पुत्र को अब निःशुल्क शिक्षा देगा होली मिशन हाई स्कूल झ्र डॉ. धर्मांश रंजन



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लोकप्रिय उम्मीदवार एवं होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. धर्मांश रंजन (अंकुर) शहीद सीताराम यादव के आवास पर पहुँचे और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। डॉ. रंजन ने इस अवसर पर केवल श्रद्धा के शब्द ही नहीं अर्पित किए, बल्कि शहीद के सुपुत्र की संपूर्ण शिक्षा का दायित्व उठाने की घोषणा की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि, शहीद सीताराम के पुत्र, जो वर्तमान में होली मिशन हाई स्कूल, मोहनपुर शाखा में कक्षा 7 में अध्ययनरत हैं, उसे आगे की शिक्षा होली मिशन हाई स्कूल में निःशुल्क प्रदान की जाएगी। शहीद सीताराम के बलिदान को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे महान वीरों के कारण ही हमारा राष्ट्र सुरक्षित और गौरवान्वित है। देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले परिवारों का सम्मान और सहयोग करना हम सभी का कर्तव्य है।

### एसडीओ ने की बाबा केवलधाम में आयोजित राजकीय रामनवमी मेला के तैयारियों की समीक्षा

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल सभा कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में बाबा केवल स्थान में आयोजित राजकीय रामनवमी मेला से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक एवं ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने बाबा केवल स्थान पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध एवं साफ-सफाई को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि, प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है जिसमें आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने सभी कर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का पालन करने का निर्देश दिया।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने सोमवार की रात फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के वाजिदपुर निवासी स्व. लक्ष्मण साह के पुत्र देवेन्द्र प्रसाद साह बताया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना में पूर्व से कांड दर्ज था। जिसके बाद से ही वारंटी फरार चल रहे थे। इस बीच न्यायालय से अभियुक्त के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात छापेमारी के दौरान उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेज दिया गया।

### दलसिंहसराय नगर परिषद में 16 करोड़ से अधिक की योजनाओं को मिली मंजूरी, सड़क-नाला से मैरीन ड्राइव तक होंगे कार्य

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** दलसिंहसराय नगर परिषद में विकास योजनाओं को लेकर सभापति आभा सुरेका की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसका संचालन कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार ने किया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए कुल 16,12,75,525 रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित हुआ। नगर परिषद का कुल शेष 28,56,48,700 रुपये, प्राप्ति 1,77,97,86,800 रुपये तथा व्यय 1,90,41,59,975 रुपये दर्ज किया गया। इससे उपलब्ध राशि से बड़े विकास कार्य शुरू होंगे। बैठक में मैरीन ड्राइव निर्माण केलिए 40 करोड़ रुपये, मिथिला हाट केलिए 16 करोड़ रुपये तथा छठ घाट केलिए 4 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं सड़क एवं नाला निर्माण पर 39 करोड़ रुपये, जलापूर्ति योजना में 5 करोड़ 89 लाख रुपये, पब्लिक लाइट पर 8 करोड़ रुपये, शौचालय निर्माण में 1 करोड़ रुपये तथा बैंडिंग



जोन के लिए भी 1 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया। निश्चित ही ये योजनाएं नगर क्षेत्र को नई सूरत देंगी। मौके पर वार्ड पार्षद सुशील सुरेका, देवबभूषण चौधरी, पवन कुमार, पंकज कुमार, विजय सहनी, गजेंद्र सिंह, बीरेंद्र झा, संजय पासवान, अरुण गुप्ता, मो. शीलू सहित सभी सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने योजनाओं को मंजूरी देते हुए कार्य शीघ्र शुरू करने का निर्णय लिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि इनसे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बैठक के आरम्भ में आय-व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया।

### कांचा में मनाया गया भगत सिंह का शहादत दिवस

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के कांचा पंचायत में सोमवार को विमल स्मृति भवन परिसर में शहीद ए आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। अध्यक्षता उपेंद्र कुमार राय के द्वारा किया गया। जिसमें राजेंद्र रजक, राम शगुन राय, रमाकांत राय कवि आदि लोगो ने शहीद ए आजम भगत सिंह के बारे में विस्तार से बताते कहा की आज देश में उनके जैसे लोगो की जरूरत थी। आज भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी होते तो देश की दशा और दिशा कुछ और होता। वही वक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# 'जल है तो कल है' जल स्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास जरूरी : उप विकास आयुक्त

## जिला गंगा समिति द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बृहद जागरूकता अभियान आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति द्वारा बूढ़ी गंडक नदी के प्रसाद घाट पर गंगा स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल महोत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, वरीय उप समाहर्ता अंजली कुमारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति नीरजेश कुमार, नगर निगम के स्वच्छता पदाधिकारी विवेक कुमार एवं स्नेहलता ने संयुक्त रूप से जल अर्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पूर्व सभी अतिथियों को शॉल, फूलमाला, चादर, एवं पौधा देकर सम्मानित किया। पखवाड़ा कार्यक्रम में बूढ़ी गंडक नदी घाट की सफाई भी की गई। इसी क्रम में घाट स्थित मंदिर परिसर में डीडीसी श्री सिंह ने हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कर जल संरक्षण व नदी संरक्षण का सन्देश दिया गया एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया। आगामी 31 मार्च तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी ने युवाओं से कहा कि, नदियों व जलाशयों में कूड़ा कचरा व पॉलीथिन नहीं फेंकने, जल संरक्षण के लिए निरंतर सामाजिक स्तर पर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। साथ ही जल शून्य दिवस (जीरो वाटर डे) की स्थिति आने से रोकने का संदेश दिया। जिससे कि ऐसे परिस्थिति ना उत्पन्न हो जाए कि पानी बिल्कुल शून्य होने के कगार पर हो। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता ने बताया कि, जल और जलाशय के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है, इसलिए हम सब को एकजुटता के साथ इस गंभीर समस्या से लड़ना होगा और एक दूसरे को जागरूक करना होगा। वहीं डीपीओ निरजेश कुमार ने बताया कि, जिला गंगा समिति निरंतर गंगा एवं उनके सहायक नदियों को बचाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती रहती है। सभी को सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर नगर निगम के कर्मी, लोहिया स्वच्छता अभियान के कर्मी सहित रजनीश कुमार, पप्पू कुमार, मो.अली, सुमित कुमार, दीपक कुमार सहित एन.एस.एस एवं एन.सी.सी के सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद थे।



शपथ लेते पदाधिकारी व अन्य।

# राजस्व कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल से काम-काज ठप, करीब 40 दिनों से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहे लोग



अंचल कार्यालय पर पसरा सन्नाटा।

**विद्यापतिनगर/एनएसबी।** बिहार राज्य भूमि संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राजस्व कर्मचारी विगत 11 फरवरी 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके कारण अंचल कार्यालय सहित पंचायतों में एफसी राजस्व का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। कर्मचारी संघ ने 17 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर करीब 40 दिनों से सरकार के नीतियों का विरोध कर रहे हैं ।कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कर्मचारियों की ग्रेड पे में 2800 रुपये की वृद्धि और अपने गृह जिले में पदस्थापन की मांग शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि, ना तो उन्हें सम्मानजनक ग्रेड पे मिल रहा है और ना ही अन्य सुविधाओं सहित ऐच्छिक स्थानांतरण का लाभ नहीं मिलने से वे घर से दूर काम करने को मजबूर है। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण न केवल अंचल कार्यालय बल्कि पंचायतों में भी आम जन व छात्र-छात्राओं का कार्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही दाखिल-खारिज, परिमार्जन, नाम सुधार और फार्मर आईडी बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। अंचल कार्यालय में प्रतिदिन पहुंचने वाले आम लोगों को बिना काम कराए ही लौटना पड़ रहा है। इससे किसानों और भूमि संबंधित कार्यों के लिए आए लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कई लोगों ने बताया कि वे दाखिल-खारिज और नाम सुधार के लिए कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हड़ताल के कारण उनका काम नहीं हो पा रहा है। कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें जरूरी कागजात जमा करने की अंतिम तिथि की चिंता सता रही है। किसान अभिनाश भारद्वाज गोपाल सिंह, नरेश महतो आदि ने बताया कि फार्मर आईडी नहीं बनने से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है। इससे भूमि संबंधित कार्य, नामांतरण, खाता सुधार, जाति, आय, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने समेत अन्य सरकारी सेवाएं पूरी तरह से बाधित हो गयी है। हड़ताल के कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के विभिन्न कार्य रुकने से लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन की ओर से आम लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।हालांकि हड़ताल कब तक चलेगी, इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिलहाल हड़ताल के कारण विद्यापतिनगर अंचल क्षेत्र में भूमि संबंधित कार्य पूरी तरह प्रभावित है।

# अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य, छठ गीतों से भक्तिमय हुआ वातावरण



विद्यापतिनगर में भगवान भास्कर को अर्घ्य देते व्रती व अन्य ।

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड में पंडित मंत्रों की अनिवार्यता से दूर प्रकृति पूजन की परम्परा के तहत कठोर स्वच्छता, पवित्रता का प्रतीक लोक आस्था के 4 दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन मंगलवार को अस्ताचल गामी सूर्य को सांध्य कालीन अर्घ्य प्रदान किया गया। इस क्रम में प्रखंड के विभिन्न नदियों एवं जलाशयों के किनारे व्रतियों व श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। जगह-जगह छठ गीतों से पूरा प्रखंड भक्तिमय हो उठा। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के चौथे व अंतिम दिन बुधवार को व्रतियों द्वारा उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महापर्व का विधिवत समापन होगा। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए विद्यापतिनगर प्रखंड स्थित शिवगंगा पोखर के अलावा बाया नदी के विभिन्न घाटों पर व्रतियों व श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान व्रतियों ने भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य देकर संतान और परिवार की मंगल कामना के लिए प्रार्थना की। दोपहर तीन बजे से ही व्रतधारी और उनके परिजन घाटों की तैयारी में लग गए थे। वहीं जिले के कई हिस्सों में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए अपने-अपने दरवाजे पर ही गड्ढा खोदकर पूजा-अर्चना की गई। व्रती और उनके परिजन संध्या तीन बजे से ही विभिन्न घाटों की ओर निकल पड़े थे। जहाँ बड़ी संख्या में छठ व्रती अपने परिवार के साथ पहुंच भगवान भास्कर व छठी मैया की पूजा-अर्चना की। हालांकि कार्तिक मास में होने वाली छठ पूजा की तुलना में भीड़-भाड़ कम रही, फिर भी लोगों का उत्साह चरम पर था।

# महंगाई और रसोई गैस की किल्लत से आया उबाल

## कांग्रेस कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन, गगनचुंबी नारों के बीच पीएम और पेट्रोलियम मंत्री का पुतला फूंका



प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार समस्तीपुर ज़िला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में रसोई गैस की भारी किल्लत एवं लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में मंगलवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शन में शामिल कार्यकताओं का जत्था हाथों में विभिन्न नारों से सजी तख्तियां थामे जिलाध्यक्ष अबू तमीम के नेतृत्व में ज़िला कांग्रेस मुख्यालय से चल कर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मगरदही घाट पहुँचा। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

मगरदही घाट पर पहुँचकर कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री एवं पेट्रोलियम मंत्री का पुतला दहन किया। इसके उपरांत एक सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ज़िला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो० अबू तमीम ने की। विरोध प्रदर्शन में विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के जिला प्रभारी नदीम अख्तर अंसारी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए श्री अंसारी ने कहा कि, केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है। रसोई गैस सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों का जीवन अत्यंत कठिन हो गया है।

वहीं सभा को संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष मो० अबू तमीम ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण जन साधारण का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। रसोई गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि और आपूर्ति की समस्या ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गैस की कीमतों को तत्काल कम किया जाए और आम जनता को राहत प्रदान की जाए। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सरकार द्वारा इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में अपने आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष देवेन्द्र नारायण झा, देविता कुमारी गुप्ता, महासचिव विश्वनाथ सिंह हजारी, ठाकुर मनोज भारद्वाज, एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिनव अंशु, जिलाध्यक्ष राजन कुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष डोमन राय, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक, अजीत कुमार सिंह, शिव राम ठाकुर, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार कुशवाहा, आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### गरज के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत भौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी 25 से 29 मार्च, 2020 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 28-29 मार्च के आसपास उत्तर बिहार के सभी जिलों में गरज-चमक के साथ बादल बनने की संभावना है। इसके चलते हल्की बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर बारिश के दौरान तेज हवाएं चलने एवं आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं न्यूनतम तापमान 19 से 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

### नीलेश हत्या कांड के आरोपी ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत स्थित वार्ड संख्या - 5 निवासी पप्पू झा के पुत्र छात्र निलेश कुमार झा उर्फ राजा की हत्या मामले में पुलिस को बड़ी उपलब्धि मिली है। मामले में आरोपी मड़वा गोपालपुर निवासी दिलीप महतो के पुत्र सुमित कुमार ने सोमवार देर संध्या स्थानीय थाने में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि पुलिस की बढ़ती दबिश को देखते हुए उक्त आरोपी ने पुलिस को आत्मसमर्पण किया है। जिससे कड़ी पूछताछ करने के उपरांत उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। बताते चलें कि गत 14 मार्च को कतिपय दोस्तों ने पार्टी के नाम पर निलेश को बुलाया था जहां गोली मारकर उसकी हत्या करने का मामला प्रकाश में आया था। घटना के बाद एसडीपीओ विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत स्थित वार्ड संख्या 6 में सुबोध साह के घर को चिन्हित करते हुए घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया था।

# पटना में समस्तीपुर के बच्चों ने लहराया परचम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जीते कई पुरस्कार



पुरस्कृत छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक, पदाधिकारी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर गांधी मैदान, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय विविध प्रतियोगिताओं में समस्तीपुर जिले के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। जिसमें मैथ ओलिंपियाड, क्विज प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता में जिले के चयनित बच्चों ने अपनी प्रतिभा, मेधा और रचनात्मकता का प्रभावशाली परिचय दिया। राज्य स्तर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में समस्तीपुर के विद्यार्थियों ने कई महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर यह साबित किया कि जिले की शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रतिभा किसी से कम नहीं है। मैथ ओलिंपियाड में आदित्य कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता के लेवल-2 बालिका वर्ग में सम्मी कुमारी (हाई स्कूल पुशहो) ने शानदार सफलता अर्जित करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। बालक वर्ग में नितीश कुमार (हाई स्कूल बी. एलौथ) ने पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। वहीं पेंटिंग प्रतियोगिता में शिवराज राय (हाई स्कूल गंगापुर) ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति के दम पर प्रथम स्थान हासिल कर समस्तीपुर का परचम लहरा दिया। इसके अलावा अंजलि कुमारी (हाई स्कूल वाजिदपुर), गुंजन कुमारी (मध्य विद्यालय बल्लोचक), सुमित कुमार (मध्य विद्यालय खेसराहा), विजय कुमार (मध्य विद्यालय विशनपुर), जानवी रजक (मध्य विद्यालय मैयारी) तथा आयुषी कुमारी (मध्य विद्यालय चक पहाड़) ने भी अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि के पीछे शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें शिक्षक सुभीत कुमार सिंह, मंगलेश कुमार, ऋतुराज जायसवाल, गौतम बिहारी एवं प्रीति नंदा ने बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने, उनका मनोबल बढ़ाने और हर स्तर पर मार्गदर्शन देने में विशेष योगदान दिया। उनकी निष्ठा और समर्पण का ही परिणाम रहा कि जिले के बच्चों ने राज्य स्तर पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। मौके पर निदेशक प्राथमिक शिक्षा विक्रम वीर करने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जमालुद्दीन ने सभी विजेता प्रतिभागियों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### 93 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी से हो रही आपूर्ति

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के 93 एलपीजी गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी से गैस आपूर्ति की जा रही है। जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण सामान्य हो रही है तथा एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण भी किया जा रहा है।जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने बताया कि जिले में विभिन्न कंपनियों यथा-आई.ओ.सी.एल., एच.पी.सी.एल. तथा बी.पी.सी.एल के कुल-103 एलपीजी गैस एजेंसी कार्यरत है। सभी कंपनियों को मिलाकर 1 से 23. मार्च तक कुल-3 लाख 27 हजार 756 उपभोक्ताओं के द्वारा बुकिंग की गयी है। जिसमेंकुल-2 लाख 92 हजार 079 उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस की डिलिवरी कर दी गयी है।कुल-16 हजार 758 एलपीजी गैस के लिए बुकिंग की गई है। सभी कंपनियों को मिलाकर जिले में गैस सिलिंडर बिक्री की कुल संख्या-17 हजार 525 है। सभी कंपनियों को मिलाकर गैस सिलिंडर प्राप्ति की संख्या 14 हजार 131 है। उपभोक्ता द्वारा लगाए गए नं. की प्रतीक्षा का संख्या-38 हजार 675 है। कुल-33 हजार 278 स्टॉक आज उपलब्ध है। जिले के 93 गैस एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी के माध्यम से एलपीजी गैस की आपूर्ति की जा रही है।



### छठ व्रतियों के द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को घाटों पर अर्घ्य दिया



**खजौली (एनएसबी)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन मंगलवार की शाम छठ व्रतियों के द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को घाटों पर अर्घ्य दिया गया। इस दौरान प्रखंड के मंगती गांव वार्ड 6 स्थित भरत सिंह के दरवाजे पर चैती छठव्रती के लिए बनाये गया अस्थायी रूप से घाट पर लोगों में भक्तिमय वातावरण में खासा उत्साह नजर आ रहा था। हालांकि प्रखंड क्षेत्र में इक्के दुक्के स्थान पर ही ऐसा नजारा देखने को मिला। मालूम हो कि शुक्रवार यानी आज चैती छठ व्रतियों के द्वारा उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद अपने 36 घन्टे के निर्जला व्रत को समाप्त करेंगी। वहीं इस मौके पर लोक गायिका रंजना सिंह अभिषेक सिंह राजपूत, अभिषेक कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार, अंजना सिंह, रागिनी सिंह, हेम सिंह आदि ।

### गैस की कालाबाजारी, जिले में गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन




**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिला मुख्यालय में कांग्रेसी कार्यकताओं ने गैस की कालाबाजारी, बेकाबू महंगाई और आम जनता के बंद चूल्हों के खिलाफ मंगलवार को जिला कांग्रेस मधुबनी द्वारा प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम किया गया! जिसमें जिले के सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। जिसका नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया !इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ नेता कृष्ण कांत झा गुड्डू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की डबल इंजन सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि और कालाबाजारी ने गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों का जीना दूभर कर दिया है। आज हालात यह हैं कि लोगों के घरों में चूल्हे बुझ रहे हैं, लेकिन सरकार मौन धारण किए बैठी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई जा रही हैं, जबकि आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी और जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी।

### कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन के कारण मिले अच्छे अंक

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के कई छात्राओं ने इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. मिल रही जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों की तुलना में बेहतर रही है. उच्च विद्यालय हीरोपट्टी जगवन के छात्रा विज्ञान संकाय में जगवन गांव निवासी सुधीर शर्मा के पुत्री पिंकी कुमारी 437 अंक लाकर बेहतर प्रदर्शन किया है. सुधीर शर्मा आठवीं पास कर जगवन चौक पर फर्नीचर का कार्य करते हैं. वही उच्च विद्यालय औसी बभनगामा उत्तरी के छात्रा शगुफ्ता परवीन 432, तन्नूम परवीन 412 ,नफीस खातून 404, नाज फरहा 410 अंक लाकर सफलता प्राप्त की है. वहीं उच्च विद्यालय परसौनी मुरलियाचक के छात्रा परसौनी गांव निवासी राजेंद्र साफी के पुत्री चंचला कुमारी 434, परसौनी गांव निवासी सुधीर कुमार मेहता के पुत्री काजल कुमारी 425 एवं सोहॉस गांव निवासी रामदेव यादव के पुत्र ऋषि ऋतुराज 362, परसौनी गांव निवासी मो नसीम के पुत्र मोहम्मद आतिफ 394 अंक प्राप्त किया है. पिंकी, सपना, शगुफ्ता ने कहा कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन के कारण अच्छे अंक मिले हैं. सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है. विद्यालय प्रधानाध्यापक मोहम्मद जियाउद्दीन, अशोक साफी, मो सलीम सहित कई लोगों ने बधाई और शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है.

### बिहूल-बलान नदी तट पर जल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला गंगा समिति के तत्वावधान में घोघरडीहा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नौआबाखर के वार्ड संख्या 14 स्थित बिहूल-बलान नदी तट पर जल संरक्षण एवं नदी स्वच्छता को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सह मैथिली आलोचक लालदेव कामत ने की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लालदेव कामत ने लोगों से नदियों को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि नदियों में कूड़ा-कचरा नहीं फेंकना चाहिए तथा जल को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ह्लजल ही जीवन हैह्व यह सभी जानते हैं, लेकिन हमें यह भी समझना चाहिए कि जल का भी अपना जीवन है, जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विनोद कुमार कामत ने कहा कि नदियों का संबंध हमारी आस्था और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके संरक्षण और स्वच्छता के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना चाहिए।वहीं आकाश कुमार ( अमीन साहब) ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए जल के विवेकपूर्ण उपयोग और नदियों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।कार्यक्रम में 50 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। इसमें प्रमुख रूप से नीतीश चौधरी, सिद्धार्थ चौधरी, मो. ऐनुल, साजन साह, राहुल कामत, प्रदीप कुमार, प्रेम चौधरी, मनीष कुमार, लवकुश कुमार, महेश एवं अखलेश कामत सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नमामि गंगे की जयघोष करते हुए जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से क्षेत्र में छठ घाट, दासीन घाट, फौजी घाट तथा पूर्व दिशा में धोबी घाट के निर्माण की मांग भी रखी।



### गैस आपूर्ति तथा वितरण को लेकर किया औचक निरीक्षण

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के तारा एचपी गैस मुरलियाचक परसौनी का औचक निरीक्षण पतौना थाना अध्यक्ष अनुराग कुमार ने किया. इस मौके पर एजेंसी के द्वारा की जा रही रसोई गैस की आपूर्ति तथा वितरण से संबंधित जानकारी प्राप्त की. तथा लोगों को हो रही समस्याओं से अवगत हुए. थाना अध्यक्ष ने सबसे पहले गैस वितरक एजेंसी से गैस के स्टॉक उपलब्धता तथा उपभोक्ताओं के बीच वितरण की जानकारी प्राप्त की. इस दौरान एजेंसी पर मौजूद लोगों से भी रूबरू होये. उनकी समस्याओं को जाना. गैस की अवैध तरीके से बिक्री किए जाने के बारे में पूछताछ की. उन्होंने लोगों से कहा की रसोई गैस की कालाबाजारी एवं जमाखोरी करना कानूनी अपराध है. ऐसे अपराध करने वालों की कहीं कोई सूचना मिले तो पुलिस को तत्काल सूचित करें. थाना अध्यक्ष ने कहा कि गैस को लेकर किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है. वितरण की स्थिति सामान्य हो चुकी है.

# लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश

## अनुपस्थित पदाधिकारी पर कार्रवाई कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम


बैठक करते जिलाधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंगलवार को राजस्व एवं आंतरिक संसाधन की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व वसूली एवं आंतरिक संसाधन सृजन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुपस्थित बीडीओ पर कार्रवाई! बैठक में मधेपुर प्रखंड के बीडीओ के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनका एक दिन का वेतन स्थगित करने एवं स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। सीओ के प्रभार को लेकर सख्त निर्देश! जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन अंचलों के अंचलाधिकारी (सीओ) हड़ताल पर हैं, वहां संबंधित प्रखंड के बीडीओ 48 घंटे के भीतर सीओ का प्रभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें। साथ ही यूजर आईडी को सक्रिय कर राजस्व संबंधी कार्यों को निर्बाध रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया।उन्होंने कार्य विभाजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि बीडीओ प्रतिदिन प्रथम सत्र में अपने कार्यालय में कार्य करेंगे तथा द्वितीय सत्र में सीओ कार्यालय में बैठकर राजस्व कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। पंचायत स्तर पर भी जिम्मेदारी तय!जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि पंचायत सचिवों को राजस्व सचिव का अतिरिक्त प्रभार देकर राजस्व कार्यों में तेजी लाई जाए। इसके सफल क्रियान्वयन की पूर्ण जवाबदेही संबंधित बीडीओ की होगी। मैदानी निरीक्षण पर जोर। सभी डीसीएलआर को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन कम से कम एक हल्का का स्थल निरीक्षण करें और राजस्व संबंधित कार्यों की प्रगति का आकलन करें।साथ ही अपर समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि ओवरऑल प्रदर्शन में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले प्रभारी सीओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करें।राजस्व वसूली में अभियान चलाने का निर्देश आंतरिक संसाधन की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विशेष अभियान चलाकर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हर हाल में समयबद्ध राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत हासिल करना सभी विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। नगर निकायों को विशेष निर्देश। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों को निर्देश दिया कि वे कर एवं अन्य राजस्व संग्रहण में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त करें। इसके लिए घर-घर सर्वे, बकायेदारों की सूची तैयार करने एवं वसूली अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपस्थित पदाधिकारी बैठक में अपर समाहर्ता सह प्रभारी पदाधिकारी (राजस्व) मुकेश राजा झा, सभी डीसीएलआर, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छठ के संध्या अर्घ्य को लेकर नदी किनारे उमड़ी भीड़


नदी किनारे छठ व्रत पूजा।

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर स्थित पवित्र कमला नदी के तट पर आस्था का महापर्व चैती छठ मंगलवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की।चैती छठ के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य को लेकर सुबह से ही घाटों पर तैयारियां शुरू हो गई थीं। नगर परिषद एवं स्थानीय प्रशासन की देखरेख में घाटों की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग और रोशनी की व्यवस्था की गई थी। शाम ढलते ही कमला नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाएं और पुरुष नए वस्त्र धारण कर सूप और दउरा में फल, ठेकुआ, नारियल, गन्ना और अन्य पूजन सामग्री लेकर घाटों की ओर पहुंचे।सूर्यास्त के समय नदी के जल में खड़े होकर व्रतियों ने पूरे विधि-विधान से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान ह्लछठी मईयाह्व के पारंपरिक गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं द्वारा गाए जा रहे लोकगीतों ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। घाटों पर दीपों की रोशनी और श्रद्धालुओं की आस्था ने अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। पुलिस बल के जवानों की तैनाती के साथ-साथ गोताखोरों और मेडिकल टीम को भी अलर्ट रखा गया था। अधिकारियों द्वारा लगातार घाटों का निरीक्षण किया जा रहा था, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।इस दौरान कई सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं। साथ ही स्वच्छता को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। गौरतलब है कि चैती छठ चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व है, जिसमें नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य प्रमुख अनुष्ठान होते हैं। मंगलवार को संध्या अर्घ्य संपन्न होने के बाद अब बुधवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती पारण करेंगे।कुल मिलाकर जयनगर के कमला नदी तट पर चैती छठ का यह आयोजन श्रद्धा, अनुशासन और सामाजिक सहयोग का अनुपम उदाहरण बनकर सामने आया, जहां हजारों लोगों ने एक साथ मिलकर अपनी आस्था का परिचय दिया।

# राम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिली



**जयनगर (एनएसबी)।** अनिल कुमार बैरोलिया के निज निवास स्थान पर श्री राम कथा महोत्सव को लेकर मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल के बीच गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के नारों के साथ शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। यह महोत्सव छह दिवसीय होगा, जिसमें प्रतिदिन राम कथा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की आकर्षक झांकियां सजाई गई थीं, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। छोटे-छोटे बच्चों और युवाओं ने भी पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर माहौल को और भी भव्य बना दिया।शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में ध्वज और पताकाएं लिए भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। कई भक्ति मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जा रहे थे, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल होकर भक्ति गीत गाती नजर आईं।आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन आगामी छह दिनों तक किया जाएगा, जिसमें प्रख्यात कथा वाचक द्वारा रामचरितमानस पर आधारित प्रवचन दिए जाएंगे। कथा स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया है और श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।महोत्सव को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया गया, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जगह-जगह पेयजल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। लोगों में इस धार्मिक आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।कुल मिलाकर जयनगर में निकाली गई यह भव्य शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं की भी सुंदर झलक प्रस्तुत की। आने वाले दिनों में आयोजित होने वाली राम कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्सुकता बनी हुई है।

# कमला बराज निर्माण कार्य में अतिक्रमण को लेकर लोगों में आक्रोश


पुलिस बल तैनात ।

**जयनगर (एनएसबी)।** जयनगर में प्रस्तावित कमला बराज निर्माण कार्य में अतिक्रमण को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि कमला नदी पर बनने वाले इस महत्वपूर्ण बराज परियोजना में अवैध कब्जा बड़ी बाधा बनता जा रहा है, जिससे निर्माण कार्य में देरी हो रही है।बताया जाता है कि बराज निर्माण के लिए चिन्हित भूमि पर कई जगहों पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे न केवल परियोजना की प्रगति प्रभावित हो रही है, बल्कि क्षेत्र के विकास की गति भी धीमी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बराज बनने से बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई सुविधा और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी, लेकिन अतिक्रमण के कारण यह सपना अधूरा नजर आ रहा है।मंगलवार को इस मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की। लोगों ने कहा कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो परियोजना और भी लंबित हो सकती है। कुछ लोगों ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि कमला बराज क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे हजारों किसानों को लाभ मिलेगा। ऐसे में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है।वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण की पहचान की जा रही है और जल्द ही इसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि बराज निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है और इसमें किसी भी प्रकार की बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।गौरतलब है कि कमला बराज परियोजना लंबे समय से चर्चा में रही है और इसके निर्माण से क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही कृषि कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता भी बेहतर होगी।कुल मिलाकर जयनगर में कमला बराज निर्माण में अतिक्रमण एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है, जिस पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर जनआक्रोश और बढ़ सकता है। स्थानीय लोगों की निगाहें अब प्रशासनिक कदमों पर टिकी हैं, ताकि इस महत्वपूर्ण परियोजना को समय पर पूरा किया जा सके।

# मां कात्यायनी की पूजा, बेलनौती अनुष्ठान में भक्त हुए हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित

**मधुबनी(एनएसबी)।** मां कात्यायनी नवरात्र के छठे दिन पूजी जाने वाली देवी दुर्गा का छठा रूप हैं, जो शक्ति, ज्ञान और साहस का प्रतीक हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, ऋषि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर देवी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया और महिषासुर का वध किया। यह रूप सूक्ष्म जगत, आज्ञा चक्र और बृहस्पति ग्रह को नियंत्रित करता है, जो बुद्धि और ज्ञान से जुड़ा है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया वैज्ञानिक दृष्टि से भी देखा जाय तो महिषासुर अज्ञान, अहंकार, नकारात्मकता और अराजकता का प्रतीक है। कात्यायनी द्वारा उसका वध करना सकारात्मक विज्ञान (धर्म) का नकारात्मकता (असुर) पर विजय का प्रतीक है।माँ कात्यायनी का संबंध ज्ञान, शिक्षा और विज्ञान से है। उनका रंग पीला है, जो शिक्षा और ज्ञान के रंग (बृहस्पति) को दर्शार्ता है।सुक्ष्म जगत की शासकः कात्यायनी देवी को सूक्ष्म, अदृश्य और अव्यक्त दुनिया की शासक माना जाता है, जो विज्ञान के उन रहस्यों को दर्शार्ती है जो सामान्य आँखों से नहीं दिखते।आज्ञा चक्र की देवीः योग विज्ञान में, उनका संबंध आज्ञा चक्र (भ्रूमध्य) से है, जो अंतर्ज्ञान, उच्च बुद्धि और मानसिक स्पष्टता को नियंत्रित करता है।

# अंतर विभागीय समन्वय से विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर


बैठक करते अधिकारी ।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में डीआरडीए स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर विकास योजनाओं को गति देने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अंतर्विभागीय मामलों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।100 बड़े बकायादारों पर सख्त कार्रवाई की तैयारी जिलाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों से पांच-पांच बड़े बकायादारों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस आधार पर जिले के 100 बड़े बकायादारों को चिन्हित कर दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने प्रभारी अधिकारी, जिला नीलाम शाखा को समयबद्ध रूप से सूची संकलन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।भूमि उपलब्धता में तेजी लाकर योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देशविभिन्न विकास योजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जहां भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए। शेष बचे हुए टोला में नल-जल योजना के क्रियान्वयन हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।ग्रामीण कार्य विभाग, नहर प्रमंडल, लघु सिंचाई, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन एवं बाढ़ प्रमंडल से जुड़े भू-अर्जन, सीमांकन, अतिक्रमण हटाने एवं एनओसी से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। जन शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाने का सख्त निर्देश! जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय जनता दरबार, मुख्यमंत्री जनता दरबार, सीपीग्राम, सूचना का अधिकार एवं मानवाधिकार से जुड़े मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पुलिस, राजस्व, शिक्षा एवं आईसीडीएस विभागों में सर्वाधिक लंबित आवेदन पाए गए।उन्होंने निर्देश दिया कि जन शिकायतों का निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय सीमा के भीतर किया जाए। अनावश्यक विलंब करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बैठक के अंत में स्पष्ट कहा कि सभी पदाधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करें एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बिहार दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत गौरवशाली इतिहास और प्रगतिशील भविष्य की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक : जिलाधिकारी

## उत्साह और गौरव के तीन दिवसीय बिहार दिवस उत्सव के समापन समारोह में 30 छात्र छात्राएं व स्वास्थ्यकर्मी हुए सम्मानित

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बिहार दिवस के अवसर पर 22 मार्च से आयोजित तीन दिवसीय भव्य एवं आकर्षक समारोह का समापन शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में मंगलवार को हुआ। समापन दिवस पर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 छात्र-छात्राओं एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों की सफलता के लिए सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, गौरवशाली इतिहास और प्रगतिशील भविष्य की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर विकास के नये मानक स्थापित करें और बिहार की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत बनायें। तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान कुल 26 स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें बिहार के ग्रामीण एवं शहरी जीवन, विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा पारंपरिक कला-संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, वहीं बिहार की लोक परंपराओं, हस्तशिल्प, खानपान और जीवन शैली को भी प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया।


बिहार दिवस उत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते जिलाधिकारी। समापन समारोह में छात्र छात्राओं को सम्मानित करते जिलाधिकारी।

बिहार दिवस उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। मंच पर प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों में बिहार की समृद्ध परंपरा और विरासत की जीवंत झलक देखने को मिली। कलाकारों ने पारंपरिक पर्व-त्योहार, विवाह गीत, सोहर, झूमर आदि लोक विधाओं की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंग में रंग गया। दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों की प्रतिभा की जमकर सराहना की। शिक्षा विभाग द्वारा भी बिहार दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें चित्रकला, गणित ओलंपियाड, पत्र लेखन एवं क्विज प्रतियोगिता प्रमुख रही। इन प्रतियोगिताओं में जिले के अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा और उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा जागृत हुई। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी इस अवसर पर अपने विभिन्न केंद्रों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों/कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस पहल से स्वास्थ्यकर्मियों में सेवा भावना और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई गई। समापन समारोह के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित की गई थीं, जिससे पूरे कार्यक्रम का संचालन सुचारु रूप से संपन्न हुआ। आमजन की भागीदारी भी इस आयोजन की सफलता का प्रमुख आधार रही। बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए और बिहार दिवस के इस उत्सव को यादगार बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व क्षयरोग दिवस पर जिला यक्षमा केंद्र में व्यापक टीबी जागरूकता कार्यक्रम के साथ निकाली गई जागरूकता रैली

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला यक्षमा केंद्र में एक व्यापक टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने की। कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने को लेकर विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में एनटीईपी मुजफ़्फ़रपुर टीम, एपीआई शाखा, केएचपीटी टीम, रिच टीम, डीएफवाई टीम, एएनएम की छात्राएं तथा लायंस क्लब की टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रैली को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रो. कमलेश तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली जिला यक्षमा केंद्र से प्रारंभ होकर कम्पनीबाग, पुराना बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन होते हुए पुनः जिला यक्षमा केंद्र पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर एपीआई मुजफ़्फ़रपुर शाखा द्वारा टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण भी किया गया, जो सराहनीय पहल रही। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य प्रबंधक, जिला अकाउंट्स ऑफिसर दिनकर चतुर्वेदी के एचपिटी एवं उनकी टीम, अरविंद कुमार रिच जिला लीड एवं उनकी टीम, उदय कुमार (डीएफवाई जिला कोऑर्डिनेटर) एवं उनकी टीम, मनोज कुमार, पंकज कुमार तथा अजय कुमार, रौशन मिश्रा, अमिता कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में डॉ सी के दास ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




### एलपीजी की किल्लत व बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेसियों ने नगर में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व पेट्रॉलियम मंत्री का पुतला जलाया

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एलपीजी की किल्लत और बढी कीमत के खिलाफ कांग्रेस के लोगों ने मंगलवार को नगर में पदयात्रा व प्रदर्शन कर सरैयागंज टावर चौक पर पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री मोदी और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक मैदान से पदयात्रा करते एलपीजी सिलेंडर के भारी किल्लत पर पर्दशन करते हुये सरैयागंज टावर चौक पहुँचे। पुतला दहन के पश्चात लोगों को संबोधित करते हुए अरविंद कुमार मुकुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गलत विदेश नीति के कारण आज देश मे एलपीजी सिलेंडर की भारी किल्लत हो गई है। ऐसी आपदा की घड़ी मे जब देश मे एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही हैं, उस समय भी सरकार आपदा मे कमाई का अवसर निकाल एलपीजी की कीमत बढा दी। पदयात्रा प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजेंद्र चौधरी, उमेश कुमार राम, कृपाशंकर शाही, महिला जिलाध्यक्ष जुही प्रीतम, मुकेश त्रिपाठी, मयंक मुन्ना, रिजवान अहमद एजाजी, विकास टुल्लू, मोजक्कीर रहमान, राम प्रवेश पाल, रितेश कुमार सिन्हा, अमोद मंडल, त्रिभुवन पटेल, कौशल किशोर चौधरी, कृष्ण मुरारी सिंह, मिथलेश राम, मो आमिर, अमोद मंडल, तनवीर आलम, राजू नैयर, रामस्वार्थ साह आदि शामिल थे।



### राजवाड़ा राजकीय अंबेडकर आवासीय उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंची विधायक

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** बोचहा विधायक बेबी कुमारी ने मंगलवार को मुशहरी प्रखंड के राजवाड़ा स्थित राजकीय अंबेडकर आवासीय उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में विद्यालय में मिली भारी अनियमितता को लेकर उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को फटकार लगाई और विद्यालय की दशा सुधारने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य और उनके हक से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता हैं। उन्होंने विद्यालय परिसर में निमार्णाधीन भवन के घटिया निर्माण को लेकर भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता और जिलाधिकारी को फोन कर स्थिति की जानकारी देते हुए भवन निर्माण कराने वाले अभिकर्ता व संबंधित लोगों के विरुद्ध करवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि छत से छड़ ओर बालू का साफ दिखना निर्माण की गुणवत्ता का प्रमाण दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग में भी विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की जांच के लिए पत्र देंगी।



### अंचलाधिकारी के सामूहिक अवकाश के बीच प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़, वैकल्पिक प्रभार सौंपे गए

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिले में 16 मार्च से अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के सामूहिक अवकाश पर चले जाने की स्थिति में प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाते हुए आम जनता को राजस्व एवं अंचल स्तर की सेवाओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने वैकल्पिक व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था के तहत विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संबंधित अधिकारियों को उनके मूल कार्यों के अतिरिक्त प्रभारी अंचल अधिकारी के रूप में कार्य एवं दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकृत किया गया है। साथ ही अंचलाधिकारी के पद से संबंधित वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए बिहार कोषागार संहिता के नियम 84 के अंतर्गत उन्हें निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की शक्तियां भी प्रदान की गई हैं। ताकि राजस्व से जुड़े सभी वित्तीय कार्य निर्बाध रूप से संचालित होते रहें।

# कांटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सम्मान, प्रतिष्ठा व स्वाभिमान की रक्षा हमारा दायित्व : अजीत कुमार

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र के लोगों का सम्मान, प्रतिष्ठा और स्वाभिमान की रक्षा करना हमारा दायित्व है। विधानसभा चुनाव में हमने जो जनता से कहा था कि आप हमें अपना सेवक चुनिए और आपका हर कार्य आपके गांव पंचायत में ही शिविर लगाकर कराएंगे। उस वादे को हम विभागों के अधिकारियों को बुलाकर धरातल पर उतार रहे हैं। उक्त बातें मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने कांटी क्षेत्र के सुदूर मुस्तफापुर में आयोजित विकास शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम बात बनाने में विश्वास कभी न किए हैं और न हीं करेंगे। हमने जनता का काम करके उनमें विश्वास स्थापित किया हैं। इसका प्रतिफल है कि विधानसभा चुनाव में कांटी क्षेत्र की जनता ने हमें फिर से प्रतिनिधित्व का मौका दिया है। इस दौरान श्री कुमार ने विकास शिविर में आए लोगों की अनेकों समस्याओं को सुना तथा मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को जनता की समस्याओं के निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



कांटी के मुस्तफापुर में आयोजित विकास शिविर को संबोधित करते विधायक अजीत कुमार।

साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के कार्य में कोताही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों व कर्मियों पर हर हाल में जांचोपरांत कार्रवाई तय है। उन्होंने सीधे तौर पर कहा की जनता के कार्य मे हीलाहवाली करने वाले अधिकारी और कर्मियों की बचने की कही से भी कोई गुंजाइश नहीं है। जो अधिकारी और कर्मी जनता के कार्य करने में रुचि नहीं लेंगे उनकी शिकायत वरीय अधिकारियों से की जाएगी। उन्होंने विकास शिविर से अनुपस्थित कई पदाधिकारी की भी जमकर खबर ली। साथ ही मौके पर उपस्थित बीडीओ आनंद कुमार विभूति को सभी से स्पष्टीकरण पूछकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वही मुस्तफापुर पहुंचने पर विद्यालय की बच्चियों ने श्री कुमार का भव्य स्वागत किया एवं विद्यालय में कंप्यूटर लैब और नया भवन निर्माण की मांग की। इस दौरान उन्होंने आईसीडीएस द्वारा आयोजित गोद भराई रस्म की प्रक्रिया भी पूरी की। मौके पर बीडीओ सह प्रभारी बीईओ आनंद कुमार विभूति, सीडीपीओ मीरा कुमारी, बीएओ शिवनाथ झा, एलईओ वरुण कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी स्वराज चौहान, कांटी पीएचसी के डॉ पीयूष राज, स्थानीय मुखिया कविता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र साह, पंचायत सचिव शिव बालक पांडे, पूर्व मुखिया नवल किशोर प्रसाद, अशोक पासवान, रामनंदन प्रसाद, दिलीप प्रसाद, विजय राम, रमेश कुमार, लालबाबू प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, प्रभात कुमार, नंदकिशोर सिंह, मुरारी झा, विवेक रंजन, सिकंदर कुमार यादव, रंजीत प्रसाद, अजय सिंह, रामसुकल प्रसाद, विपीन कुमार गुप्ता, शम्भु प्रसाद, रामेश्वर राम, शिवजी राम, रामबाबू राम, नवल किशोर यादव, नरेश पासवान समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे

# दबंग चौकीदार ने होटल संचालक के साथ मिलकर होटल में की शराब पार्टी और गलत नियत से तीन डांसरों को कमरे में बनाया बंधक

## सरैया पुलिस ने होटल संचालक सहित 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, घटना के मुख्य आरोपी चौकीदार की सेवा बर्खास्तगी के लिए एसएसपी ने शुरू की कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सरैया थाना क्षेत्र के मानिकपुर चौक स्थित राजू स्वीट्स एंड बेकरी नामक होटल में सरैया थाना में कार्यरत एक चौकीदार द्वारा होटल संचालक के साथ मिलकर होटल में शराब पार्टी करने तथा मनोरंजन के लिए बाहर से बुलाई गई तीन डांसरों को गलत नियत से होटल के कमरे में बंधक बनाए जाने की मिली सूचना पर सरैया थाना पुलिस ने देर रात होटल में छापामारी कर आरोपी चौकीदार, होटल संचालक और ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने कमरे में बंद तीनों डांसरों को मुक्त कराया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सरैया थाना में कार्यरत दबंग चौकीदार ने मानिकपुर चौक स्थित राजू स्वीट्स एंड बेकरी नामक होटल संचालक के साथ मिलकर शराब पार्टी के साथ होटल में मनोरंजन का प्लान तैयार किया। वही देर रात होटल में दबंग चौकीदार ने होटल संचालक के साथ मिलकर शराब पार्टी की। वहीं शराब पार्टी के बाद चौकीदार ने होटल संचालक के साथ मिलकर एक ऑटो से तीन महिला डांसरों को बुलाया।


गिरफ्तार आरोपियों को ले जाती पुलिस।

शराब पार्टी के बाद मनोरंजन के लिए होटल में बुलाई गई तीनो महिला डांसरों को गलत नियत से होटल के कमरे में बंधक बना लिया गया। देर रात होटल में चल रही इस घटना की खबर लीक हो पुलिस तक पहुंच गई। यह सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आईपीएस सह सरैया थाना अध्यक्ष प्रसन्ना कुमार ने देर रात दलबल के साथ होटल पर धावा बोल दिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से चौकीदार और होटल संचालक को शराब के नशे में धुत पाते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उस कमरे का दरवाजा खुलवाया, जहाँ तीनों महिला डांसरों को कैद किया गया था। महिला डांसरों को पुलिस ने होटल से मुक्त कराकर थाना भिजवाया। इस दौरान पुलिस ने महिला डांसरों को लेकर होटल तक पहुंचाने वाले ऑटो चालक को भी गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ दो अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। एक प्राथमिकी शराब के सेवन के मामले में दर्ज की गई है। वहीं दूसरी तरफ महिला डांसरों द्वारा दिए गए बयान के आधार पर छेड़खानी और बंधक बनाने की धाराओं के दूसरी प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह विभाग का कर्मचारी हीं क्यों न हो। एसएसपी ने बताया कि चौकीदार की सेवा बर्खास्त के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि रक्षक द्वारा भक्षक बनने की इस हरकत पर उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। वही गिरफ्तार तीनों आरोपियों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# श्रम विभाग की टीम ने दुकानों और होटलों में की छापामारी, 8 बाल श्रमिक मुक्त कराए गए

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन के निर्देश पर श्रम अधीक्षक अजय कुमार द्वारा गठित धावा दल की टीम ने मंगलवार को नगर निगम एवं मुजफ्फरपुर सदर अनुमंडल क्षेत्र के मुशहरी और सरैया प्रखंड अंतर्गत विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में छापेमारी की। इस दौरान मुशहरी प्रखंड के जीरो माइल चौक स्थित बिहार जलपान से 03 बाल श्रमिकों, गुड्डू होटल से एक बाल श्रमिक और सहनी भोजनालय से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। सरैया प्रखंड के सरैया बाजार स्थित निर्मल चाट दुकान से एक बाल श्रमिक, दिव्यांशी रेडिमेड से एक बाल श्रमिक और न्यू वैशाली स्वीट्स से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। छापेमारी में विमुक्त कराए गए सभी 08 बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति मुजफ्फरपुर के समक्ष उपस्थापित कर निदेर्शानुसार उन्हें बाल गृह में रखा गया है। इस मामले में बाल एवं किशोर श्रम ( प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत नियोजक के विरुद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि बाल श्रमिकों से किसी भी दुकान या प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अंतर्गत गैरकानूनी है तथा बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को ₹20000 से ₹50000 तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक के कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में नियोजकों से 20 हजार रुपए प्रति बाल श्रमिक की दर से अलग से राशि की वसूली की जाएगी जो जिलाधिकारी के पदनाम से संधारित जिला बाल श्रमिक पुनर्वास सह कल्याण कोष में जमा किया जाएगा। इस राशि को जमा नहीं कराने वाले नियोजक के विरुद्ध एक सर्टिफिकेट केस या नीलाम पत्र वाद अलग से दायर किया जाएगा। छापामारी के दौरान सभी नियोजको से किसी भी बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करने का एक शपथ पत्र भी भरवाया गया।

# मुजफ्फरपुर में पीआईबी ने एकदिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वातार्लाप' का किया आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)** पत्र सूचना कार्यालय पटना के तत्वावधान में मंगलवार को मुजफ्फरपुर में स्थानीय पत्रकारों के लिए ह्लकृषि विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिकाः विकसित भारत @ 2047ह्व विषय पर एकदिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ह्लवातार्लापह्व का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन मुजफ्फरपुर नगर विधायक रंजन कुमार ने किया। इस कार्यशाला में जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े मीडियाकर्मियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरपुर नगर विधायक रंजन कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में आईसीएआर राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के निदेशक विकास कुमार दास, पीआईबी एवं सीबीसी के उपनिदेशक लौकिक पारख उपस्थित थे। साथ ही अतिथि वक्ता के रूप में देवेंद्र प्रसाद (एआरओ, रसायन व मिट्टी जांच प्रयोगशाला), आभा कुमारी (जिला उद्यान पदाधिकारी), चंद्रदीप कुमार (सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण), विनोद कुमार सिंह (उप परियोजना निदेशक, आत्मा) ने भी भाग लिया। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, उनके प्रभाव एवं ह्लविकसित भारतह्व के लक्ष्य की प्राप्ति में उनकी भूमिका पर पत्रकारों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में कृषि आधारित तकनीकी नवाचार, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, ड्रोन तकनीक एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार में मीडिया की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए नगर विधायक रंजन कुमार ने पीआईबी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर अपने शाही लीची के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने जिले में लीची प्रोसेसिंग इकाइयों के विस्तार का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के निदेशक ने लीची उत्पादन में प्रूनर मशीन का उपयोग, पेड़ों की ऊँचाई को नियंत्रित करना तथा ड्रोन के माध्यम से छिड़काव आदि विषय पर विस्तृत चर्चा की। सहायक अनुसंधान अधिकारी, मिट्टी जांच प्रयोगशाला देवेंद्र प्रसाद ने मृदा स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए जैविक खाद के उपयोग और नियमित मृदा परीक्षण पर विशेष बल दिया। जिला बागवानी अधिकारी आभा कुमारी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों जैसे ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला तथा योजना के लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। वहीं पौधा संरक्षण सहायक निदेशक चंद्रदीप कुमार ने कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कम लागत में प्रभावी छिड़काव संभव है तथा इसके लिए डीबीटी बिहार पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। उप परियोजना निदेशक आत्मा विनोद कुमार सिंह ने लीची और मधुमक्खी पालन (शहद उत्पादन) के परस्पर संबंध पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने लीची के संरक्षण हेतु आधुनिक फल पकाने वाले कक्ष (फ्रूट राइपनिंग चैंबर) के उपयोग की सलाह दी।कार्यशाला के दौरान एक वन-टू-वन प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित पत्रकारों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न रखे और उनके समाधान प्राप्त किए।



पीआइबी द्वारा आयोजित मीडिया कार्यशाला का उद्घाटन करते नगर विधायक रंजन कुमार।

कार्यक्रम का संचालन पीआईबी के अभिनव कुमार एवम धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश कुमार सिंह ने किया। मौके पर विभाग के ज्ञान प्रकाश, संदीप कपूर और मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# चैती छठ पर आस्था में डूबा सीतामढ़ी, डूबते सूर्य पर पड़ा अर्घ्य

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ को लेकर पूरे जिले में श्रद्धा और उत्साह का माहौल व्याप्त है। मंगलवार को छठव्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल कामना की। छठ घाटों पर सुबह से ही साफ-सफाई, सजावट और सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था देखने को मिली, वहीं शाम होते-होते घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

चैती छठ के अवसर पर शहर के बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। फल, सूप, दौरा, नारियल, गन्ना, ठेकुआ सहित पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। वातावरण छठ गीतों और भक्ति भाव से गूंजता रहा, जिससे पूरा शहर छठमय हो गया। वहीं लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा के अवसर पर


अपने निवास स्थान से छठ घाट पर डाला लेकर जाते विमल शुक्ला।


छठ घाट पर छठव्रती, श्रद्धालु, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस व अन्य।

जिला में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखे। सभी प्रमुख बाजारों, छठ घाटों एवं मार्गों पर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल तैनात रहे। पूर्व जिला लोक अभियोजक एवं जेपी सेनानी विमल शुक्ला ने डुमरा स्थित अपने आवास पर पूरे परिवार के साथ छठ पर्व मनाया। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उनकी पत्नी विभा शुक्ला एवं छोटी बहन रितु कुमारी ने सोमवार को पूरे विधि-विधान के साथ खरना पूजा संपन्न किया। खरना के बाद व्रतियों ने निर्जला उपवास रखते हुए मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ अर्पित कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह उदयीमान सूर्य को दूसरा अर्घ अर्पित करने के साथ यह चार दिवसीय महापर्व संपन्न होगा। इस दौरान व्रती पूरी श्रद्धा और नियमों का पालन करते हुए कठिन तपस्या करते हैं, जो इस पर्व की विशेषता है। श्री शुक्ला ने जिलेवासियों को चैती छठ की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता, स्वच्छता और अनुशासन का भी संदेश देता है।

## डीआईजी ने पुलिस केंद्र सीतामढ़ी का किया निरीक्षण, दिए कई दिशा-निर्देश


पुलिस केंद्र सीतामढ़ी का निरीक्षण करते पुलिस उपमहानिरीक्षक चंदन कुशवाहा व अन्य।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर एवं पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी के साथ संयुक्त रूप से मंगलवार को पुलिस केंद्र, सीतामढ़ी का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में वाहन परेड एवं प्रशिक्षु सिपाहियों की परेड का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। परेड के दौरान अनुशासन, समन्वय, ड्रिल, टर्नआउट एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का मूल्यांकन करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस केंद्र परिसर स्थित शस्त्रागार, बैरकों, वाहन रख-रखाव, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया तथा सुधारात्मक निर्देश दिए गए। बल की कार्यकुशलता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन एवं बेहतर टर्नआउट पर विशेष बल दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### इंटर साइंस में स्टेट में पांचवां स्थान, जिला टॉपर पलक कुमारी सम्मानित

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सरैया प्रखंड के बहिलवारा गांव की प्रतिभाशाली छात्रा पलक कुमारी ने इंटर साइंस परीक्षा में राज्य स्तर पर पांचवां स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय सफलता पर उनके सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, डायरी व कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम बिहार प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष साहू भूपाल भारती के नेतृत्व में आयोजित हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर बालिकाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव में उनकी क्षमता पूरी तरह निखर नहीं पाती। उन्होंने सरकार से ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की मांग की। श्री भारती ने पलक कुमारी की सफलता को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि एक साधारण परिवार से आने वाली इस छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने पलक के पिता मनोज साह की भी सराहना की, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटी की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। इस अवसर पर जिला पार्षद प्रेम कुमार गुप्ता, स्थानीय मुखिया राम किशोर साह, जितेंद्र कुमार, सरपंच प्रतिनिधि शिव शंकर गुप्ता, भोला साह, ललन कुमार, सुजीत कुमार, राकेश कुमार साह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं ने पलक कुमारी एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


पलक कुमारी को सम्मानित करते तैलिक साहू सभा बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष साहू भूपाल भारती व अन्य।

### लंबित मांगों को लेकर राम सेवक सिंह महिला महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मियों का धरना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विश्वविद्यालय स्तर पर लंबित विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन के तहत बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जिले के डुमरा स्थित 'राम सेवक सिंह महिला महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मियों ने महाविद्यालय के कार्यों का बहिष्कार कर धरना दिया। यह कार्यक्रम दो दिवसीय है। माँगों पर सकारात्मक विचार नहीं होने कि स्थिति में आंदोलन और भी तेज हो सकता है। मौके पर महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ नवनीत कुमार झा, सचिव आलोक कुमार, लालबाबू मंडल, संजय कुमार राम, अभिषेक कुमार, छोटे लाल सहनी, सर्वेश कुमार, गौरव कुमार, माधव कुमार, अवनिश चन्द्र, इन्द्रजीत कुमार, राजेश राउत, राजू कुमार, सफरुल होदा मंसूरी, कुन्दन कुमार, अर्चना कुमारी, खुशबु कुमारी, उदय कुमार, आशीष कुमार, परवेज आलम, रिषभ कुमार, परमानन्द कुमार आदि उपस्थित थे।


महाविद्यालय में धरना पर बैठे शिक्षकेत्तर कर्मी।

### एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : आपूर्ति पदाधिकारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला सूचना भवन में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से निर्बाध आपूर्ति दी जा रही है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। साथ ही कालाबाजारी, जमाखोरी या किसी भी तरह की अनियमितता की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि आज की तारीख में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता 15,597 है, जबकि मांग 14,000 है, जिससे स्पष्ट है कि आपूर्ति पूरी तरह पर्याप्त है। इसके अलावा 19 किलोग्राम के 225 व्यावसायिक सिलेंडर भी उपलब्ध हैं। जिले में भारत गैस, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल की कुल 63 एजेंसियों के माध्यम से गैस वितरण सुचारु रूप से जारी है। प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बीडीओ, एमओ, अनुमंडल पदाधिकारी और थाना प्रभारी सक्रिय रूप से शामिल हैं। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त सभी 10 शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया है।

## जिले में एलपीजी की कमी एवं बढ़ती कीमतों के खिलाफ जिला कांग्रेस ने निकाला आक्रोश मार्च

# रसोई गैस की किल्लत पर फूटा आक्रोश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत एवं बढ़ती कीमतों के खिलाफ मंगलवार जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष रकटू प्रसाद के नेतृत्व में गांधी मैदान से वीर कुंवर सिंह चौक तक आक्रोश मार्च निकाला गया। आक्रोशित कांग्रेस नेताओं एवं आम जनता द्वारा महंगाई की प्रतीक बन चुकी मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारी मोदी सरकार हाय हाय, महंगाई कम करो और रसोई गैस की किल्लत को दूर करने के लिए नारेबाजी कर रहे थे।

प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक डॉ. गौरव वर्मा, मुख्य प्रवक्ता प्रमोद कुमार नील, भू संपदा प्रभारी मो. अफाक खान, अधिवक्ता संजय कुमार बिररख, प्रदेश प्रतिनिधि मो. शम्स शाहनवाज, डॉ. राजीव कुमार काजू, अंजारुल हक तौहीद, पूर्व प्रत्याशी ई. नवीन कुमार, आफताब अंजुम बिहारी, ताराकांत झा, राम बाबू सिंह, आलोक सिंह, सोहन प्रसाद, जैनेन्द्र राम, रामपुकार शरण,वीरेंद्र कुशवाहा, अख्तर रजा खान, तनवीर खान, मो. गफूर अंसारी, सुप्रिया साहू, नीरज कुमार यादव आदि ने मुख्य रूप से विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा



नगर में निकले कांग्रेस के आक्रोश मार्च में नारा बुलंद करते जिलाध्यक्ष व पार्टी के अन्य नेता।

### महंगाई की प्रतीक बन चुकी मोदी सरकार का पुतला दहन किया

कि युद्ध की आड़ में गरीब विरोधी भाजपा सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ा दी। बढ़ी हुई गैस की कीमत पर भी रसोई गैस सिलेंडर के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

सबसे ज्यादा प्रभावित गृहणियां हैं। गैस की किल्लत के चलते छात्रों के मेस, होटल, रेस्टोरेंट बंद है। प्रवासी मजदूर भी चूल्हा चौकी बंद होने के कारण घर लौटने को मजबूर हैं। गैस एजेन्सी पर लम्बी कतारें लगी है पेट्रोलियम मंत्री द्वारा जनता को राहत देने की बजाय सिलेंडर की बुकिंग की अवधि बार बार बढ़ाया जा रहा है, जिससे ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। मोदी सरकार के ढुलमुल विदेश नीति के चलते देशवासियों को रसोई गैस संकट से जूझना पड़ रहा है।

## मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत कबड्डी खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 28 मार्च को

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र (कबड्डी) के संचालन के लिए बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल प्रक्रिया दिनांक 28 मार्च 2026 को जानकी स्टेडियम, डुमरा (सीतामढ़ी) में आयोजित की जाएगी। यह चयन प्रक्रिया बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा निर्धारित की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ आधार कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर चयन प्रक्रिया में सीधे भाग ले सकते हैं।

ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु 12 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए (जन्म तिथि 01 जनवरी 2012 से 01 जनवरी 2014 के बीच)। राष्ट्रीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त अथवा प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अधिकतम 2 वर्ष की आयु सीमा में छूट प्रदान की जा सकती है। ट्रायल में भाग लेने के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, विद्यालय प्रमाण पत्र एवं खेल प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।

### चयनित खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाएं

चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण केंद्र के निकट सरकारी विद्यालय में पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही आवासीय सुविधा, सरकारी अस्पताल में चिकित्सा सुविधा एवं प्रतिदिन पौष्टिक भोजन (दो नाश्ता एवं दो समय का भोजन) उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा खेल पोशाक एवं उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक तीन माह पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी।

चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किसी प्रकार का यात्रा या भोजन भत्ता देय नहीं होगा। चयनित खिलाड़ियों का नामांकन आवश्यक प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत ही किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागियों को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक योग्य खिलाड़ियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# स्कूल में पंखा चलाने को लेकर विवाद में झड़प, चौथी कक्षा की छात्रा की मौत

## दो सहपाठियों पर हत्या का मामला दर्ज

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय सहोरबा में सोमवार दोपहर पंखा चलाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया, जिसमें चौथी कक्षा की एक छात्रा की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, गांव के वार्ड 17 निवासी जितेंद्र राय की 11 वर्षीय पुत्री स्मृति कुमारी का अपनी ही कक्षा की छात्राओं से पंखा चलाने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें स्मृति कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए सीतामढ़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। हालांकि, पटना ले जाने के दौरान हाजीपुर पुल के समीप रास्ते में ही छात्रा की मौत हो गई।

मृत्यु के बाद परिजन शव को लेकर वापस सोनबरसा थाना पहुंचे। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पिता जितेंद्र राय के लिखित आवेदन पर पुलिस ने दोनों छात्राओं के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

घटना की सूचना मिलते ही फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। वहीं बीडीओ मृत्युंजय कुमार, बीईओ अजीत तिवारी, थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी व बल के साथ विद्यालय पहुंचकर मामले की जांच की। अधिकारियों ने ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से पूछताछ कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। इस घटना को लेकर शिक्षा विभाग ने गंभीर रुख अपनाते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

आरोप है कि घटना के बाद विद्यालय में मौजूद शिक्षक द्वारा घायल छात्रा को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के बजाय अन्य छात्राओं के साथ घर भेज दिया गया। मामले में विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि घटना के समय कक्षा में उचित निगरानी नहीं थी, जिससे झगड़ा बढ़ गया। साथ ही, घायल छात्रा को समय पर चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिलने और उच्चाधिकारियों को सूचना देने में भी विलंब किया गया।

### डीईओ ने संबंधित शिक्षकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा

### घायल छात्रा को समय पर चिकित्सकीय सुविधा नहीं मिलने और सूचना देने में विलंब का आरोप

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित शिक्षकों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र में कहा गया है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इधर, पूरे मामले की जांच के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। समिति को निर्देश दिया गया है कि वह घटनास्थल पर जाकर जांच करे और तीन दिनों के भीतर संयुक्त रिपोर्ट सौंपे, ताकि आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## डीआईजी ने विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर सीतामढ़ी में की समीक्षा बैठक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में मंगलवार को विधि-व्यवस्था संधारण एवं अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, सीतामढ़ी के साथ संयुक्त रूप से समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कार्यालय की समग्र कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण एवं अनुश्रवण व्यवस्था की समीक्षा की गई। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं शाखा प्रभारियों के पंजियों की अद्यतन स्थिति का मूल्यांकन करते हुए पाई गई त्रुटियों के सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कार्यालय में साफ-सफाई तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। पदाधिकारियों एवं कर्मियों को टर्नआउट बेहतर रखने, अनुशासन बनाए रखने तथा कार्य में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।


बैठक में डीआईजी व एसपी।

## इंटर परीक्षा में दो सगी बहनों ने रचा इतिहास

### कहकशां परवीन व शगुफ्ता यासमीन ने 456 अंक लाकर बढ़ाया परिवार का मान

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** फतहपुर निवासी स्व. शफी अहमद खान की पौत्री एवं शकील अहमद खान की पुत्री कहकशां परवीन और शगुफ्ता यासमीन ने इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। दोनों सगी बहनों ने 456-456 अंक प्राप्त कर क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है।

दोनों छात्राएं एमके कॉलेज की छात्रा हैं और उन्होंने अपनी पढ़ाई मार्गदर्शन कोचिंग सेंटर से की है। बचपन से ही मेधावी रही इन बहनों ने मैट्रिक परीक्षा में भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 436 और 433 अंक हासिल किए थे। पिता शकील अहमद खान ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेटियां किसी भी मायने में बेटों से कम नहीं होतीं। उन्होंने कहा, हमने हमेशा अपने बच्चों के बीच कभी भेदभाव नहीं किया। लड़का हो या लड़की, सभी को समान अवसर और उच्च शिक्षा मिलनी चाहिए। आज मेरी बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि अगर अवसर मिले तो वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं।


दोनों बहनों को मिष्ठान खिलाते परिजन।

उन्होंने समाज से अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावकों को अपनी बेटियों को भी उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और देश के विकास में योगदान दे सकें।

कहकशां प्रवीण और शगुफ्ता यासमीन ने अपनी सफलता पर खुशी जताते हुए इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। दोनों बहनों ने बताया कि उनका लक्ष्य सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता ने कभी भी लड़का-लड़की में भेदभाव नहीं किया और हमेशा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस उपलब्धि से भाई आमिर खान, मोसाहीद हुसैन काफी प्रसन्न हैं और फतहपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# टीबी के खिलाफ जंग में जागरूकता व पोषण सबसे बड़ा हथियार : डॉ. सुबोध

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** हर वर्ष 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना और मरीजों को समय पर सही उपचार उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर सीतामढ़ी नगर के हॉस्पिटल रोड में पानी टंकी के सामने स्थित अपने निजी क्लिनिक में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुबोध कुमार महतो ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में समाज और चिकित्सकों की संयुक्त भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

डॉ. सुबोध ने बताया कि भारत सरकार देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके तहत मरीजों को निशुल्क जांच, दवा और हर माह 500 रुपये और पोषण सहायता दी जा रही है, ताकि इलाज के साथ-साथ उनका पोषण भी सुनिश्चित हो सके।

**नि-क्षय मित्र बनकर करें सहयोग :** उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन में नि-क्षय मित्र योजना एक सकारात्मक पहल है। इसके तहत आम नागरिक, सामाजिक संगठन या निजी संस्थाएं किसी टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें पोषण किट उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि दवा के साथ पौष्टिक आहार भी टीबी मरीजों के लिए उतना ही जरूरी है।


डॉ. सुबोध कुमार महतो।

**कैसे फैलती है टीबी :** डॉ. सुबोध के अनुसार टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से यह तेजी से फैल सकती है। उन्होंने बताया कि एक टीबी मरीज करीब 10-11 लोगों को संक्रमित कर सकता है, इसलिए समय पर जांच और इलाज बेहद जरूरी है।

**जिले में टीबी मरीजों के आंकड़े :** डॉ. सुबोध ने पिछले वर्षों के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2022 में 150, 2023 में 335, 2024 में 269 और 2025 में 208 टीबी मरीजों की पहचान कर उनका इलाज किया गया। वर्ष 2025 में डुमरा प्रखंड में 39, सोनबरसा में 42, परिहार में 32, बथनाहा में 22, रीगा में 20 और बाजपट्टी में 10 मरीजों में टीबी की पुष्टि हुई। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन का हवाला देते हुए बताया कि भारत में हर साल करीब 3 लाख 75 हजार लोगों की मौत टीबी के कारण होती है, जो एक गंभीर चिंता का विषय है।

### राज्यपाल के हाथों सम्मानित हो चुके हैं डॉ. सुबोध कुमार महतो

टीबी उन्मूलन में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. सुबोध को बिहार के तात्कालीन महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर द्वारा अक्टूबर 2023 में सम्मानित किया जा चुका है। वे लगातार जागरूकता अभियान चलाकर और लोगों को नि-क्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित कर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### इस्पात नगरी टाटा से भटक कर रक्सौल पहुंची महिला को मिला अपनों का साथ

**रक्सौल।** मानवता की एक खूबसूरत मिसाल देखने को मिली, जब इस्पात नगरी टाटा से रास्ता भटककर रक्सौल पहुंची एक महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया गया। इस सराहनीय कार्य में रक्सौल थाना की सक्रिय भूमिका और सहयोग सराहनीय रहास समाज के जागरूक लोगों और पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से महिला को सही-सलामत उसके परिवार से मिलवाया गया।जिससे उसके परिजनों के चेहरे पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी। ऐसे कार्य न केवल इंसानियत को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में विश्वास और सहयोग की भावना को भी बढ़ाते हैं।उस महिला के परिजनों ने रक्सौल थाना एवं सहयोग करने वाले सभी लोगों को दिल से धन्यवाद दिया।

### प्रतिबंधित मछली के साथ मोटर साइकिल बरामद, तस्कर फरार

**रक्सौल।** भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तस्करी के खिलाफ सशस्त्र पुलिस बल ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित मछली के साथ एक मोटरसाइकिल बरामद की है।वही पुलिस को देखकर तस्करी में संलिप्त व्यक्ति मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई नेपाल के परसा जिले अंतर्गत वीरगंज महानगरपालिका-16, भूटनदेवी के सीमावर्ती क्षेत्र में की गई। सशस्त्र पुलिस बल नेपाल, सीमा सुरक्षा गुल्म मुख्यालय वीरगंज से सशस्त्र पुलिस उपाधीक्षक विकास अधिकारी के निर्देश पर गठित 9 सदस्यीय मोबाइल गश्ती टीम ने इसकी जानकारी दी। गश्ती टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि भारत से अवैध रूप से प्रतिबंधित मछली नेपाल लाई जा रही है। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन की जांच की, तो पाया कि नंबर 43 पी 468 की मोटरसाइकिल पर करीब 80 किलोग्राम प्रतिबंधित मछली लादी जा रही थी। पुलिस की मौजूी देखते ही मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सशस्त्र पुलिस बल के अनुसार, बरामद मछली की अनुमानित कीमत हजारों रुपये आंकी गई है, जबकि प्रयुक्त मोटरसाइकिल की कीमत करीब 24 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए बरामद प्रतिबंधित मछली को नष्ट कर दिया। वहीं, जब्त मोटरसाइकिल को आगे की कार्रवाई के लिए वीरगंज भन्सार कार्यालय को सौंप दिया है।

### महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी विनीत कुमार की पी एचडी उपाधि की मौखिकी संपन्न

**मोतिहारी।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी विनीत कुमार की पी एचडी उपाधि की मौखिकी संपन्न हुई। विनीत ने राजनीति विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा. सरिता तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। इनके शोध का विषय द इमरजेंस, स्टेगनेशन एंड एसेंडेंस अफ बी जे पी इन स्टेट पलिटिक्स अफ बिहार 1998-2020 है, जिसमें इन्होंने इस अवधि में भारतीय जनता पार्टी के बिहार की राजनीति में उदय, शिथिलता एवं अवरोहण पर विस्तृत प्रस्तुति दी। विनीत ने विभिन्न राजनीतिक गठबंधन के सिद्धांतों के द्वारा बताया कि बिहार के राजनीति कैसे एकल दल प्रणाली से एक बहु दलीय गठबंधन व्यवस्था में परिवर्तित हुई। बिहार के मतदाताओं के राजनीतिक व्यवहार में सामाजिक पहचान से अधिक विकास के कार्यो का प्रभाव देखने को मिला। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में कैसे भारतीय जनता पार्टी एक छोटे भाई की भूमिका के बाद धीरे-धीरे सबसे बड़ी एवं प्रमुख पार्टी बन के उभरती गई। शोध निर्देशक डव सरिता तिवारी ने कहा कि इस प्रकार के शोध राजनीतिक प्रणाली को समझने और विश्लेषण करने के लिऐ अत्यंत उपयोगी है। बिहार की राजनीति पर केंद्रित यह शोध राजनीतिक व्यवस्था, मतदाताओं के व्यवहार, चुनावों पर समाज का प्रभाव जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को रेखांकित करता है। इस पी एचडी मौखिकी में बाह्य विषय विशेषज्ञ के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोनाली सिंह, एम जी सी यू के समाज विज्ञान संकाय के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर सुनील महावर, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष ड नरेंद्र कुमार आर्य, गांधी एवं शांति अध्ययन के ड जुगल किशोर दाधीच, हिंदी विभाग के ड अंजनी श्रीवास्तव, संस्त विभाग के प्रोफेसर श्याम कुमार झा, राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर पंकज कुमार सिंह, ड ओम प्रकाश गुप्ता, ड नरेंद्र सिंह, ड प्रेरणा भादुली के साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं शोधार्थीयों की उपस्थिति रही।

# इंडो-नेपाल ज्वाइंट फील्ड सर्वे टीम की पहली बैठक रक्सौल में संपन्न

## डीएम ने किया सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत



बैठक में शामिल अतिथि।

**रक्सौल(एन एस बी)।** मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, रक्सौल के कन्फ्रेंस हल में आज इंडो-नेपाल जइंट फील्ड सर्वे टीम की पहली महत्वपूर्ण बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक में भारत और नेपाल के सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।भारतीय पक्ष से सुपौल, मधुबनी, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। वहीं नेपाल की ओर से सिराहा, धनुषा, महोतरी, सरलाही, सप्तरी, रौतहट, बारा, परसा और चितवन के चीफ डिस्ट्रिक्ट अफिसर (सीडीओ) ने भागीदारी की। बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने किया, जबकि नेपाल की ओर से सिराहा के सीडीओ, सुरेंद्र पौडेल ने नेतृत्व संभाला।

कार्यक्रम की शुरुआत में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद बैठक के निर्धारित एजेंडे पर क्रमवार चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि 7जी बाउंड्री वर्किंग ग्रुप के मैंडेट एवं 12जी सर्वे अफिशियल कमेटी की सिफारिशों के अनुसार फील्ड सर्वे टीम को कार्य करना है।

बैठक में सीमा स्तंभों (बाउंड्री पिलर्स) की मरम्मत, नए पिलर्स का निर्माण, लापता पिलर्स का पुनर्स्थापन, क्षतिग्रस्त पिलर्स का पुनर्निर्माण, तकनीक के माध्यम से बड़े स्तर पर मैपिंग तथा इंडो-नेपाल बाउंड्री रेफरेंस फ्रेम तैयार करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी। उक्त बैठक भारत-नेपाल सीमा प्रबंधन को और अधिक सुढ़ एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित हुआ पहला अर्घ्य

**पीपराकोठी/ चकिया/ फेनहारा (एनएसबी)।** लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महापर्व चौती छठ के तीसरे दिन संध्या समय पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्ति की अनुपम छटा बिखर उठी। वतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की। सुबह से ही छठ घाटों पर तैयारियों का दौर चलता रहा। वती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे, हाथों में सूप और दौरा लेकर घाटों की ओर बढ़ते नजर आए। जैसे ही सूर्यास्त का समय नजदीक आया, घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जल में खड़े होकर वतियों ने पूरी निष्ठा और विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य की उपासना की। घाटों का श्य अत्यंत मनोहारी था। चारों ओर दीपों की जगमगाहट, केले के पत्तों, गन्ने और फल-फूल से सजे प्रसाद के सूप, तथा छठ गीतों की मधुर गूंज ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कांचे ही बांस के बहंगिया जैसे पारंपरिक गीतों से पूरा इलाका गूंज उठा। इस दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई थी। विभिन्न छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे वतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अब सभी की निगाहें सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने पर टिकी हैं, जब दूसरे अर्घ्य के साथ ही इस चार दिवसीय पावन पर्व का समापन होगा। छठ की यह अनुपम छटा एक बार फिर लोक आस्था और भारतीय संस्ति की गहराई को दर्शाती है।

चकिया से हमारे संवाददाता के अनुसार,प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शहर से लेकर गांव तक लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चौती छठ के तीसरे दिन मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ बुढ़ी गंडक नदी स्थित बारा घाट, सरयुग मठ घाट व मन चौक आदि घाटों पर थी। वहीं बहुत सारे वतियों ने अपने आवासीय परिसर के निकट खाली पड़े भूखंड आदि पर भी त्रिम तालाब बना अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ वती तय समय पर अपने परिजनों के साथ पूजन सामग्री से भरे दउरा लेकर व नए परिधान में समुह में घाट पर पहुंचे। जहां पर छठ वती पानी में खड़ी होकर सूप में ठेकुआ,फल के साथ दूध और पानी का अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दी। घाटों पर बनी छठी मैया की प्रतिमा के चारों तरफ बैठकर वतियों द्वारा सामुहिक रूप से छठ गीत गाया जा रहा था। जिससे पूरा छठ घाट भक्तिमय हो गया था।

फेनहारा से हमारे संवाददाता के अनुसार, प्रखंड क्षेत्र में संध्या समय पूरे वतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना की। । जल में खड़े होकर वतियों ने पूरी निष्ठा और विधि-विधान के साथ भगवान सूर्य की उपासना की। फेनहारा थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के नतृत्व में सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थी। विभिन्न छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे वतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### लोक शिकायत निवारण अधिनियम से किसान को राहत, धान की राशि खाते में भेजी गई

**मोतिहारी(एनएसबी)।** "बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015" के तहत एक और मामले का त्वरित समाधान करते हुए पूर्वी चम्पारण जिला प्रशासन ने परिवादी राम आश्रय साह की शिकायत का निवारण कर दिया। पहाड़पुर प्रखंड के सरेया बाजार निवासी राम आश्रय साह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पैक्स अध्यक्ष द्वारा उनके द्वारा बेचे गए धान की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में उन्होंने अनलाइन माध्यम से जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में परिवाद संख्या-9999601110326626819 दर्ज कराया। मामले पर संज्ञान लेते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी, मोतिहारी को नोटिस जारी किया गया। जांच के बाद विभाग ने 24 मार्च 2026 को दिए प्रतिवेदन में बताया कि परिवादी द्वारा 968 टिल धान सरेया प्रताप टोला पैक्स को बेचा गया था, जिसकी कुल राशि ध्2,31,7392 उनके बैंक खाते में भेज दी गई है। इस प्रकार शिकायत का पूर्ण निवारण हो गया। यह कार्रवाई अधिनियम की प्रभावशीलता और पारदर्शी शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## गर्ल्स हाई स्कूल की दो छात्राओं ने इंटर आर्ट्स परीक्षा में जिला टॉप टेन में अपनी जगह बनाई

**तुरकौलिया(एन एस बी)।** जे एस के प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल की दो छात्राओं ने इंटरमीडिएट के आर्ट्स परीक्षा में जिला टप टेन में अपनी जगह बनाई है एक हरसिद्धि प्रखण्ड अंतर्गत जैल मुरारपुर निवासी रामनरेश साह व कांति देवी की पुत्री कृति कुमारी है। जबकि दूसरी छात्रा बिजुलपुर पंचायत के टिकुलिया गांव के नवल सिंह व मीना देवी की पुत्री सोनम कुमारी है।

कृति कुमारी को 465 और सोनम कुमारी को 458 अंक प्राप्त हुआ है दोनों छात्राओं के घर खुशी का माहौल है आसपास के लोगो को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार कर रहे है दोनों छात्राओं ने प्रखण्ड, स्कूल, माता पिता और जिले का मानसम्मान बढ़ाई है छात्रा कृति कुमारी ने बताई की उसके पिता किसान जबकि माँ कुशल गृहणी है वह रोजाना 8 घंटे सेल्फ स्टडी और अन लाईन क्लास करती थी वही स्कूल नियमित रूप से जाती थी शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता पिता और भाई के सहयोग से यह सफलता उसने पाई है बताई की वह उसी स्कूल से नवीं, दसवीं की भी पढ़ाई की है दसवीं की परीक्षा में 429 नंबर लाई थी बताई की वह आगे तैयारी कर सरकारी नौकरी करना चाहती है मां कांति देवी ने कही की बेटियां बेटो से किसी भी क्षेत्र में कम नही है ति जैसी पुत्री पा कर वह धन्य हो गई वही पिता ने कहा कि बेटी ने उनका सीना चौड़ा कर दिया है।

दूसरी छात्रा सोनम कुमारी ने बताई की इंटर में उसको 916 प्रतिशत मार्क्स मिले है वह सेल्फ स्टडी, कोचिंग और स्कूल में पढ़कर यह सफलता हासिल की है उसके पिता तमिलनाडु में रहकर मजदूरी का काम कर तीन बहन और एक भाई को अच्छी शिक्षा दे रहे है उसकी दो बड़ी बहने नेहा कुमारी और संध्या कुमारी ने भी पढ़ाई में मदद की है 'गुलरेज बने कांग्रेस अत्यंत पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष, बधाई देने वालों का लगा तांता।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की विशेष बैठक, विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिला उद्योग केन्द्र भवन सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की विशेष बैठक अपर समाहर्ता (लोक शिकायत)शैलेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित की गई। उक्त बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र शुभम कुमार, आरसेटी निदेशक बिपिन कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक, मत्स्य पदाधिकारी, जीविका प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी गण एवं सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वार्षिक ऋण योजना, ऋण-जमा अनुपात, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, पीएमएसवीए निधि, महिला स्वयं सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज, तथा पशुपालन एवं मत्स्य पालन हेतु केसीसी सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री शुभम कुमार ने च्डम्ळच एवं च्डथ्म्ड की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की एवं इस वित्तीय वर्ष के शेष समय में संभावित बैंक वार प्रदर्शन पर चर्चा की गई। जिला साख योजना के अन्तर्गत सभी बैंकों से अपना अपना लक्ष्य पुरा कर जिले का प्रदर्शन बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ने जानकारी दी कि पीएमईजीपी के अंतर्गत अनलाइन प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है तथा अफलाइन प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों का विवरण शीघ्र ही पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अपर समाहर्ता ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रबंधकों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया और कहा कि आम जनता के सहयोग से ही सरकारी योजनाओं को सफल बनाया जा सकता है। सभी बैंक आम जनता तक सरकार प्रायोजित योजनाओं पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि प्राप्त सभी आवेदनों को तत्परता से संबंधित बैंकों को प्रेषित किया जाता है। उन्होंने जीविका के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि जिले के सभी 27 प्रखंडों के दौरे के दौरान उन्हें कहीं से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अगले वित्तीय वर्ष 26-27 के लिए नाबार्ड के च्स्च् बुकलेट का विमोचन किया गया। अंत में, अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

# पुलिस केंद्र मोतिहारी में अग्नि सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित

**मोतिहारी(एन एस बी)।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस केंद्र में आज अगि सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षु सिपाहियों को आधुनिक अगिशमन तकनीकों एवं उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) के साथ फायर विभाग के अधिकारियों ने किया।

प्रशिक्षण में सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी जय जय राम मंडल, सहायक अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी हरेराम कुमार यादव, प्रधान अगिक मनोज चौधरी, प्रधान अगिक पिंटू राय, अगिक अमन राज तथा अगिक चालक भीम कुमार सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान प्रशिक्षुओं को अगि सुरक्षा के ष्टिकोण से वाटर बाउजर के उपयोग एवं उसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही फायर होज, शर्ट ब्रांच और हैंड कंट्रोल ब्रांच जैसे सहायक अगिशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने ।थ्थ्थ्


मकड्रिल कर जागरूक करते अगिशमन विभाग की टीम।

(जलीय परत बनाने वाला फोम) के महत्व पर विशेष जोर दिया, जो ज्वलनशील तरल पदार्थो में लगी आग को बुझाने में अत्यंत प्रभावी होता है। प्रशिक्षण के दौरान इन उपकरणों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिससे प्रशिक्षुओं को वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने की समझ विकसित हो सके।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सिपाहियों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना है। अंत में अधिकारियों ने सतर्कता, संयम और तकनीकी दक्षता के साथ कार्य करने की सलाह दी।

यह पहल भविष्य में अगि दुर्घटनाओं से निपटने में पुलिस बल की तैयारियों को और सुढ़ करेगा।

### ट्रेक्टर की चपेट में आने से इलाज के दौरान एक की मौत

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** सिसवा खरार पंचायत के वार्ड संख्या 15 निवासी व्यास यादव 40 वर्ष ट्रेक्टर पर चढ़ने के दौरान गिरकर बुरी तरह घायल हो गया।ट्रेक्टर उन्हीं का था जिसे गांव के ही एक आदमी चला रहे थे। यह घटना सोमवार सुबह 8 बजे की है। जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर एक ग्रामीण चिकित्सक द्वारा किया जा रहा था। स्थित गंभीर होने के बाद परिजनों को सूचित किया गया। जबकि मृतक के घर की दूरी घटना स्थल से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर है। जब इलाज के दौरान व्यास यादव की स्थिति गंभीर हो गई। तब जाकर परिजनों को बताया गया।परिजन घर लेकर आए तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि समय से घायल होने की सूचना मिलती तो बाहर भी इलाज कराते। इस अप्रत्याशित घटना से परिवार में चीख पुकार मच गया। मृतक के मां, पत्नी, बेटी, पिता व अन्य परिजन रो रोकर बेहाल हो रहे थे। मृतक को एक बेटी व एक बेटा है। थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।मामले में आवेदन प्राप्त नहीं है।आवेदन आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रसोई गैस की कीमत वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का विरोध मार्च, पुतला दहन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्वी चम्पारण जिला कमिटी के अध्यक्ष शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में आज जोरदार प्रदर्शन किया गया। रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और उसकी किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस आश्रम बंजरिया पंडाल से जानपुल चौक तक विरोध मार्च निकाला।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेन्द्र मोदी एवं हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।इस अवसर पर शशि भूषण राय ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जहां रूस और ईरान से सस्ते दर पर कच्चा तेल और गैस उपलब्ध होता था, वहीं अब महंगे दाम पर आयात किया जा रहा है।वहीं जिला प्रभारी मिथलेश कुमार निषाद और पूर्व मंत्री श्याम बिहारी प्रसाद ने कहा कि गैस की उपलब्धता नहीं होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग लंबी कतारों में लगने के बावजूद गैस सिलेंडर नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं।इस विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में संगठन प्रभारी श्री शैलेन्द्र सिंह, प्रो0 विजय शंकर पाण्डेय, डा अफरोज आलम, मो0 अनवर आलम अंसारी, मो0 आबिद हुसैन, महानगर अध्यक्ष रोमा खान, बजेंद्र तिवारी, सत्येनद्र तिवारी, पप्पू मिश्र, चुमन जायसवाल, मो0 अजहर हुसैन, राहुल शर्मा, अजय झा, रमेश सहनी, रघुनाथ गुप्ता, मो0 आबिद मुखिया, सरोज कुमार, गुड्डू सिंह, चन्देश्वर सिंह, प्रसांत कुमार, नन्दकिशोर चौबे , विन्देश्वर सिंह, बृजमोहन सिंह, मनोज कु0 प्रसाद, ब्रजेश श्रीवास्तव, जागाराम शास्त्री, ऋषिकान्त तिवारी, रामबाबू सिंह, संजय यादव, धनंजय तिवारी, रामप्रवेश तिवारी, गणेश केसरी, मो0 नेयाज अहमद खान, अवधेश सिंह, शैलेश ठाकुर, संजीव ठाकुर, रविन्द्र नाथ तिवारी, निरज तिवारी, पिन्टू श्रीवास्तव, पप्पू ठाकुर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।


पुतला दहन करते लोग।

### अहंकार का अंत और भक्ति का संदेश राम-परशुराम संवाद ने बांधा समां

**मोतिहारी(एनएसबी)।** अहंकार मनुष्य के नाश का कारण होता है।राजा जनक के दरबार में बड़े-बड़े राजा महाराजाओं जब पराजय हो गए वहां बाल स्वरूप भगवान श्री राम ने शिव धनुष को तोड़कर माता जानकी के साभ विवाह किया। परशुराम और राम के संवाद के माध्यम से यह दर्शाया गया कि अहंकार के कारण लोग ईश्वर को भी नहीं पहचान पाते हैं। अपना महत्व भूल जाते हैं।सही और गलत की पहचान नहीं कर पाते हैं। भगवान श्री राम ने अपने मधुर वचनों से परशुराम जी के अहंकार को समाप्त कर दिया।उक्त प्रसंग रामलीला के माध्यम से अयोध्या से पधारे संत ठकन मिश्रा ने बहुत ही मार्मिक श्य प्रस्तुत किया। इसके पूर्व में अहिल्या उधर राम सिया का मिलन देख भक्तों ने अपने आंसू को नहीं रोक पाए।भक्ति में समाहित हो गये। अरेराज प्रखंड के जितवारपुर में आयोजित नवदिवसीय श्री शत चण्डी महायज्ञ के पंचम दिवस के अवसर पर भक्त रासलीला का आनंद उठा रहे थे।उक्त अवसर पर व्यास पूजन एवं पंचम दिवस के कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला पार्षद शैलेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू मिश्रा ने किया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रामनिवास पांडे उपाध्यक्ष संदीप पांडे, धनंजय चौबे, चंद्रभूषण पाठक,प्रमोद पांडे, अरविंद दुबे, राधेश्याम शास्त्री, नवनीत शास्त्री, अनमोल शुक्ला, शंकर शास्त्री राहुल शास्त्री यज्ञ के संयोजक संजीव मिश्रा,रामकिशोर प्रसाद चौरसिया, रामू भगत, पिपरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एश्वर्य मिश्रा ने यज्ञ में सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य का संचालन कर रहे हैं। वहीं प्रकाश मिश्रा के के पी चौरसिया, आनंद पांडे,जमुना सा,सोनू ठाकुर, पालतू ठाकुर,सहित पूरे ग्रामीण इस कार्यक्रम का आनंद ले रहा है।

### एसआरएपी कलेज के दैनिक कर्मचारियों ने दिया धरना, पांच माह से वेतन बंद

**चकिया।** स्थानीय एसआरएपी कलेज परिसर में मंगलवार को दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दो दिवसीय धरना दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ हीं कर्मचारियों ने बताया कि अक्टूबर 2025 से अब तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। होली जैसे बड़े पर्व के समय भी वेतन नहीं मिलने के कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और किसी तरह त्योहार मनाना पड़ा। कर्मचारियों का कहना है कि वे पिछले एक व दो दशक से महाविद्यालय में अल्प वेतन पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण अब उनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें नियमित रूप से वेतन भुगतान किया जाए और समान काम के बदले समान वेतन की व्यवस्था लागू की जाए। इसके अलावा उन्होंने सेवा समायोजन करने, स्वीत व रिक्तपदों पर कार्यरत कर्मचारियों का सेवा नियमितीकरण करने सहित अन्य मांगों को भी रखा।धरना के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं की गई तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखने को बाध्य होंगे। मौके पर प्राचार्य राम नरेश पंडित, कमलेश कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, खुशबू कुमारी, अजीत कुमार, राकेश कुमार, रिंकू कुमारी, जय प्रकाश भारती, रेयाज आलम, बिपिन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार यादव, मो मुशाहिद आलम, सुरेश मली, संजीव कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### लोक शिकायत निवारण अधिनियम से उपभोक्ता को राहत

#### 90,449 रूपए का बिजली बिल घटकर 6 रुपया हुआ

**मोतिहारी(एन एस बी)।** बिहार सरकार द्वारा लागू "बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015" के तहत एक बार फिर आम नागरिक को बड़ी राहत मिली है। पूर्वी चम्पारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरसा नगर, छोटा बरियारपुर निवासी परिवादी राजमहल देवी के बिजली बिल विवाद का सफलतापूर्वक निवारण कर दिया गया।परिवाद संख्या-402110216022601270 के तहत राजमहल देवी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नियमित रूप से मासिक विद्युत बिल जमा करने के बावजूद उनके उपभोक्ता संख्या-400526511 पर अचानक ध्90,449 का अत्यधिक बिल जारी कर दिया गया। इस त्रुटि के सुधार के लिए उन्होंने जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, पूर्वी चम्पारण में आवेदन प्रस्तुत किया।शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित लोक प्राधिकार, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मोतिहारी को नोटिस जारी कर मामले में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। जांच के उपरांत पत्रांक-665, दिनांक 18 मार्च 2026 के माध्यम से विभाग द्वारा सूचित किया गया कि गलत रीडिंग प्रविष्टि के कारण बिल में त्रुटि हुई थी।सुधार के बाद पाया गया कि वास्तविक खपत के आधार पर बिल की राशि ध्90,449 से घटाकर मात्र ध्6 कर दी गई है। इस प्रकार ध्90,443 की राशि को संशोधित कर उपभोक्ता को बड़ी राहत प्रदान की गई।इस मामले का त्वरित और पारदर्शी समाधान "बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम-2015" की प्रभावशीलता को दर्शाता है। यह अधिनियम नागरिकों को बिना किसी बिचौलिए के अपनी शिकायत दर्ज कर निर्धारित समय-सीमा में समाधान प्राप्त करने का अधिकार देता है।यह पहल सुशासन और जवाबदेही की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूती प्रदान करती है, जिससे आम जनता का विश्वास शासन व्यवस्था में लगातार बढ़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### तूफान से फसल क्षति पर भाजपा ने सौंपा ज्ञापन, मुआवजे की मांग

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले में 20 मार्च की संध्या आए भीषण व प्रलयंकर तूफान एवं भारी वर्षा से किसानों की फसलों को हुई व्यापक क्षति को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष साजन शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपा के एक शिष्टमंडल ने जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विशेष रूप से गेहूं एवं मक्का की फसल के पूर्ण रूप से नष्ट होने तथा खेतों में खड़ी फसल के गिरकर बर्बाद हो जाने की स्थिति का उल्लेख करते हुए प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने की मांग की गई।भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हुई है। उन्होंने प्रशासन से फसल क्षति का त्वरित आकलन कर प्रभावित किसानों को राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि किसान इस संकट की घड़ी से उबर सकें।इस दौरान शिष्टमंडल में भाजपा महामंत्री शिवभूषण सिंह , जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, प्रवक्ता अभिषेक पाण्डेय , किसान मोर्चा अध्यक्ष अरविंद सिंह एवं सत्तर कटैया मंडल अध्यक्ष मनोरंजन चैधरी उपस्थित रहे।



### गैस सिलेन्डर की कठिनाई व कीमतों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस नें किया विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत अरसी उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को तीन दिवसीय अष्टजाम यज्ञ की तैयारी एवं कलश शोभा यात्रा को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव शर्मा एवं संचालन मेला आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष सोनू कुमार सिंह के द्वारा किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से दिनांक 25-3-26 से 27-3-26 तक आयोजित होने वाले अष्टयाम यज्ञ की तैयारी रुपरेखा एवं 351 कलश यात्रियों के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाले जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। कलश शोभायात्रा अरसी, मैना, माली फतेहपुर होते हुए यज्ञस्थल पर आएगा। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से भक्तिमय माहौल में सम्पन्न कराना समस्त ग्रामीणों की जिम्मेदारी है। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष रमेश साह सचिव-अनोज कुमार, सचिव श्रीराम कुमार, जयकुमार, कौशल कुमार जयकृष्ण यादव ,राजकुमार , सनोज भारती, रमेश शमी. श्रीकांत यादव, अरविंद यादव, दिनेश साह, राहूल साह, राकेश शर्मा, कैलाश यादव, मनोज शर्मा, आशीष यादव सहित सैकड़ों गणमान्य ग्रामीण मौजूद थे।



### खजुराहा पंचायत के परवाहा में न्यायालय के आदेश पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** उच्च न्यायालय पटना के आदेश पर मंगलवार को सोनवर्षा के सीओ जितेंद्र कुमार सिन्हा के अगुवाई में खजुराहा पंचायत स्थित परवाहा गांव में वर्षो से अतिक्रमित अनावाद सर्वसाधारण की 3 एकड़ 10 डीसमल भूमि को दबंगों से मुक्त करा दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में कई थाना के पुलिस बल भी मौजूद थे। दरअसल परवाहा टोला से भवड़ा गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की परती जमीन पर जयनारायण यादव , सूर्यनारायण यादव, प्रेमनारायण यादव समैत 7 परिवारों द्वारा अतिक्रमित कर पक्का कच्चा घरों एवं खेती कर आवागमन बाधित कर रखा था। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीण धीरेन्द्र यादव समैत अन्यों द्वारा उक्त मामले को लेकर पटना हाईकोर्ट में एमजेसी 1848/22 दर्ज कराया गया था।मामले मे उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 23 में खाता संख्या 1263 की जमीन को मुक्त कराने का आदेश दिया गया था। लेकिन बीच के वर्षो में किसी न किसी वजह से उक्त भुमि को खाली कराने का काम टलता जा रहा था। मंगलवार को सदर एसडीओ सहरसा के आग्रह पर आरक्षी अधिक्षक द्वारा उपलब्ध कराए गए 50 महिला बल एवं 100 सशस्त्र बल एवं आरओ सैयद बादशाह, सोनवर्षा थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी, बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार की मौजूदगी में अतिक्रमित भुमि पर निर्मित कच्चे पक्के घर एवं फसलों को बुलडोजर से हटाकर साफ करवा दिया गया।



### रामनवमी शोभायात्रा को लेकर बैठक, शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के महारस स्थित माँ कात्यायनी मंदिर में नवनिर्मित थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी के नेतृत्व में रामनवमी शोभायात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शोभायात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने युवा क्रांति के संरक्षक खगेश कुमार से शोभायात्रा की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने आयोजकों से आपसी सहयोग और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में शोभायात्रा के रूट चार्ट की भी समीक्षा की गई। रूट के अनुसार यात्रा माँ कात्यायनी मंदिर से निकलकर कुशमी, दोहरा पुल, पहलाम, इस्लामिया हाई स्कूल, पहाड़पुर, भटपुरा स्कूल, रंगीनियां, पुरानी बाजार, डाक बंगला चैक, शर्मा चैक और स्टेशन चैक होते हुए सिमरी बख्तियारपुर के हाई स्कूल मैदान में संपन्न होगी। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि जयकांत कुमार, हरिनंदन सिंह, अमेरिकन शर्मा, अमरित कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



### जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**सहरसा (एनएसबी)।** मंगलवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति, निमार्णाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के अद्यतन प्रगति, जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं पीएमसूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सुचारु क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन स्थानीय विकास भवन में किया गया। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में न्यायिक वादों के वर्तमान निष्पादन स्थिति, सरकारी भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की वर्तमान स्थिति, फसल क्षति संबंधित वांछित प्रतिवेदन की प्राप्ति सहित अन्य बिंदुओं के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य उभरकर सामने आया की कुछ अंचलों से फसल क्षति संबंधित प्रतिवेदन अभी तक अप्राप्य है, ऐसे अंचलों को वास्तविक क्षति का आकलन करते हुए, तत्संबंधी प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। आरटीपीएस अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के वर्तमान निष्पादन स्थिति समीक्षा क्रम में इसके समयबद्ध निष्पादन की आवश्यकता पर बल दिया गया हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के वर्तमान प्रगति समीक्षा के क्रम में चल रहे कार्य में तेजी लाते हुए, क्रियान्वित योजना को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अपर समाहर्ता निशांत, अपर समाहता संजीव कुमार चैधरी, अपर समाहता गणेश कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### महारस माँ कात्यायनी मंदिर पहुंचे नवनिर्मित थानाध्यक्ष

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के महारस स्थित माँ कात्यायनी मंदिर में नव पदस्थापित थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी पहुंचे। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने विधि-विधान के साथ माँ कात्यायनी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर वहां स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मंदिर में थानाध्यक्ष के आगमन को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# सहरसा नगर निगम का बजट 2026-27: शहर के विकास को रफ्तार देगा 1036 करोड़ का बजट

आधारभूत सुविधाओं पर फोकस, सफाई से लेकर स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर तक बड़े प्रावधानः महापौर, सड़क, ड्रेनेज, सफाई और पेयजल पर फोकस, हर वार्ड के सुझावों को मिला स्थान।



बजट के दौरान विधायक, महापौर, उप महापौर।



सभी वार्ड कमिश्नर।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** नगर निगम द्वारा मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1036 करोड़ रुपये के बजट प्रस्ताव को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विधायक ई आईपी गुप्ता, महापौर बैन प्रिया, नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा, उप महापौर गुड्डू हयात, कार्यपालक अभियंता, निगम पार्षद सहित अन्य मौजूद रहें। नगर निगम सहरसा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1036 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी बजट पेश किया है। महापौर ने बजट को शहर के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का रोडमैप बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम का लक्ष्य केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि उनका धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।बजट में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान, सड़कों के मरम्मत एवं निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को मजबूत करने और पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। महापौर बैन प्रिया ने कहा कि शहर के विभिन्न वार्डों से प्राप्त सुझावों को शामिल कर बजट को संतुलित और जनहितकारी बनाया गया है।खास कर जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़े प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने पार्षदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर निगम प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचे। महापौर ने भरोसा दिलाया कि पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ निगम कार्य करेगा और शहर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा।सहरसा नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंगलवार को जारी बजट में शहर के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। जलापूर्ति, सड़क, सफाई, आवास, पार्किंग, स्ट्रीट लाइट और शहरी गरीबों के लिए आवास जैसी योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है।बजट के अनुसार जलापूर्ति व्यवस्था के रख-रखाव के लिए 36 लाख रुपये, जबकि आपातकालीन मरम्मत एवं ओ एंड एम कार्यों के लिए 92 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं।वहीं, नगर निगम कार्यालय के आधुनिकीकरण के तहत फर्नीचर, कंप्यूटर व आईटी उपकरणों पर 2-2 करोड़ रुपये तक खर्च का प्रस्ताव है। शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पर 18 करोड़ रुपये का बड़ा प्रावधान किया गया है। इसके अलावा ड्रेनेज सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और लेगेसी वेस्ट हटाने पर भी करोड़ों रुपये खर्च किए जाएंगे। सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव और निर्माण के लिए भी अलग से बजट तय किया गया है।सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के तहत पथ-निर्माण, पावर ब्लॉक, पुलिया और नालों की मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया गया है। कंक्रीट सड़क निर्माण और प्रमुख सड़कों के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये तक का प्रावधान रखा गया है। वहीं, शहर में पार्किंग व्यवस्था सुधारने, बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड विकसित करने की योजना भी शामिल है।शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला आवास योजना पर 5 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 51 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।इसके अलावा स्लम विकास, सामुदायिक भवन, टाउन हॉल और स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण पर भी बजट खर्च किया जाएगा। स्मार्ट सिटी जैसी सुविधाओं की दिशा में भी कदम बढ़ाए गए हैं। एलईडी स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट, कंट्रोल रूम व सर्विलांस सिस्टम, जल एटीएम और फाउंटेन निर्माण जैसी योजनाएं शामिल हैं। नगर निगम ने बाजार, मॉल और वेंडिंग जोन के विकास के लिए भी बड़े स्तर पर निवेश की योजना बनाई है, जिससे स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. कुल मिलाकर यह बजट शहर को साफ, व्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।नगर निगम प्रशासन का दावा है कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सहरसा को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## चैती छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं ने अस्तांचलगामी सुर्य को चढाया अर्घ्य



चैती छठ महापर्व पर उमड़े श्रद्धालु।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** चैत शुक्ल पक्ष में आयोजित कठिन चैती छठ के अवसर पर प्रकृति के साक्षात व प्रत्यक्ष देवता, सृष्टि संचालक भगवान भास्कर की पूजा अर्चना व लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का मंगलवार को सायंकालीन अर्घ्य दिया गया। बुधवार को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ चैती छठ पर्व का समापन होगा।चार दिवसीय छठ महापर्व के संध्या अर्घ्य शहर के शंकर चैक सहित अन्य घाट एवं घरों में भगवान भास्कर को श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया। विधि-विधान से सूयोर्पासना एवं अर्घ्य के बाद व्रतियां व श्रद्धालु अपने-अपने घरों की ओर लौटे। लोक आस्था का महापर्व छठ का शुभारंभ 22 मार्च को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ था। इसके अगले दिन 23 मार्च को खरना का व्रतियों ने व्रत रखा। खरना पूजा के बाद 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू हुआ।वही मंगलवार की शाम छठ घाटों पर व्रतियों ने अस्तांचलगामी सूरज को अर्घ्य दिया।छठ व्रतियां हाथ में सूप लिए पूजा में तल्लीन थी।अगल-बगल खड़े परिवार के सदस्यों ने लोटे में जल एवं दूध भरकर सूर्य देवता को अर्घ्य दिया। जो पानी के अंदर नहीं पहुंच सके, वो सभी एक के पीछे एक कतार में खड़े हो एक दूसरे को स्पर्श कर अर्घ्य देने की प्रक्रिया पूरी की।कोई पानी से तो कोई दूध से अर्घ्य देते दिखे। समितियों द्वारा श्रद्धालुओं को अर्घ्य के लिए गाय का दूध व अगरबत्ती भी दी गयी।छठ व्रतियों ने बताया कि चैती छठ में व्रतियों के लिए काफी विकट समय रहता है। उसके वाबजूद लोग पुरे नियम निष्ठा श्रद्धा, विश्वास एवं समर्पण के साथ मनाते हैं। जिसके कारण षष्ठी माता एवं सुर्य भगवान की कृपा से पुरे परिवार में सुख शांति, समृद्धि तथा धन्य धान व संतान की प्राप्ति होती है।

### छठ पूजा उत्साह से मनाई, डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के कुशमी सहित विभिन्न गांवों में मंगलवार को चैती छठ पूजा श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर व्रती महिलाओं और पुरुषों ने पूरे विधि-विधान के साथ डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। घाटों की सुबह से ही साफ-सफाई और सजावट की गई थी, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। संध्या समय व्रती पानी में खड़े होकर सूर्य देव की आराधना करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और संतानों की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान छठ गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा ग्रामीण घाटों पर मौजूद रहे। पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अब व्रती बुधवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण करेंगे।



## जिला परिषद द्वारा 21 करोड़ चार लाख 90 हजार 99 रुपये का बजट प्रस्ताव पारित, 33 लाख 37 हजार 76 रुपए के बचत का बजट

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला परिषद की सामान्य बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में चेयरमैन किरण देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आय व्यय पर चर्चा के अलावे विभिन्न समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई।बैठक में 33 लाख 37 हजार 76 रुपए के बचत का बजट पेश किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त गौरव कुमार ने आय एवं व्यय का बजट पेश किया।उन्होंने जिला परिषद को विभिन्न मदों से होने वाले आय एवं व्यय की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि जिला परिषद के विभिन्न मदों से 21 करोड़ चार लाख 90 हजार 99 रुपये की आमदनी होगी जबकि विभिन्न मदों में 20 करोड़ 71 लाख 53 हजार 23 रुपये खर्च का अनुमान है।प्रस्तावित बजट में 33 लाख 37 हजार 76 रुपए की बचत होगी। जिसपर सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से बजट को अपनी स्वीकृति दी।वहीं उन्होंने बजट चर्चा के दौरान विभिन्न समितियों के गठन की जानकारी दी एवं उसके नामित सदस्य की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला परिषद मद से परिसंपत्तियों के राख रखाव एवं मरम्मती योजना पर 20 लाख व्यय रखा गया है। इसके अलावे कर्मचारियों के वेतन, भविष्य निधि अंशदान, संविदा कर्मियों पर व्यय, सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवांत लाभ सहित अन्य मद में राशि का खर्च अनुमानित है।बैठक में उपसभापति धीरेंद्र यादव ने अधिकारियों के समक्ष विभिन्न समस्याओं को रखा. वहीं जिप सदस्य रोजी खान ने पिछले दिनों आए आंधी एवं वर्षा से मक्का, गेहूं, आम, लीची के फसल को हुई बड़ी क्षति का मामला उठाया।बैठक में कार्यपालक अभियंता सिंचाई, कार्यपालक अभियंता एलईओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद्र, कार्यपिलक अभियंता विद्युत अमित कुमार, सिविल सर्जन, जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रधान लिपिक राजीव कुमार झा, मो गन्नी सहित जिला परिषद सदस्य अनिल भगत, अमोल यादव, विनीत कुमार विड्डू, मनोज दास, मिथिलेश राणा, संतोष यादव, रोजी खान, नेहा कुमारी, अनीता देवी, मनिया देवी, रेणू देवी, गुड़िया कुमारी गरिमा, केंदुला देवी, सपना कुमारी, वीणा देवी, इंद्रकला देवी, गजला सुवाब, ललिता देवी, मधुलता कुमारी, कहरा प्रखंड प्रमुख रचना प्रकाश, सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड प्रमुख रूबाव गजला प्रवीण सहित अन्य मौजूद थे।



बैठक में चेयरमैन किरण देवी व अन्य पार्षद।

## दो दिनों से लापता 16 वर्षीय किशोर का शव घर के सामने पोखर में तैरता हुआ मिला, षोक में दादा ने भी तोड़ा दम, गांव में मातम



**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के बलवाहाट थाना क्षेत्र में दो दिनों से लापता 16 वर्षीय किशोर का शव मंगलवार को उसके घर के सामने स्थित पोखर में तैरता हुआ मिला। इस घटना के सदमे में किशोर के 65 वर्षीय दादा की भी मौत हो गई। मृतक किशोर की पहचान चपराव गांव निवासी भूपेन सादा के पुत्र शिवधन कुमार के रूप में हुई है, जबकि उनके दादा का नाम बंगाली सादा था। शिवधन कुमार बीते रविवार को सुबह पौने 11 बजे घर से खेलने के लिए निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने बलवाहाट थाना में किशोर की बरामदगी के लिए लिखित आवेदन दिया था। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने घर के समीप पोखर में एक शव तैरता देखा। पास जाकर पहचान करने पर वह लापता शिवधन कुमार का निकला। सूचना मिलते ही बलवाहाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। लापता किशोर की तलाश के बीच ही उसके दादा बंगाली सादा (65 वर्ष) की तबीयत बिगड़ गई थी। मंगलवार को जैसे ही उन्हें अपने पोते का शव पोखर में मिलने की खबर मिली, वे सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सके और उन्होंने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार में कुछ ही घंटों के अंतराल पर दादा और पोते की मौत से गांव में शोक की लहर फैल गई है। घटना की खबर मिलते ही प्रखंड प्रमुख शबनम कुमारी, मुन्ना भगत, पंसस परितोष कुमार अंशु, गुलशन मल्लिक सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की। स्थानीय विधायक संजय सिंह ने भी घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने कार्यकत्त्राओं को पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बलवाहाट थानाध्यक्ष राजू कुमार ने कहा कि डूबने से एक किशोर की मौत हुई है।

## यक्ष्मा दिवस पर डीएम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली का किया शुभारंभ



जागरूकता रैली को रवाना करते डीएम।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर समाहरणालय से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया।यह रैली समाहरणालय से प्रारंभ होकर रमेश झा महिला कॉलेज,जिला स्वास्थ्य समिति, सहरसा होते हुए सदर अस्पताल, सहरसा में समाप्त हुई। उक्त रैली में जीएनएम, एएनएम एवं पारा मेडिकल के छात्र-छात्राओं द्वारा टीबी की रोकथाम से संबंधित विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा ह्लटीबी मुक्त भारतह्व अभियान के लिए हैंड होल्ड एक्सरे मशीन के गाड़ी को हरी झंडी तथा टीबी रोगियों के इलाज एवं जांच से संबंधित सुविधाओं की जानकारी दी गई।इस आधुनिक तकनीक से युक्त मशीन को आज से ही विभिन्न क्षेत्रों में भेजा जाएगा, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के माध्यम से टीबी रोग की शीघ्र पहचान एवं समय पर उपचार संभव हो सकेगा।साथ ही, आज से सहरसा जिले में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान की विधिवत रूप से शुरूआत की जाएगी। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के प्रत्येक प्रखंड के लिए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से उच्च जोखिम समुदाय वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर टीबी मरीजों की पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। जिलान्तर्गत फर्स्ट लेन ईलाजरत यक्ष्मा रोगियों की संख्या -5087 सरकारी एवं प्राइवेट है, जबकि द्वितीय लेन ईलाजरत यक्ष्मा रोगियों की संख्या 25 है।सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी रोगियों के लिए मुफ्त जांच एवं निःशुल्क दवा उपलब्ध है। साथ ही, एच.एल.एफ.पी.पी.टी. के जिला सहयोगियों के माध्यम से उच्च जोखिम क्षेत्रों में सक्रिय खोज अभियान एसीएफ चलाकर टीबी नियंत्रण को और सशक्त बनाया जाएगा।जिला यक्ष्मा केंद्र के संचारी रोग पदाधिकारी ने कहा कि टीबी का समय पर इलाज शुरू करने एवं पौष्टिक आहार लेने से इस बीमारी पर पूर्ण नियंत्रण पाया जा सकता है। एक टीबी मरीज लगभग 15 अन्य लोगों को संक्रमित कर सकता है, इसलिए जागरूकता एवं समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2030 तक टीबी पर पूर्ण रूप से नियंत्रण प्राप्त कर लिया जाएगा।उक्त कार्यक्रम में डॉ हरी शेखर भारती,प्रभारी सिविल सर्जन, डॉ एस के आजाद, संचारी रोग पदाधिकारी विनय रंजन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सनोज कुमार, जिला लेखा प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला यक्ष्मा कार्यालय से सभी कर्मी सहित डब्लूएचपी से प्रवीण कुमार मिश्रा तथा एचएलएफ पीपीटी से मो ईमरान, प्रिंस राज,अश्वनी सहित अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे।

# सुपौल जिले की विकास में बैंकों की भागीदारी को लेकर की गई समीक्षा बैठक, दिए गए दिशा निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)** । समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में सच्चिदानंद सुमन, अपर समाहर्ता, सुपौल की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के विकास में बैंकों की भागीदारी और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करना था।

जिसमें बैंकिंग कामकाज और ऋण वितरण की स्थिति , वार्षिक ऋण योजना जिले में दिसंबर 2025 तक अपने वार्षिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत 2,30,615 लाख रुपये प्राप्त कर लिया है।

जिले का औसत सीडी रेशियो 68 प्रतिशत रहा है। अपर समाहर्ता ने आईडीबीआई 29 प्रतिशत और पीएनबी 39 प्रतिशत जैसे बैंकों को निर्देश दिया कि वे जमा राशि के अनुपात में ऋण वितरण बढ़ाकर स्थानीय लोगों को अधिक आर्थिक लाभ पहुँचाएं ।

जिन बैंकों का प्रदर्शन औसत से बहुत कम रहा है उन्हें अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने और ऋण वितरण में तेजी लाने को कहा गया है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रगति कृषि और एमएसएमई खेती कृषि क्षेत्र में अब तक 61 प्रतिशत उपलब्धि हासिल हुई है। हालांकि, मत्स्य पालन में प्रगति मात्र 0.27 प्रतिशत रहने और अधिकांश बैंकों की उपलब्धि शून्य रहने पर चिंता व्यक्त की ।



बैठक में शामिल बैंक प्रबंधक।



बैठक में शामिल अपर समाहर्ता ।

पशुपालन के क्षेत्र में 20 प्रतिशत उपलब्धि रही है, जिसे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। मुद्रा लोन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों में 48 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हुआ है। मुद्रा लोन के तहत भेजे गए 319 आवेदन अभी भी लंबित हैं, जिन्हें जल्द स्वीत करने का आग्रह किया गया है।

सरकारी योजनाओं में लंबित आवेदनों का निपटारा , अपर समाहर्ता ने विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं में लंबित आवेदनों पर कड़ा रुख अपनाया है ।

इसी प्रकार अन्य लोन योजना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । सभी बैंकों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की है कि वे प्रत्येक माह के दूसरे सप्ताह में बुधवार के दिन जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर विशेष बैंकिंग कैंप का आयोजन करेंगे । इन कैंपों के माध्यम से बैंकिंग योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और आम नागरिकों को मौके पर ही बैंकिंग सुविधाओं और ऋण का लाभ दिया जाएगा ।

स्पष्ट किया गया कि लंबित आवेदनों का अगले 15 दिनों में निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा ताकि जिले का विकास बाधित न हो । उक्त बैठक में वरीय उप समाहर्ता बैंकिंग, सुपौल, मुकेश कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सुपौल, राजीव कुमार झा, डीडीएम नाबार्ड, सहित सभी बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## पिस्तौल के बल पर वाहन चालकों से कर रहे थे लूटपाट, गिरफ्तार

**राघोपुर (सुपौल )(एनएसबी)** । थाना क्षेत्र के दौलतपुर हटिया पुल के पास सोमवार शाम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कथित रेपो एजेंट को लोडेड देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपी की पहचान दौलतपुर वार्ड 5 निवासी सुमन मंगरदैता 24 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने बाद में एक अन्य आरोपी अखलेश कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । जबकि चार अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

डायल 112 की सूचना पर पहुंची थी पुलिस : राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय के अनुसार, डायल 112 से सूचना मिली थी कि दौलतपुर हटिया पुल के पास कुछ युवक आपस में गाली-गलौज और मारपीट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन को देखते ही सभी युवक भागने लगे, जिनमें से एक को खदेड़कर पकड़ लिया गया।

पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल बरामद की गई। मैगजीन में पांच जिंदा कारतूस भी मौजूद थे। पूछताछ में आरोपी ने अपने फरार साथियों की पहचान ऋषभ झा, बमबम यादव, अखलेश कुमार और सिंटू कुमार बताया है ।



जेल जाते अपराधी।

हथियार के बल पर लूटपाट का खुलासा : पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूल किया कि वे सभी मिलकर राहगीरों को हथियार के बल पर रोककर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते है । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिया है और सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

मामले में पीड़ित मो आलम गोविंदपुर, प्रतापगंज ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे वह अपनी बाइक से बहन को लाने जा रहा था। दौलतपुर में सुमन मंगरदैता ने उसे रोककर लोन की किस्त देने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने पिस्टल दिखाकर उसे बाइक से उतार दिया और बेल्ट से बेरहमी से पिटाई की, फिर उसकी बाइक लूटकर फरार हो गया।

घटना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि अन्य फरार हो गए। बाद में छापेमारी के दौरान अखलेश कुमार को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

इलाके में बना चर्चा का विषय, पुलिस सक्रियता की हुई प्रशंसा : घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि फरार आरोपियों ने भागने के दौरान पुलिस पर हथियार भी तान दिया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फर्जी रेपो एजेंसियों के नाम पर कई युवक वाहनों को रोककर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं सूचना बाद पुलिस प्रभावी कार्रवाई कर दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है लोगों ने यह भी कहा कि पुलिस को सक्रियता बढ़ानी चाहिए । वहीं थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से बरामद पिस्टल और कारतूस जब्त कर लिए गए हैं। मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## त्रिवेणीगंज में रामनवमी को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**सुपौल (एनएसबी)** । रामनवमी को लेकर मंगलवार को थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के द्वारा मुख्यालय क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया, फ्लैग मार्च थाना प्रांगण से निकलकर मुख्यालय क्षेत्र के सभी मुख्य मार्गो एवं टोले मुहल्ले का भ्रमण करते पुनः थाना प्रांगण में सम्पन्न लोटे । मौके पर एएसआई ज्योति प्रसाद सहित थाने के अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे ।



फ्लैग मार्च में शामिल बिहार पुलिस के जवान।

बता दें कि ईद की तरह रामनवमी पर्व को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सजग है । जुलूस का लाईसेंस निर्गत किया गया है जिसमे नियम कायदे दिए गए हैं जिसका उलंघन करने पर कार्रवाई निश्चित है ।

## खबरें : एक नजर में

### घरेलू गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस का विरोध मार्च, प्रधानमंत्री का जलाया पुतला

**सुपौल (एनएसबी)** । जिला कांग्रेस कमेटी सुपौल द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यनारायण मेहता की अध्यक्षता में विरोध मार्च का आयोजन किया गया जो शहर के मुख्य चौराहा से गुजरते हुए स्थानीय लोहिया नगर चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया । बता दें कि एलपीजी गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी के विरोध में इस मार्च का आयोजन किया गया था । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष विमल कुमार यादव ने कहा कि वर्तमान समय में आम उपभोक्ता गैस सिलेंडर के लिए परेशान है एक तो इसकी कीमत बढ़ा दी गई है सरकारी दावे के विपरीत कालाबाजारी से सिलेंडर बिक रहे है । आम उपभोक्ताओं को घंटो - घंटो लाइन में लगना पड़ता है। परेशानी को देखते हुए आम जनमानस कालाबाजारी से खरीदने को मजबूर है। जिला अध्यक्ष ने कहा की जबतक सुचारू और सुलभ ढंग से होम डिलीवरी की व्यवस्था नहीं हो होती तबतक कालाबाजारी पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता, एलजी की कमी के कारण आम वस्तुओं की कीमत आसमान छूने लगी है, यह प्रदर्शन तो टोकन है अविलंब हालत में सुधार नहीं हुआ तो हम इस लड़ाई को सड़क पर लड़ने को बाध्य होंगे जिसकी जवाबदेही सरकार और प्रशासन की होगी। प्रदर्शन और पुतला दहन में मुख्य रूप से जयप्रकाश चौधरी, बेन रहमानी, शत्रुघ चौधरी, जितेंद्र झा, संजीव यादव, परमेश्वरी सिंह यादव, पीतांबर पाठक, जगदीश गुप्ता, शिवनंदन यादव, कौशल यादव, महेश पांडे, मोहम्मद सगीर आलम, संजीव सिंह, अभय तिवारी, प्रमोद यादव, मोहम्मद उस्मान, संजीव सिंह, परमानंद यादव, संजय यादव, दिवाकर कुमार, जितेंद्र यादव, रामचंद्र सिंह, पप्पू वर्मा, मनोज यादव, अबू कैश, दिनेश शाह, नागेश्वर यादव, शंभू यादव, मोहम्मद अफरोज आदि शामिल थे।




प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता।

### विश्व यक्ष्मा दिवस पर राघोपुर में जागरूकता रैली जन-जन का रखें ध्यान, टीबी मुक्त भारत का संदेश

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । रेफरल अस्पताल राघोपुर परिसर में मंगलवार को विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को क्षय रोग (टीबी) जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना और इसके इलाज से जुड़ी सरकारी सुविधाओं की जानकारी देना था। रैली में स्वास्थ्य प्रबंधक नोमान अहमद, बीसीएम शादाब अली, वरीय उपचार पर्यवेक्षक अजय कुमार वर्मा, लैब टेक्नीशियन संजीव कुमार साह सहित कई स्वास्थ्य कर्मी और दर्जनों आशा कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने मिलकर टीबी मुक्त भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। रैली अस्पताल परिसर से निकलकर आसपास के क्षेत्रों में गई, जहां लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि सरकार द्वारा टीबी मरीजों को मुफ्त जांच और दवा की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जिससे इस बीमारी का समय पर और प्रभावी इलाज संभव है। साथ ही, 'निक्षय पोषण योजना' के तहत मरीजों को इलाज के दौरान हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाती है, ताकि वे बेहतर पोषण प्राप्त कर सकें और जल्दी स्वस्थ हो सकें। इसके अलावा यह भी जानकारी दी गई कि यदि कोई निजी चिकित्सक टीबी मरीज की पहचान कर उसे सरकारी पोर्टल पर नोटिफाई करता है, तो उसे प्रति मरीज 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस अवसर पर कन्हैया राय, नरेश दास, सोनु सिंह, प्रशांत झा, अरविंद कुमार, एएनएम रानी कुमारी समेत आशा कार्यकर्ता शशिलता कुमारी, मंजू कुमारी, चुन्नी कुमारी, अंशु कुमारी और गीता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के माध्यम से टीबी के खिलाफ सामूहिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया।




रैली में शामिल स्वास्थ्य कार्यकर्ता।

### वीरपुर पुलिस ने शराब के नशे में एसएसबी जवान सहित अन्य को किया गिरफ्तार

**वीरपुर (एनएसबी)** । वीरपुर पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत सोमवार की शाम शराब के नशे की हालात में एसएसबी जवान को गिरफ्तार किया है। वही दो अन्य वारंटी को भी गिरफ्तार की गयी। पियक्कड़ एसएसबी जवान की पहचान संजय सिंह के रूप में हुई है, जिसकी गिरफ्तारी कोसी कलोनी वार्ड 2 से हुई है। वारंटी जितेंद्र पासवान रानी पट्टी वार्ड 1 निवासी एवं रामाधीन सादा बलभद्रपुर वार्ड 2 निवासी के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राज किशोर मंडल सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।



जेल जाते एसएसबी जवान व अन्य।

## रामनवमी व चैती छठ को लेकर निकाला फ्लैग मार्च, सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम

**सुपौल (एनएसबी )** । रामनवमी एवं चैती छठ पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को भीमनगर एवं वीरपुर थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस बल ने वीरपुर एवं भीमनगर बाजार, चौक-चौराहों एवं संवेदनशील इलाकों में भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने किया। पुलिस ने लोगों से अपील किया कि वे त्योहार के दौरान शांति एवं भाईचारा बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर भी निगरानी रखी जा रही है। इस मौके पर वीरपुर थानाध्यक्ष राज किशोर मंडल, भीमनगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एसआई त्रिलोकी नाथ प्रसाद समेत अन्य पुलिस बल मौजूद थे ।



फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारी।

## राघोपुर में रामनवमी को लेकर पांच स्थानों से निकलेगी शोभायात्रा, प्रशासन ने किए इंतजाम

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी )** । थाना क्षेत्र में रामनवमी पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के कुल पांच प्रमुख स्थानों से शोभायात्रा निकालने के लिए प्रशासन द्वारा विधिवत लाइसेंस जारी किया गया है। इन स्थानों में सिमराही नगर पंचायत स्थित राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी, गनपतगंज बजरंगबली मंदिर, हुलास युवा सनातनी मंच, गद्दी राम-जानकी ठाकुरबाड़ी तथा राम विशनपुर हुसैनाबाद के श्री राम दरबार मंदिर शामिल हैं।

सिमराही की शोभायात्रा राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी से प्रारंभ होकर एनएच-27 मार्ग होते हुए पुराना सिनेमा हल, हाट गोल बाजार, जेपी चौक, करजाइन रोड, अस्पताल रोड, गांधी नगर होते हुए पुनः ठाकुरबाड़ी लौटेगी। वहीं हुलास की शोभायात्रा महादेव दुर्गा स्थान से निकलकर कुम्हार टोला, ब्राह्मण टोला, अनंत चौक, चम्पानगर, राधानगर दुर्गा मंदिर और छोटा गद्दी होते हुए वापस अपने प्रारंभिक स्थल पर पहुंचेगी।




रामनवमी पर अलर्ट मोड में पुलिस।

राम विशनपुर हुसैनाबाद की यात्रा वार्ड 11 से प्रारंभ होकर दीनानगर एवं वार्ड 12 का भ्रमण करते हुए पुनः राम दरबार मंदिर लौटेगी। गद्दी क्षेत्र की शोभायात्रा गद्दी चौक से शुरू होकर राधानगर, सुखदेव चौक, मुरारी चौक होते हुए राघोपुर से सिमराही ठाकुरबाड़ी मंदिर तक जाएगी और फिर राम-जानकी मंदिर गद्दी वापस आएगी। गनपतगंज की शोभायात्रा मुख्य बाजार, पिपरा एनएच-106 मार्ग, मारवाड़ी टोला, गोल बाजार और दुर्गा मंदिर होते हुए पुनः लौटेगी।

कार्यक्रम की तिथियों की बात करें तो 26 मार्च को राम विशनपुर हुसैनाबाद से शोभायात्रा निकाली जाएगी, 27 मार्च को गनपतगंज और हुलास से, जबकि 28 मार्च को सिमराही और गद्दी से शोभायात्राएं आयोजित होंगी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि सभी शोभायात्राओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। विभिन्न चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

## रामधुनि कार्यक्रम में नेपाल की महिला कलाकारों का लोगों ने किया प्रशंसा

**सुपौल (एनएसबी)** । प्रखंड के जोल्हनियां वार्ड 4 स्थित ब्रह्म स्थान में मंगलवार को आयोजित अखंड रामधुनि कार्यक्रम में नेपाली महिला कलाकारों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में महिला कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति के बुलावे पर पहुंची मंडली प्रभारी रंजीता चौधरी के नेतृत्व में नेपाली महिला कलाकारों ने रामधुनि कीर्तन में भाग लिया। जिसमें उन्होंने भगवान राम की स्तुति सहित हरे राम हरे कृष्ण की धुन पर बेहतर प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा और तालियों से उनका अभिनंदन किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया प्रत्येक वर्ष इस धार्मिक स्थल पर धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है । इस वर्ष भी अखंड दो दिवसीय रामधुनि का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों सहित नेपाल से महिला मंडली को बुलया गया है। महिला मंडली में नृत्यांगनाओं ने विभिन्न गीतों के धुन पर झाकी निकाली और अपने नृत्य कला से दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन समिति के सदस्य राहुल कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार साह, प्रमोद ठाकुर संतोष मंडल, संजय कुमार, सुनील कुमार, चंदन कुमार सहित ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने कोसी बराज घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भारत-नेपाल के श्रद्धालुओं ने बराज छठ घाट पर एक साथ मनाया पर्व

**वीरपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । लोक आस्था का महापर्व चैती छठ को लेकर छठ घाट पर श्रद्धांलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है । यह तश्वीर वीरपुर कोसी बराज घाट का है, । जहां नेपाल और भारतीय प्रभाग के छठ वती एक साथ बराज के कोसी नदी छठ घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे हैं। आज असताँचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया । इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालू आस्था और विश्वास के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया है । जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय देखा गया छठ व्रती दोपहर से ही छठ घाट पर पहुँचने लगे, । माथे पर सजा दउरा, हाथों में प्रसाद और होठों पर गूंजते पारंपरिक छठ गीत ने पुरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। छठ वती को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसको लेकर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कोसी बराज के घाटों पर विशेष निगरानी, गोताखोरों की तैनाती और स्वयंसेवकों की सक्रियता से श्रद्धालुओं को सुरक्षित माहौल मिला। घाटों की साफ-सफाई, रोशनी और सजावट ने इस पावन अवसर की भव्यता को और बढ़ा दिया। सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महान पर्व सम्पन्न हो गया ।



घाट पर उमड़ी श्रद्घालुओ की भीड़।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**बेलदौर ।** मारपीट के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर नामजद को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति कजरी पंचायत के गवास बिंद टोली निवासी सकलदेव सिंह बताया गया है। पुलिस ने इस मामले में बेलदौर थाना कांड संख्या संख्या 92/26 दर्ज किया था। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### स्ट्रीट लाइट लगाने में मनमानी करने का किया शिकायत

**चौथम ।** रोहियार पंचायत वार्ड नंबर 8 के वार्ड सदस्य ने महज चार स्ट्रीट लाइट लगाने का आरोप लगाया है। वार्ड सदस्य ने प्रखंड कार्यालय को दिए आवेदन में मुखिया, पंचायत सचिव और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ शिकायत की है। आवेदन में वार्ड सदस्य ने कहा है कि बिहार सरकार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के आदेशानुसार प्रत्येक वार्ड में 10 सोलर लाइट लगाने हैं, इसके बावजूद 8 नंबर वार्ड में सिर्फ चार लाइट लगाकर बाकी 6 लाइटें पंचायत सचिव, मुखिया एवं ठेकेदारों ने गायब कर दिया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि बार-बार पूछने पर भी सही बात बताने से संबंधित ठेकेदार, पंचायत सचिव और मुखिया परहेज कर रहे हैं। वार्ड सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से निवेदन किया गया है कि चिह्नित सूची को देखते हुए लाइट लगवायी जाय ताकि वार्ड नंबर आठ की जनता को उसका हक मिल सके। साथ ही लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने का आग्रह भी किया गया है।

### जलजमाव होने से लोग परेशान, नाला निर्माण की मांग

**पसराहा ।** महद्दीपुर वार्ड 2 में जलजमाव की विकराल समस्या ने ग्रामीणों की मुश्किलों को काफी बढ़ा दिया है। आलम यह है कि सोंडीहा से महद्दीपुर बाजार को जोड़ने वाली मुख्य सड़क हल्की बारिश होते ही तालाब में तब्दील हो जाती है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर जमा गंदा पानी हफ्तों तक नहीं सूखता, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क के दोनों ओर पक्के नालों का निर्माण करा दिया गया होता, तो आज यह दयनीय स्थिति उत्पन्न नहीं होती। वर्तमान स्थिति में पैदल चलने वाले राहगीरों, विशेषकर महिलाओं और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को कीचड़युक्त पानी से होकर स्कूल जाना पड़ता है, वहीं महिलाओं के लिए दैनिक घरेलू कार्यों हेतु बाजार आना-जाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। इस गंभीर समस्या के बीच, चौती दुर्गा मेला के निरीक्षण हेतु पहुंचे जिला पदाधिकारी नवीन कुमार और परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही जलजमाव का मुआयना किया और संबंधित विभाग को जल्द से जल्द नाला निर्माण कराने का सख्त निर्देश दिया है ताकि क्षेत्रवासियों को इस नारकीय स्थिति से निजात मिल सके।

### राजकीय पॉलिटेक्निक का छात्र-छात्राओं ने किया भ्रमण



**पसराहा ।** बिहार दिवस के अवसर पर जिले के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित हेरिटेज वॉक, म्यूजियम, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज, नेचर सफारी एवं जू भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में सोमवार और मंगलवार को विशेष उत्साह देखा गया। इस दौरान महद्दीपुर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक खगड़िया में हरिवंश नारायण उच्च विद्यालय महद्दीपुर बन्देहरा, मध्य विद्यालय बन्देहरा, यूएचएस बन्देहरा, मध्य विद्यालय महद्दीपुर और मध्य विद्यालय झंझरा के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को संस्थान के अकादमिक भवन, कर्मशाला और छात्रावास का भ्रमण कराया गया। संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं में उन्हें असैनिक, विद्युत, यांत्रिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से संबंधित अत्याधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को कंप्यूटर लैब, बिहार कौशल विकास मिशन के तहत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम और लैंग्वेज लैब की सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। विशेष आकर्षण का केंद्र संस्थान की थ्री-डी प्रिंटिंग लैब रही, जहां विद्यार्थियों ने थ्री-डी प्रिंटिंग मशीन से निर्मित विभिन्न मॉडलों को देखा। परिसर में स्थित ओपन जिम को देखकर बच्चे अत्यंत उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न संकायों के व्याख्याताओं और प्रयोगशाला सहायकों ने बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि इस पहल से बच्चों में सीखने के प्रति भारी उत्साह है। इस दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में कुल 257 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### बजट को लेकर वार्ड पार्षदों ने की बैठक



**बेलदौर ।** नगर पंचायत बेलदौर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर वार्ड पार्षदों की बैठक हुई। इसमें आगामी वर्ष के लिए विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं और बजट प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं वार्ड समितियों के माध्यम से विभिन्न विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बताते चलें कि 128 करोड़, 64 लाख 96 हजार 77 रुपये की लागत से नगर पंचायत क्षेत्र का विकास किया जाएगा। सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विकास कार्यों के सुचारू संचालन के लिए वार्ड समितियों के प्रस्ताव को शामिल किया गया है। बैठक में चेयरमैन ममता कुमारी, उप चेयरमैन प्रतिनिधि सूरज कुमार, वार्ड पार्षद नीतू कुमारी, अर्चना कुमारी, बीना देवी, गौरव कुमार, बेबी देवी उपस्थित हुए। वहीं नाराज चल रहे सुभाष मिस्त्री, बबलू कुमार समेत 9 वार्ड पार्षद बैठक में नहीं उपस्थित हुए। वार्ड पार्षद सुभाष मिस्त्री का ने कहा कि हम लोगों ने बैठक का बहिष्कार किया है। हालांकि कार्यपालक पदाधिकारी अमर प्रकाश ने बताया कि कोरम पूरा होने के कारण बैठक संपन्न हो गयी।

### एम्बुलेंस ड्राइवर के बेटे ने किया गोगरी पंचायत का नाम रौशन

**गोगरी ।** गोगरी पंचायत निवासी मिथिलेश पटेल के पुत्र रोहन कुमार ने इंटरमीडिएट कला संकाय में 430 अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। हालांकि रोहन के लिए यह अंक भी कम है और वह बिहार टॉपर बनना चाहता था लेकिन उनके अनुसार उनके प्लान पर पानी फिर गया। रोहन आगे चलकर सिविल सर्विस की तैयारी करना चाहता है ताकि गरीबों की सहायता कर सके। रोहन के पिता एम्बुलेंस ड्राइवर हैं जबकि मां गृहिणी है और एक छोटा-मोटा दुकान भी खोल रखी है। रोहन दुकान में अपनी मां का हाथ भी बंटाता था। उसकी इस सफलता पर गोगरी के आयुष पटेल उर्फ राजा, संजय उपाध्याय, अमित मिश्रा, पियूष कुमार, राहुल कुमार, अभय कुमार, रवि पाठक, मंजेश पटेल आदि ने बधाई दी है।

# मशहूर फनकार अल्तमश फरीदी के सुरों पर झूमा खगड़िया





जेएनकेटी स्टेडियम में सुरों की महफिल सजाते अल्तमश फरीदी (बाएं) और अन्य कलाकार।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज करते विधायक, जिलाधिकारी व अन्य।

**नव संदेश ब्यूरो**

**खगड़िया ।** बिहार दिवस के अवसर पर जेएनकेटी स्टेडियम रोशनी, रंग और रूहानी सुरों से जगमगा उठा। 114वें बिहार दिवस महोत्सव के मौके पर 23 मार्च को जिला प्रशासन ने ऐसा भव्य सांस्कृतिक समागम सजाया, जिसने हर दिल को छू लिया। मंगलवार की शाम जैसे-जैसे रात ढली, महफिल का रंग और भी गहरा होता गया। सियासत, प्रशासन, तालीम और आम अवाम हर तबके के लोग इस जश्न में शरीक होकर खुशी, उमंग और मोहब्बत के रंग में रंग गए।

कार्यक्रम का आगाज जिला पदाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार, सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, उप विकास आयुक्त, उप समाहर्ता, अभियान एसपी, एसडीओ, नगर सभापति अर्चना कुमारी, जदयू जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत, रालोमो जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह तथा जदयू जिला मुख्य प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया।

मुंबई से तशरीफ लाए मशहूर फनकार अल्तमश फरीदी का जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दिल से इस्तकबाल किया। फरीदी ने भी खगड़िया की अवाम के प्यार को महसूस करते हुए कहा कि ये मोहब्बत ही है जो फन को मुकम्मल बनाती है। जब उनकी आवाज ने सुरों का जादू बिखेरा, तो आम हो या खास, हर कोई खुद को झूमने से रोक न सका। इस रंगारंग महफिल में स्थानीय

**बिहार दिवस भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

प्रतिभाओं ने भी अपनी चमक बिखेरी। बचपन प्ले स्कूल, डीएवी, डेंजरस डांस एकेडमी और संसारपुर के नन्हे-मुन्ने और युवा कलाकारों ने बिहार गीत, छठ गीत और लोकधुनों पर ऐसी दिलकश प्रस्तुतियां दीं कि हर नजर ठहर गई और हर दिल वाह-वाह कर उठा। स्थानीय गायकों में कमल भारती और मनीष कुमार की सुमधुर आवाज ने भी समां बांध दिया। तालियों की गूंज ने उनके हुनर को खुलकर सराहा। कार्यक्रम के अंत में जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सदर विधायक, उप विकास आयुक्त, नगर सभापति आदि ने कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ये खूबसूरत एहसास और एक यादगार लम्हा खगड़िया वासियों के दिल में गुदगुदाते रहेंगे।

सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने स्थानीय छोटे बड़े कलाकारों की प्रतिभा को अद्भुत बताया वहीं फनकार अल्तमश फरीदी का खगड़िया की धरती पर अभिनन्दन किया। कहा-आज यहां की माटी सांस्कृतिक गौरवगाथा से धन्य हो गई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि डॉ. पवन जयसवाल, लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष मनीष कुमार उर्फ नाटा, वरीय उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर परिषद उपसभापति प्रतिनिधि सह जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शहाब उद्दीन, जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य नीलम वर्मा, जदयू नेता उमेश सिंह पटेल, दीपक सिन्हा, बचपन प्ले स्कूल के निदेशक प्रद्युम्न सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय तथा मुन्ना प्रताप मुखिया सहित हजारों लोग मौके पर मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में किशोर ने दी जान

## रेल पटरी पर मिला क्षत-विक्षत शव

**चौथम (एनएसबी) ।** मानसी थाना क्षेत्र अंतर्गत पांच किलोमीटर के पास रेलवे पटरी पर किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नगर पंचायत मानसी के पंचवटी टोला अरैया गांव निवासी दीपक सिंह के 15 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही मानसी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया।

**किशोर की मां ने पड़ोसियों से विवाद के बाद हत्या का लगाया आरोप**

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि किशोर ने मंगलवार की देर शाम नशे की हालात में एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला कि वह अब जीना नहीं चाह रहा है। क्योंकि उसे उसका प्यार नहीं मिला है। इसलिए वह रेल से कटकर आत्महत्या कर रहा है। इसके बाद किशोर ने दूसरा वीडियो पांच किलोमीटर के पास रेल के पटरी पर बनाया और किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। वहीं सुबह में शव रेल पटरी पर क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था। किशोर के दोनों पैर कटे हुए थे। मृतक के पिता बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

इधर, मृतक की मां ने हत्या की आशंका जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पूर्व में पड़ोसियों के साथ बच्चे का विवाद हुआ था, जिसमें मारपीट भी हुई थी। इस संबंध में मानसी थाने में आवेदन दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उसी रंजिश में उनके बेटे की हत्या कर शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया गया। इधर, मानसी थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि प्रेम प्रसंग में किशोर ने सोशल मीडिया पर वीडियो डाला और इसके बाद रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या कर ली।

## एनएच 31 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**पसराहा (एनएसबी) ।** एनएच 31 पर देवठा बजरंगबली स्थान के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। मृतक कोलवारा पंचायत के वार्ड संख्या 11, तिहाय निवासी कुलदीप शर्मा का पुत्र 55 वर्षीय लड्डू शर्मा थे। लड्डू शर्मा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे और वर्षों से पुरानी औषधि विधि द्वारा टूटी हुई हड्डियों को जोड़ने का कार्य करते थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की शाम लड्डू शर्मा देवठा गांव में मरीजों का इलाज कर साइकिल से वापस अपने घर तिहाय लौट रहे थे। इसी दौरान देवठा बजरंगबली चौक के पास अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद वह सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े। उसी समय वहां से गुजर रहे एनएचएआई के सेफ्टी इंचार्ज संजीव कुमार की नजर उन पर पड़ी, जिन्होंने मानवता दिखाते हुए तत्काल उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मौत की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, पसराहा थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले की जांच की जा रही है।

## आर्य कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**खगड़िया (एनएसबी)।** प्लस टू आर्य कन्या उच्च विद्यालय की छात्राओं ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इंटर कला संकाय की सरस्वती कुमारी जिला टॉपर रही वहीं वाणिज्य संकाय की दीप्ति प्रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

सदर विधायक बबलू कुमार मंडल एवं विद्यालय के सचिव राज कुमार फोगला ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सचिव राज कुमार फोगला ने बताया कि विद्यालय में शिक्षकों का घोर अभाव है, इसके बावजूद यहां की छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी कभी भी सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बनती, यदि कुछ कर दिखाने का जज्बा हो। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन अपने स्तर से छात्रों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दे रहा है।

## कांग्रेस ने फूंका पीएम का पुतला

**खगड़िया (एनएसबी)।** प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण रसोई गैस की कीमतो मे वृद्धि और गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की कड़ी में खगड़िया जिला कांग्रेस की ओर से जिलाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार अविनाश के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिला कांग्रेस कार्यालय से विरोध प्रदर्शन करते हुए एनएसी रोड, स्टेशन रोड, राजेन्द्र चौक से होते हुए रेलवे फ्लाइ ओवर से होकर खगड़िया समाहरणालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री और पेट्रोलियम मंत्री के पुतले फूंके। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार अविनाश ने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। मौके पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रतिनियुक्त खगड़िया जिला प्रभारी मनोज शर्मा और डॉ. इंद्रदीप चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डु पासवान, जिला उपाध्यक्ष सूर्यनारायण वर्मा, जिला प्रवक्ता अरुण कुमार अधिवक्ता, कांग्रेस नेता शोभाकांत चौधरी, अजीत शर्मा, सुभाष रत्न, राजीव कुमार रंजन, जनार्दन यादव, लाली किन्नर, फिरोज आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव सन्नी कुमार, खगड़िया प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, नगर अध्यक्ष रौशन चंद्रवंशी, कार्यकारी नगर अध्यक्ष एकलव्य पटेल, गोगरी प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र चौरसिया, ओबीसी जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, कार्यालय मंत्री अवनी कुमार, राजा गुप्ता, फूलचंद्र यादव, चन्दन कुमार यादव, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## 221 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर

**खगड़िया (एनएसबी) ।** अलौली प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय, अलौली के खेल मैदान में जीविका ने रोजगार मेले का आयोजन किया। उद्घाटन प्रखंड प्रमुख नवीन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक उमा शंकर साह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक शिवाशिष एवं संकुल संघ के अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

**जीविका ने आयोजित किया रोजगार मेला**

इस अवसर पर जीविका जिला कार्यालय से राकेश रोशन, संतोष कुमार, ममता कुमारी, स्नेहा शर्मा, रंजीत कुमार, निगम कुमारी, मनीष कुमार, प्रिंस कुमार आदि ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। रोजगार मेले में विभिन्न नियोजकों एवं प्रशिक्षण संस्थानों ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर प्रदान किए। रोजगार मेले में कुल 826 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 221 को विभिन्न कंपनियों ने जॉब अफर दिया गया। इसके अतिरिक्त कई अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया। विगत 2 वर्षों में यह जीविका द्वारा अलौली में आयोजित



दूसरा रोजगार मेला है। मेले में शामिल सभी 10 कंपनियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी, अलौली ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बीडीओ ने जीविका के कार्यों की सराहना की। यह रोजगार मेला युवाओं को रोजगार से जोड़ने, उनकी प्रतिभा को निखारने एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# महंगाई चुपके से चुरा लेती है हमारी आय : डॉ. गुप्ता

**खगड़िया (एनएसबी)।** आज आर्थिक युग में बेरोजगारी अपना विकराल रूप धारण किए हुए है और युवा अर्थाभाव में हतोत्साहित व डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में अर्थोपार्जन की जानकारी काफी आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केडीएस कलेज, गोगरी के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से समृद्धि : फ्रॉम इकोनामिक इंडिकेटर टू इक्विटी सिलेक्शन विषय पर वित्तीय साक्षरता के जानकार एवं सेबी की ट्रेनर डॉ. शिखा गुप्ता का एकल व्याख्यान का आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. रोशन रवि के स्वागत भाषण से हुई। प्राचार्य ने इस व्याख्यान को युवाओं के लिए काफी प्रेरणादायक और सीख लेने वाला बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल ठाकुर ने डॉ. शिखा गुप्ता का परिचय कराया और युवाओं को इस कार्यक्रम से सीख लेकर पढ़ाई के साथ-साथ कमाई पर भी ध्यान देने की बात कही, ताकि उन्हें व्यावहारिक जीवन में डिप्रेशन का शिकार न होना पड़े।

विषय विशेषज्ञ डॉ. गुप्ता ने अपने व्याख्यान में कहा कि वित्तीय निवेश के लिए वित्तीय जानकारी बहुत ही आवश्यक है। हर व्यक्ति को अपना वित्तीय लक्ष्य तय करना चाहिए और उसी के अनुरूप बजट भी बनाने चाहिए। ताकि उन्हें पता चल सके कि पैसा कहां जाता है । पैसा खर्च करने से पहले उसे बचाएं और सोच समझकर निवेश करें। पुराने जमाने में लोग अलग-अलग जरूरत के लिए अलग-अलग गुल्लक रखा करते थे जिससे उन्हें भविष्य में विपत्ति आने पर फंड की समस्या नहीं होती थी। डॉ. गुप्ता ने मुद्रास्फीति अर्थात महंगाई को चोर के समान बताया जो चुपके से हमारी आय को चुरा ले जाती है। वह

**समृद्धि : फ्रॉम इकोनामिक इंडिकेटर टू इक्विटी सिलेक्शन विषय पर व्याख्यान आयोजित**

बताती हैं कि इस महंगाई से बचने के लिए जरूरत है कि पैसे को सही जगह, सही तरीके से निवेश करें। इसके लिए उन्होंने स्टॉक सलेक्शन पर जोर दिया और बताया कि बहुत सारी सरकार की योजनाएं हैं, जिससे करो में भी छूट मिलती है और उसका लाभ भी मिलता है। उन्होंने शेयर बाजार में शेयर, बाउंड पेपर, म्युचुअल फंड आदि में निवेश पर बल दिया। उन्होंने बताया कि टॉप डाउन अप्रोच पर काम करने की जरूरत है। जोखिम को कम करने के लिए उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी मात्रा में अलग-अलग निवेश करके हम जोखिम से बच सकते हैं, लेकिन इसमें धैर्य बहुत ही आवश्यक है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि हमें चिट फंड से बचना चाहिए। बाजार में बहुत ऐसे लालच भरे विज्ञापन आते हैं , जिसमें कम समय में पैसे दोगुना करने की बात कही जाती है। ऐसे झांसे में नहीं पड़ना चाहिए। पंजीकृत कंपनी में ही पैसे लगाएं और पंजीकृत ब्रोकर से ही मदद लें। यदि कोई धोखाधड़ी होती है तो सेबी की वेबसाइट पर जाकर शिकायत करें। केवाईसी आदि के नाम पर धोखाधड़ी से बचें। फेक ऐप से बचें, डिजिटल अरेस्ट नामक कोई चीज नहीं है, यह एक धोखाधड़ी है, इससे भी बचें। उन्होंने सलाह दी कि सारथी एप की भी मदद आप ले सकते हैं।

कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने शिरकत की और अपनी गहरी रुचि दिखाते हुए विषय विशेषज्ञ से मन में उठने वाले ढेर सारे प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रमेश कुमार ने अर्थशास्त्र विभाग और महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

# फिर अध्यक्ष बनने पर नीतीश को विधायक मंडल व अन्य नेताओं ने दी बधाई

**खगड़िया (एनएसबी) ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चौथी बार जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। इस पर खगड़िया सदर के विधायक बबलू कुमार मंडल ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक ने इसे पार्टी के साथ-साथ बिहार के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण बताया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जेडीयू और अधिक सशक्त होकर देशभर में अपनी पहचान मजबूत करेगा।

सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से बिहार को विकास और सुशासन की नई दिशा दी है। एक समय जो राज्य पिछड़ेपन और अव्यवस्था के लिए जाना जाता था, आज वही बिहार विकास, सामाजिक न्याय और बेहतर प्रशासन के लिए पहचाना जा रहा है। यह सब मुख्यमंत्री के दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। विधायक मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार में आधारभूत संरचनाओं का व्यापक विकास हुआ है। सड़कों और पुलों का जाल बिछाया गया, गांव-गांव तक बिजली पहुंचाई गई और शिक्षा




जदयू विधायक बबलू कुमार मंडल व अन्य।

एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए गए। विद्यालयों और महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि हुई, वहीं अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार कर आम लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायती राज और नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान किया गया। साथ ही छात्राओं के लिए साइकिल, पोशाक और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है। सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने समाज के हर वर्ग-गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उनके शासनकाल में कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनी है। यही कारण है कि बिहार आज विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने विश्वास जताया कि जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नीतीश कुमार पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उनके नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी और पार्टी का जनाधार और व्यापक होगा। उन्होंने कहा कि खगड़िया सहित पूरे बिहार की जनता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कामना की कि उनके मार्गदर्शन में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और राज्य निरंतर प्रगति की ओर बढ़ता रहेगा। मौके पर जेडीयू के राजनीतिक सलाहकार दीपक सिन्हा, अजय मंडल, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष राज कुमार फोगला आदि मौजूद थे।

## खबरें : एक नजर में

### ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला के गले से सोने का लाकेट उड़ा ले गए चोर

#### शक के आधार पर महिला यात्री ने एक चोर को पड़कर रेल पुलिस को किया सुपुर्द, घटना जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या - 4 का

**जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या - 4 पर खड़ी जमालपुर तिलरत पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला यात्री के गले से सोने का लाकेट चोरी होने के मामले को लेकर प्लेटफार्म पर जमकर हंगामा हुआ। घटना के बारे में सहरसा की महिला यात्री मंजू देवी ने बताई की ट्रेन चढ़ने के दौरान मेरे गले से सोने का लाकेट किसी ने काट लिया। पीछे मुड़कर देखा तो तीन लोग भागने लगे जिसमें एक को हम लोगों ने पकड़ लिया। हालांकि इस दौरान प्लेटफार्म पर भगदड़ जैसी माहौल देखा गया जिसका फायदा उठाकर लोग भाग खड़े हुए। महिला यात्री ने यह भी बताया कि मुझे शक है कि मुंगेर चंडी स्थान निवासी पवन कुमार जो अपना नाम पता बता रहे हैं यही मेरे गले से लाकेट चुराए हैं। इधर महिला यात्री द्वारा उक्त चोर को रेल पुलिस को सुपुर्द करते हुए कार्रवाई करने की बात कही। जबकि रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। वही प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरा बात देखने के बाद हिरासत में लिए गए यात्री पर करवाई की जाएगी।


चोर को थाना ले जाति महिला यात्री।

### पीट लाइन में 4 घंटे का ब्लाक लगने से अस्त व्यस्त रहता ट्रेनों का परिचालन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर स्टेशन के एआरटी बाहरी लाइन पर 4 घंटे का ब्लाक लगाकर पटरी मरम्मत का कार्य किया गया। इधर लगाए गए ब्लाक के दौरान ट्रैक ब्लकिंग या स्पाट अटेंशन जैसे कार्य को किया गया। लगाए गए लगाए गए ब्लक के ट्रेनों की सुरक्षा और परिचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए अनिवार्य रूप से करने की एक प्रक्रिया है जो एक रूटीन वर्क के तहत जारी रहता है। इधर 4 घंटे के लगे ब्लाक के दौरान जमालपुर-कियूल रेल खंड पर ट्रेनों का परिचालन अस्त व्यस्त रहा। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार एवं टीआई मैनेजर नीरज कुमार ने बताया कि जब पटरी का एक हिस्सा दूसरी तरफ से अचानक नीचा या ऊँचा हो जाता है, तो उसे ठीक करने के लिए इस तरह का ब्लाक सामान्य रूप से लगाया जाता है जिससे परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। लगाए गए ब्लाक के दौरान सतर्कता का विशेष ख्याल रखा जाता है ताकि ब्लाक के दौरान कोई ट्रेन गलती से पीट लाइन पर न आ जाए।


पटरी मरमती का कार्य करते कर्मचारी।

### बैंकिंग योजना की प्रगति एवं लक्ष्य प्राप्ति स्थिति को लेकर जिला अधिकारी ने किया समीक्षा बैठक

**मुंगेर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में डीएलसीसी डीएलआरसी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकिंग योजनाओं की प्रगति, उपलब्धि एवं लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत जिले की उपलब्धि मात्र 33.37 प्रतिशत रहने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि वे कैंप मोड में कार्य करते हुए कृषि, उद्योग एवं खुदरा क्षेत्र में ऋण वितरण को गति दें, ताकि 31 मार्च तक लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में के उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना,पीएम विश्वकर्मा एवं पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित बैंकों को इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति हेतु विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वे लंबित ऋण मामलों एवं नीलाम पत्रों का शीघ्र निष्पादन करें। साथ ही पंजी प एवं ग के मिलान की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा गया।


बैठक करते जिलाधिकारी।

### किऊल स्टेशन पर आरपीएफ ने शराब तस्कर को दबोचा, 11 बोतल विदेशी शराब बरामद

**लखीसराय (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत किऊल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने अपरेशन सतर्क के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को गश्त के दौरान सहायक उप निरीक्षक लालजीत सिंह और आरक्षी दिवाकर कुमार ने स्टेशन के पूर्वी छोर स्थित यार्ड एरिया में एक संदिग्ध युवक को हरे रंग के बैग के साथ देखा। घेराबंदी कर जब उसकी तलाशी ली गई, तो बैग से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी की पहचान 19 वर्षीय रंजन कुमार, पिता बाल्मीकि यादव, निवासी ग्राम गोहडी देवनगर, थाना बन्नूबागीचा, जिला शेखपुरा के रूप में हुई है।

## घरेलू गैस की हो रही कालाबाजारी के खिलाफ उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

### एजेंसी मैनेजर एवं वेंडर को पुलिस ने लगाई जमकर फटकार

### पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला हुआ शांत

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** शिव पार्वती गैस एजेंसी ईस्ट कॉलोनी द्वारा समय पर उपभोक्ता को घरेलू गैस उपलब्ध नहीं करने एवं गैस की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए उपभोक्ता ने एजेंसी में हंगामा किया। गैस आपूर्ति को लेकर दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उपभोक्ता के द्वारा थोड़ी देर के लिए अल्बर्ट रोड से लेकर अफिस तक जमकर गैस आपूर्ति करने की मांग करने लगे। इसी बीच मुंगेर की गाड़ी वहां से गुजर रही थी तो उपभोक्ता ने साहब की गाड़ी को जाने दिए उसके बाद पुनः एजेंसी में हंगामा करने लगे। लाभुकों का कहना था कि 2 महीने से हम लोग परेशान हैं। अफिस कब खुलता है कब चिट्ठा काटता है यह पता नहीं है। एजेंसी मालिक एवं मैनेजर के साथ वेंडर मिलकर गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं। इधर गैस एजेंसी में हंगामा की खबर सुनकर थानाध्यक्ष वीरभद सिंह ने पहले उपभोक्ता की बात सुनी उसके बाद एजेंसी के मैनेजर को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि अगर गैस नहीं है या आफिस बंद कर रहे हैं तो इसका नोटिस चिपकाना चाहिए था। ऐसा आगे से नहीं हुआ तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इधर थानाध्यक्ष के इस निर्देश के बाद सुचारू रूप से गैस की आपूर्ति एजेंसी के द्वारा किया जाने लगा लेकिन थानाध्यक्ष के हटते ही यथावत स्थिति देखी गई।


गैस के लिए लेकर कतार में उपभोक्ता।

## जनगणना 2027 के क्रियान्वयन के लिए दिया प्रशिक्षण

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर लखीसराय स्थित मंत्रणा कक्ष में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहाँ उन्हें आगामी गणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने प्रतिभागियों को फील्ड वर्क के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और उनके संभावित समाधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डिजिटल इंडिया की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस बार डेटा संकलन की प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संपन्न करने पर विशेष जोर दिया गया।

प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को मोबाइल एप्लिकेशन के प्रभावी उपयोग, डेटा एंट्री में शुद्धता बनाए रखने और समयबद्ध तरीके से डेटा अपलोड करने की प्रक्रिया का चरणबद्ध अभ्यास कराया गया, ताकि कार्य के दौरान तकनीकी त्रुटियों की गुंजाइश न रहे।


प्रशिक्षण में भाग लेते ।

सत्र में मकान सूचीकरण से संबंधित विभिन्न पेचीदा परिस्थितियों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसमें एक ही परिवार के पास एक से अधिक आवास होने, किरायेदार एवं मालिक की अलग-अलग गणना करने तथा अस्थायी व स्थायी निवास के सटीक निर्धारण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी परिवार की गणना उसी स्थान पर की जाए, जहाँ वे वर्ष के अधिकांश समय निवास करते हैं। इसके साथ ही पर्यवेक्षकों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताते हुए फील्ड निगरानी, कार्य की गुणवत्ता और प्रगणकों को सही दिशा-निर्देश देने के गुर सिखाए गए। अधिकारियों ने विधिक प्रावधानों, कर्तव्यों और अधिकारों की समीक्षा करते हुए सभी कर्मियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने को कहा। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षुओं की जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान किया गया। अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में निर्देश दिया कि जनगणना के इस राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता और निर्धारित समय सीमा के भीतर संपन्न किया जाए।

इस अवसर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी राम विनोद यादव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला योजना पदाधिकारी आशुतोष कुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी पिंटू कुमार एवं विशिष्ट शिक्षक कुमार गौरव ने प्रशिक्षण प्रदान किया, जबकि राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी राधेश्याम कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## परंपरागत शिल्पकारों को आधुनिक बाजार से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लखीसराय (एनएसबी)।** मंगलवार को सूर्यगढ़ा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्रा द्वारा किया गया। इस विशेष शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों को योजना के विभिन्न तकनीकी और वित्तीय प्रावधानों, विपणन रणनीतियों और डिजिटल सेवाओं के बारे में जागरूक करना था, ताकि उन्हें स्वरोजगार और उद्यमिता के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत पटना के सहायक निदेशक एस. के. वर्मा ने स्वागत संबोधन और रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए की। उन्होंने कारीगरों के कौशल उन्नयन, टूलकिट सहायता, ऋण सुविधा और बाजार से जुड़ाव जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।



दीप प्रज्ज्वलित करते डीएम ।

जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्रा ने अपने संबोधन में स्थानीय शिल्पकारों को उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनलाइन मार्केटप्लेस और आधुनिक विपणन तकनीकों को अपनाकर ही कारीगर अपने उत्पादों की वैश्विक मांग और अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

बिहार के क्षेत्रीय निदेशक आर. सी. मंडल ने प्रशिक्षण के उपरांत कारीगरों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और उन्हें संस्थागत सहयोग देने की बात कही। वहीं, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक रूपेश कुमार झा ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे ये योजनाएं विश्वकर्मा कारीगरों को अपना उद्यम स्थापित करने में अतिरिक्तसंबल प्रदान कर रही हैं। बैंकिंग सुविधाओं और वित्तीय समावेशन पर चर्चा करते हुए लीड बैंक मैनेजर संजीत कुमार ने कारीगरों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली और डिजिटल भुगतान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।तकनीकी सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने व्यावहारिक जानकारी साझा की।

पंकज कुमार ने विपणन और ब्रांडिंग के प्रभावी उपाय बताए, जबकि गौरव कुमार ने व्यवसाय लेखांकन और डिजिटल साक्षरता के महत्व को समझाया।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के श्री सत्यपाल कुनाल ने क्यूआर कोड और बैंक लिंकेज के उपयोग की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल समन्वय पटना के यंग प्रोफेशनल हर्ष राज द्वारा किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय शिल्पकारों ने भाग लेकर योजना की बारीकियों को समझा और इसे अपने आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## अखिल भारतीय सिविल सेवा सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बिहार का डंका, मृणाल रंजन को स्वर्ण पदक

**लखीसराय (एनएसबी)।** नई दिल्ली के विनय मार्ग स्थित सिविल सर्विसेज अफिसर्स इंस्टीट्यूट में आयोजित छह दिवसीय अखिल भारतीय सिविल सेवा सांसतिक प्रतियोगिता में बिहार सचिवालय की टीम ने अपनी कला और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 20 से 25 मार्च 2026 तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बिहार के 24 सदस्यीय दल ने विभिन्न विधाओं में उत्ष्ट प्रदर्शन कर राज्य का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में बिहार को सबसे बड़ी सफलता हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में मिली, जहाँ लखीसराय के जिला कला एवं संसति पदाधिकारी मृणाल रंजन ने अपनी सुरीली और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मृणाल रंजन की इस उपलब्धि को पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है।सांस्कृतिक दल ने नाटक और वादन के क्षेत्र में भी अपनी छाप छोड़ी। नाटक विधा में 'बाबूजी का चश्मा' की प्रस्तुति को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इस नाटक में राजस्व विभाग की अनुभाग पदाधिकारी संगीता चंद्रा ने 'बड़ी बहू' के किरदार में जान फूंकते हुए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, लाइट क्लासिकल इंस्ट्रुमेंटल श्रेणी में बिहार विधान परिषद के अवर सचिव राजनंदन ने गिटार वादन में अपनी निपुणता दिखाते हुए बिहार की झोली में एक और कांस्य पदक डाला। बिहार के प्रशासनिक अधिकारियों के इस शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि वे सरकारी कार्यो के साथ-साथ कला के क्षेत्र में भी निपुण हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर राज्य सरकार के वरीय अधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई दी है। सभी विजेताओं को 25 मार्च 2026 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा।


स्वर्ण पदक लेते कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ।

## ब्रह्मपुत्र मेल से शराब उतार भाग रहे शराब तस्कर गिरफ्तार


बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

### आरपीएफ के साथ सीआईबी टीम को मिली सफलता

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम ने ब्रह्मपुत्र मेल से शराब उतार कर भाग रहे एक तस्कर को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान छोटी दौलतपुर निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। जिनके पास से 36 बोतल अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांड का मिला है। इधर बरामद शराब एवं गिरफ्तार तस्कर की जानकारी देते हुए सीआईबी टीम के पदाधिकारी ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि ब्रह्मपुत्र मेल से शराब का खेप लाया जा रहा है। जिसकी डिलीवरी रेलवे सुरंग के समीप होने वाला है। इसी सूचना पर आरपीएफ के साथ छापेमारी की गई जिस दौरान रंगे हाथ शराब तस्कर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किए गए। इधर बरामद शराब मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत करवाई करने की बात इंस्पेक्टर राजीव नयन ने कही है। छापेमारी में एसआई एके रजक, कांस्टेबल एमके शर्मा, रवि कुमार सहित कई मौजूद थे।

## लखीसराय में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार व मुशायरा का आयोजन

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला प्रशासन के सौजन्य से मंगलवार को टाउन हल, केआरके मैदान में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार, कार्यशाला व मुशायरा का सफल आयोजन किया गया। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (उर्दू निदेशालय, पटना) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जिला उर्दू नाम पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में जिले के गणमान्य अधिकारियों, शिक्षाविदों और साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर जिले की सात पंचायतों को टीवी मुक्त घोषित किया गया। इसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित पंचायतों के मुखिया को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सेमिनार के दौरान उर्दू भाषा के संरक्षण और संवर्धन पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उर्दू भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है।



पुस्तक विमोचन करते डीएम

वहीं, प्रभारी पदाधिकारी प्रियंका कुमारी ने स्वागत भाषण के जरिए भाषा के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मोहम्मद शकील द्वारा किया गया।

आयोजन का मुख्य आकर्षण मुशायरा रहा, जिसमें भागलपुर, मुंगेर और लखीसराय से आए प्रसिद्ध शायरों इकराम हुसैन साद, सैयद इसराफील, कमरान अलवी और ड़ नूतन कुमारी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही डेलिगेट्स द्वारा विभिन्न विषयों पर आलेख पाठ भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रियंका कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया और उपस्थित जनसमूह ने इस आयोजन को ज्ञानवर्धक व सांसतिक रूप से समृद्ध बताते हुए इसकी सराहना की।

## खबरें : एक नजर में

### सनातन धर्म को बढ़ावा देता है मां दुर्गे को लगने वाला आरती

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जोगी बाबा स्थान रामपुर में चौती दुर्गा माता के दरबार में आरती लगाने या पूजा करने के लिए महिलाओं की उम्र को लेकर कोई निश्चित आयु सीमा या प्रतिबंध नहीं है। सनातन धर्म में नारी को शक्ति का रूप माना गया है और भक्त के रूप में किसी भी उम्र की महिला पूजा एवं आरती करते देखी गई। मंगलवार को छ पूजा को लेकर दुर्गा मंदिर में छोटी बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक, सभी श्रद्धापूर्वक माँ की आरती सच्चे मन से करती देखी गई। इधर मंदिर में मौजूद पुजारी के द्वारा आरती करने से पहले स्नान करना, स्वच्छ वस्त्र पहनना और मन की पवित्रता सबसे महत्वपूर्ण होना बताया। जबकि संध्याकाल (सूर्यास्त के बाद) या सुबह के समय आरती करना सबसे शुभ माना जाता है। कुछ परंपराओं में मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को पूजा-पाठ या मूर्ति स्पर्श से बचने की सलाह दी गई।लेकिन यह व्यक्तिगत आस्था का विषय है। वही नवरात्र के दौरान संध्या बेला में आरती को लेकर मंदिर परिसर में पहुंचे तमाम माता बहनों का स्वागत सम्मान के साथ सुरक्षा का जिम्मा पूजा समिति के शंभू सिंह,अजय सिंह, संजय किसान,सनी कुमार,विपिन सिंह,रवि कुमार, रितेश कुमार, मोहन कुमार, केशव कुमार,सचिन कुमार,आदित्य कुमार,संतोष कुमार,राहुल कुमार,राजा कुमार,रोहन कुमार, पप्पू सिंह,विनोद सिंह,लकी कुमार पूरी निष्ठा के साथ पूरा करते देखे गए।


माता के दरबार में आरती करती महिलाएं।

### स्क्रैप टू आर्ट पहल : जमालपुर लोको शेड द्वारा इन-हाउस कंप्रेसर यूनिट का विकास

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** सतत विकास, नवाचार तथा प्रभावी स्क्रैप प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जमालपुर लोको शेड ने स्क्रैप टू आर्ट पहल के तहत निष्प्रयोज्य (कंडेम्ड) लोकोमोटिव के अवशेष पुर्जो का उपयोग कर पूर्णतः इन-हाउस सुविधाओं से एक कंप्रेसर यूनिट का सफलतापूर्वक विकास किया है।यह परियोजना मंडल रेल प्रबंधक मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुई तथा इसका उद्घाटन वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल), जमालपुर कृष्ण कुमार दास द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। पूर्णतः इन-हाउस प्रयासों से विकसित यह पहल मंडल की नवाचार, लागत दक्षता एवं उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नव विकसित कंप्रेसर यूनिट तत्काल 10 किग्रा सेमी तक संपीड़ित वायु उत्पन्न करने में सक्षम है, जिससे निर्बाध एवं विश्वसनीय संचालन सुनिश्चित होता है। पूर्व में संपीड़ित वायु आपूर्ति हेतु डीजल लोकोमोटिव पर निर्भरता के कारण अधिक ईंधन खपत एवं परिचालन में विलंब होता था। यह इन-हाउस प्रणाली अब डीजल एवं विद्युत ऊर्जा की उल्लेखनीय बचत करती है, जनशक्ति की आवश्यकता को कम करती है तथा अनावश्यक शंटिंग कार्यो को समाप्त करती है। साथ ही, यह हाइड्रोलिक टर्क रिंच संचालन, ग्राइंडिंग तथा पुर्जो की सफाई जैसे अनुरक्षण कार्यो में दक्षता एवं टर्नअराउंड समय को भी बेहतर बनाती है।यह पहल भारतीय रेल की वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा संसाधनों के इष्टतम उपयोग को बढ़ावा देती है। इस प्रकार के नवाचार परिचालन दक्षता को सुढ़ करने के साथ-साथ हरित एवं लागत प्रभावी रेलवे संचालन के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं।जमालपुर लोको शेड, मालदा मंडल, पूर्व रेलवे के अंतर्गत नवाचार, दक्षता एवं पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं में निरंतर नए मानक स्थापित कर रहा है।


उद्घाटन करते सीनियर डीएमई।

### नीलोत्पल मृणाल की प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए लखीसरायवासी

**लखीसराय (एनएसबी)।** नगर भवन, लखीसराय में आयोजित तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह के दूसरे दिन सोमवार की संध्या एक यादगार सांस्कृतिक कार्यक्रम के नाम रही। इस विशेष अवसर पर प्रख्यात लोक कवि और लेखक नीलोत्पल मृणाल ने अपनी कविताओं, गीतों और हास्य-व्यंग्य की शानदार प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम और मुख्य अतिथि नीलोत्पल मृणाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात जिला पदाधिकारी ने श्री मृणाल को पुष्पगुच्छ और शाल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही अन्य विशिष्ट अतिथियों का भी प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान नीलोत्पल मृणाल ने अपनी विशिष्ट और सरल शैली में ग्रामीण जीवन की सजीव झलक पेश की। उन्होंने कविता और व्यंग्य के माध्यम से गांव की माटी, वहां के परिवेश और अनुभवों को साझा किया, जिससे दर्शक भाव-विभोर हो उठे। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को न केवल हंसाया, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों और पुरानी यादों से भी जोड़ दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध विरासत को सहेजने का सशक्त माध्यम हैं। इससे समाज में आपसी जुड़ाव और सांसतिक जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के विभिन्न पदाधिकारी, कर्मी, बड़ी संख्या में विद्यार्थी, बुद्धिजीवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने देर शाम तक सांसतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया।


कवि मृणाल को बुके देते डीएम ।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत का 99.54 करोड़ का बजट पारित



**जगदीशपुर।** मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 99 करोड़ 54 लाख 50 हजार रुपये का बजट सर्वसम्मति से पास किया गया। केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न अनुदानों (15वीं वित्त, अमृत-2, एसबीएम 2, आवास योजना आदि) से करीब 92.93 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। निबंधन शुल्क से भी राजस्व प्राप्त होगा। ड्रेनेज, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, शवदाह गृह (मोक्षधाम), नाली-गली, पेयजल और जल जीवन हरियाली जैसी योजनाओं पर जोर रहेगा। वार्डों में साफ-सफाई, सड़क मरम्मत और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। मुख्य पार्षद ने बजट को पूरी तरह पारदर्शी बताया, वहीं कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। बैठक में उप मुख्य पार्षद धनुपरा देवी सहित सभी वार्ड पार्षद एवं नगर पंचायत के कर्मी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री शाहाबाद कमिश्नरी की घोषणा करें : मनोज सिंह



**आरा।** राजद के प्रदेश महासचिव मनोज मनोज सिंह ने कहा कि कल नीतीश कुमार की मुख्यमंत्री के रूप में भोजपुर की अंतिम यात्रा होगी। भोजपुर जिला से एनडीए को इस विधानसभा चुनाव में जनता के तरफ से अपार जन समर्थन मिला है। साथ ही भोजपुर में सात सीट एनडीए का मिली है। भोजपुर जिले की आम अवाम चाहती है कि कल मुख्यमंत्री शाहाबाद कमिश्नरी की घोषणा कर दें, जिसका मुख्यालय आरा में हो। जनमानस का यह बहुत पुरानी मांग है। इसलिए मुख्यमंत्री को कमिश्नरी बनाने का घोषणा करना चाहिए। एनडीए के विधायक साथियों से भी आग्रह है कि कमिश्नरी बनाने का घोषणा करवानी चाहिए। सिर्फ बोलने से विकास नहीं हो जाता, विकास करवाना पड़ता है।

### राष्ट्रीय हिमालयन ट्रैकिंग सह प्रशिक्षण के लिए मुन्ना रवाना



**आरा।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, शाहाबाद इकाई के सदस्य आरा शहर निवासी मुन्ना कुमार राष्ट्रीय हिमालयन ट्रैकिंग सह प्रशिक्षण अभियान- देवरिया ताल चोपता तुंगनाथ चंद्रशिला 2026 के लिए बिहार राज्य के एकमात्र प्रतिभागी के रूप में रवाना हुए, जिसकी ऊंचाई समुद्र तल से 12500 फीट की है। यह अभियान पांच रात्रि छह दिनों का है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के सारी गांव से देवरिया ताल-चंद्र शीला-चोपटा ट्रैक शुरू होता है और यह 7800 फीट की ऊंचाई पर स्थित देवरिया ताल झील की सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। ट्रैकिंग मार्ग देवरिया ताल के खूबसूरत घास के मैदानों और विभिन्न प्रकार के जंगलों से होकर गुजरता है, जिसका प्रवेश द्वार रोहिणी बुग्याल में खुलता है। यहां सबसे ऊंचा भगवान शिव का तुंगनाथ मंदिर इस क्षेत्र का मुख्य आकर्षण है। मुन्ना कुमार की सफल सुखद और प्रेरक अभियान के लिए शाहाबाद इकाई के अध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा, डॉ. अरशद एकराम, डॉ. अरुण कुमार, चेयरमैन रमाकांत सिन्हा, सचिव सोनू कुमारी, लोकनाथ सिंह, अजय जैन, कमलेश कुमार सिंह इत्यादि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### धरीक्षण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में डीएलएड सत्र शुरू




**आरा।** धरीक्षण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुलहड़िया के सभागार में डीएलएड सत्र 2025-2027 के छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सचिव सिद्धनाथ सिंह ने किया। सर्वप्रथम डीएलएड द्वितीय वर्ष की छात्रा सिंपी कुमारी और आरती कुमारी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। स्वागत गीत सलवा फातमा, चंचल कुमारी, आरती कुमारी और सिंपी कुमारी ने गाए। कार्यक्रम में संस्थान के सचिव सिद्धनाथ ने छात्रों को अनुशासन और समय के महत्व के बारे में बताया। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. लाल बहादुर सिंह ने कहा कि सचिव सिद्धनाथ सिंह की सोच का ही परिणाम है कि कॉलेज निरंतर ढंग से आगे बढ़ रहा है। प्रो. सुधीर कुमार ने सभ्यता संस्कृति और संस्कार के संबंध में विस्तार से वर्णन किया। प्रो. अंकुर श्रीवास्तव ने छात्रों को नियमित रूप से वर्ग में उपस्थित रहने को कहा। प्रो. आशुतोष कुमार मिश्रा और प्रो. अनिल कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### यज्ञ मंडप परिक्रमा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**चरपोखरी।** मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिला-पुरुष, बुजुर्ग और युवा सभी हाथ जोड़कर मां के दरबार में पहुंचते रहे और अपनी मनोकामनाओं के साथ लगातार परिक्रमा करते नजर आए। यज्ञ स्थल पर गूंजते जय माता दी के गगनभेदी जयघोषों ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय और ऊर्जावान बना दिया। दोपहर बाद आयोजित देवी जागरण ने तो भक्ति का महासंग्राम छेड़ दिया। उद्घाटन राघवाचार्य जी महाराज ने किया। यज्ञ समिति ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। राजा बाबू, श्याम बाबू सिसोदिया, राकेश मिश्र, विक्रांत सूरी, राजा भोजपुरिया, दीपु सैनी और प्रेम पुजारी ने एक से बढ़कर एक देवी गीतों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंच संचालक संदीप बाबा की दमदार आवाज ने पूरे कार्यक्रम में जोश और उत्साह का संचार कर दिया।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पांच हजार यजमानों ने दी आहूति

**आरा।** राजघाट अयोध्या में जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के छठे दिन वैदिक मंत्रोचार के बीच 5000 यजमानों ने विश्व कल्याण के लिए आहूति दी। जैसे-जैसे यज्ञ की पूर्णाहुति नजदीक आ रही है लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। रोज हजारों महिला-पुरुष यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए जुट रहे हैं। जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। जिसके जीवन का सौभाग्य होता है वे ही ऐसे यज्ञ में हिस्सा लेते हैं। मात्र एक बार परिक्रमा कर लेने से कई जन्मों का पाप नष्ट हो जाता है। परिवार से दरिद्रता समाप्त हो जाती है। माता लक्ष्मी का वास हो जाता है। भारत के कोने-कोने से आए संत महात्मा प्रवचन कर रहे हैं। श्री जीयर स्वामी के अलावा अयोध्या नाथ स्वामी महाराज,ा बैकुंठ नाथ स्वामी महाराज, मुक्तिनाथ स्वामी महाराज सहित काफी संख्या में प्रवचन कर्ता लोगों को रसपान करा रहे हैं। प्रत्येक दिन 20 से 25 हजार लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। अयोध्या में इस प्रकार का यज्ञ पहली बार हो रहा है। यज्ञ में आने वाले श्रद्धालु राम मंदिर तथा हनुमान गढ़ी का भी दर्शन कर रहे हैं तथा सरय नदी में स्नान कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि 28 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति है जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के आने की सूचना है।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, प्रधानमंत्री का पुतला दहन



**आरा।** एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति में किल्लत के विरोध में मंगलवार को भोजपुर जिला कांग्रेस ने आरा में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला समाहरणालय के सामने आयोजित इस प्रदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। अध्यक्षता भोजपुर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक राम ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आम जनता के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी यह जारी रहेगा। आपूर्ति व्यवस्था को सुधारने के लिए सरकार ठोस कदम नहीं उठाती है, तो कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी मांगों को जोरदार तरीके से रखा। मौक पर डॉ. शशि कुमार सिंह, प्रो. (डॉ.) राजेंद्र ओझा, डॉ. अमित कुमार द्विवेदी, उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह यादव, डॉ. श्रीधर तिवारी, डॉ. अभिषेक द्विवेदी, बीरेंद्र मिश्रा, अशोक यादव, अरुण सिंह, श्याम सुंदर पांडेय (बिजली बाबा), बिजेंद्र यादव, जितेंद्र शर्मा, अब्दुल सलाम कुरैशी, रवि राम, सूर्य प्रकाश, यासिन, चितरंजन सिंह मुन्ना, डॉ. शिवनाथ पासवान, सुबोध यादव, आदित्य नारायण सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीकांत राय, घनश्याम चौधरी, लाल बाबू साह, शिव कुमार प्रसाद आदि मौजूद थे।

## व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

**चैती छठ महापर्व का तीसरा दिन**



**नदी, तालाब और पोखर पर उमड़ी व्रतियों की भीड़**

**घर की छतों पर भी लोगों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य**

**आरा (एनएसबी)।** शहर सहित पूरे भोजपुर में मंगलवार की शाम चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के तीसरे दिन व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ को लेकर व्रतधारियों ने मंगलवार की शाम, नदी, तालाब, नहर, कुआं तथा पोखर के पास डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। इसके अलावे कई लोगों ने घर की छतों पर ही डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान छठ व्रतियों ने परिवार, मानव तथा विश्व कल्याण की कामना की। बुधवार को छठ व्रती उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे। पर्व को लेकर पुलिस-प्रशासन चौकस दिखा। जगह-जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। नगर थाना एवं नवादा थाने के इंचार्ज इलाके में गश्त लगाते रहें।

## बीड़ी देने से मना करने पर पोते ने दादा को पीटकर मार डाला

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरतार**

**आरा (एनएसबी)।** जिले के पीरो थाना क्षेत्र के चतुर्भुजी बरांव गांव मुसहर टोली में सोमवार की रात बीड़ी देने से मना करने पर चचेरे पोते ने लाठी-डंडे से पीटकर दादा की हत्या कर दी। मृतक के दाहिने हाथ की कलाई एवं सीने पर चोट के निशान पाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, मृतक सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव निवासी स्व. रामजन्म मुसहर का 52 वर्षीय पुत्र राम जी मुसहर है। वह करीब पन्द्रह वर्षों से चतुर्भुजी बरांव गांव के मुसहर टोली स्थित अपनी ससुराल में रहता था। गांव का ही गोरख मुसहर वहां आया और उससे बीड़ी मांगने लगा, तो उन्होंने कहा कि मेरे पास बीड़ी नहीं है। इसी बात पर उसने लाठी-डंडे से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी।

पीरो थानाध्यक्ष दीपक कुमार साह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चतुर्भुजी बरांव मुसहर टोली निवासी मुख्य आरोपित गोरख मुसहर को गिरतार कर लिया है। अभी इस संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मृतक के परिवार में पत्नी ललकी देवी व दो पुत्र टुनटुन मुसहर एवं लक्की मुसहर हैं। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। उसकी पत्नी ललकी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## डकैती का 15 वर्षों से फरार आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बक्सर के नया भोजपुर थाना इलाके से पकड़ा गया**

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** जगदीशपुर थाने की पुलिस ने डकैती के आरोप में 15 वर्षों से फरार चल रहे आरोपित को बक्सर जिले के नया भोजपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बक्सर जिले के नया भोजपुर थाना क्षेत्र के नया भोजपुर गांव निवासी छट्ठू गुप्ता उर्फ फिलीप गुप्ता उर्फ दिलीप गुप्ता है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें कि 19 जुलाई 2011 को हसन बाजार थाना क्षेत्र के हसन बाजार गांव निवासी प्रमोद यादव धान से भरा पिकअप लेकर कहीं जा रहे थे। तभी जगदीशपुर थाना क्षेत्र इलाके में हथियारबंद अपराधियों ने धान से भरी पिकअप लूट ली थी। इस मामले में प्रमोद यादव ने जगदीशपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में छट्ठू गुप्ता का नाम आया था और वह उसी समय से फरार चल रहा था।

### दो साल से फरार आरोपी पकड़ा गया, भेजा जेल

**कोईलवर (एनएसबी)।** चांदी थाने की पुलिस ने मारपीट के मामले में दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी चांदी निवासी सरोज यादव के खिलाफ कांड संख्या 195/24 दर्ज है। उन्होंने बताया कि उक्त आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी बीच सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अपने घर पर छिपा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी से आवश्यक पूछताछ की गई तथा विधिसम्मत कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार आरोपियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## रजिस्ट्री कार्यालय के पास फायरिंग में सात जख्मी

**ढाई कट्ठा जमीन के विवाद ने लिया हिंसक रूप**

**गोली लगने से सगे भाई समेत चार और छर्रा से तीन जख्मी**

**आरा/पीरो (एनएसबी)।** पीरो थाना क्षेत्र के पीरो रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में मंगलवार की दोपहर सीएम के आगमन से पहले ही बंदूक के गरज उठी। जख्मियों में चार लोगों को इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जबकि तीन का इलाज पीरो पीएचसी में चल रहा है। घटना को लेकर पीरो रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में भगदड़ मच गई एवं लोग इधर-उधर जान बचाकर भागने लगे। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक राज, पीरो एएसपी सह एसडीपीओ ़ष्ण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जख्मियों में पीरो थाना क्षेत्र के बलुआ टोला गांव निवासी रामसूरत सिंह के 30 वर्षीय पुत्र सह प्रपर्टी डीलर जितेंद्र यादव उर्फ जीतू यादव, 25 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र यादव उर्फ मलख यादव, उसी गांव निवासी हीरालाल सिंह का 21 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार उर्फ कच्चे कुमार एवं चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरांव गांव निवासी उमेश दुबे का 34 वर्षीय पुत्र रितेश दुबे शामिल है। इनमें रितेश दुबे को दाहिने हाथ के कलाई, जितेंद्र यादव उर्फ जीतू यादव के दाहिने गर्दन, सत्येंद्र यादव उर्फ मलख यादव को दाहिने जांघ व बाएं पैर में घुटने के नीचे एवं पिंटू कुमार उर्फ कच्चे कुमार को बाएं पैर में जांघ पर गोली लगी है। जबकि फायरिंग के दौरान छर्रा लगने से पीरो थाना क्षेत्र के बलुआ टोला गांव निवासी चंदेश्वर सिंह के 31 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार सिंह चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरांव गांव निवासी स्व रामनिवास दुबे के 40 वर्षीय पुत्र कौशल दुबे एवं तरारी थाना क्षेत्र के करथ गांव निवासी नेहरू लाल के 64 वर्ष से पुत्र अनिल कुमार जख्मी हो गए। इधर, जख्मी जितेंद्र यादव उर्फ जीतू यादव के चेचेर भाई ओम कुमार ने जितेंद्र यादव उर्फ जीतू यादव का पीरों के ही लड्डू खान से ढाई कट्ठा जमीन को लेकर दो वर्ष से विवाद चल रहा है।

## हरंगी टोला और सुरौंधा कॉलोनी में चिपका इश्तेहार

**आरा/कोईलवर (एनएसबी)।** कोईलवर थाना क्षेत्र में जनवरी माह में गैस एजेंसी से डकैती के मामले में कानूनी कार्रवाई तेज हो गयी है। इस मामले में पुलिस की ओर से फरार चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया शुरू की गयी है। इसके तहत सोमवार को चार अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गयी। न्यायालय का आदेश मिलने के बाद थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र के नेतृत्व में पुलिस ने अभियुक्तों के घरों में इश्तेहार चिपकाया।

अभियुक्तों में कोईलवर वार्ड नंबर दो निवासी अरविंद कुमार, वार्ड नंबर-13 सुरौंधा कलोनी निवासी साहिल कुमार, सुरौंधा कलोनी के ही गोलू कुमार और उसी थाना क्षेत्र के हरंगी टोला निवासी अमित कुमार उर्फ रोहित उर्फ मांझिया शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक राज की ओर से सोमवार को प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। पुलिस के अनुसार 19 जनवरी की शाम



अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाते पुलिसकर्मी।

कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर हरंगी बांध के समीप बबुरा स्थित गैस एजेंसी के मुंशी चंद्रकांत सिंह से हथियार के बल पर करीब 55 हजार रुपए की डकैती की गयी थी। विरोध करने पर अपराधियों ने फायरिंग भी की थी। गोली मुंशी के सिर को छुती हुई निकल गयी थी, घटना के समय मुंशी कलेक्शन के पैसे लेकर गैस एजेंसी के ही पिकअप चालक के साथ गोदाम से घर लौट रहे थे। अनुसंधान में सभी अभियुक्तों के नाम आए थे। इसी आधार पर पूर्व में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। चार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार नहीं होने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई के पूर्व इश्तेहार की कार्रवाई की गयी है।

**दौलतपुर हरंगी बांध के पास 19 जनवरी को हुई थी डकैती**

**विरोध पर मारी थी गोली, मामले के चार अभियुक्त हैं जेल में चार अन्य को तलाश रही पुलिस**

## चुनावी रंजिश में बक्सर निवासी पैक्स अध्यक्ष को मारी गोली

**पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुटी**

**आरा (एनएसबी)।** बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र के गिरधारी बरांव गांव के काली स्थान स्थित पोखरा के समीप मंगलवार की सुबह पूर्व की चुनावी रंजिश में हथियारबंद बदमाशों ने बक्सर निवासी पैक्स अध्यक्ष को गोली मार दी। जख्मी को दाहिने साइड पेट एवं जांघ पर गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया है।

सूचना मिलते ही सोनवर्षा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जख्मी बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र के गिरधारी बरांव गांव निवासी गिरधारी बरांव पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुदामा सिंह हैं। पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि गांव के ही मनोज सिंह से पूर्व से चुनावी रंजिश चली आ रही है। वह पैक्स के चुनाव में लगातार उनसे तीन बार हार चुके हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनके गांव में ही काली स्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था। तभी मनोज सिंह अपने अन्य साथियों के साथ हथियार लिए हुए आए और उन पर फायरिंग कर दी। इस दौरान उन्हें गोली लग गई। जख्मी पैक्स अध्यक्ष सुदामा सिंह ने गांव के ही मनोज सिंह, वीर बहादुर सिंह, उपेंद्र सिंह एवं ददन कुमार पर गोली मारने का आरोप लगाया है। सुदामा सिंह ने मनोज सिंह सहित अन्य लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## बाजार, ऑटो और बस की बंदोबस्ती के लिए लगी बोली

**बाजार के लिए 16,40,000 और ऑटो स्टैंड के 4,50,500 रुपये की लगी सर्वाधिक बोली**

**गड़हनी (भोजपुर)।** नगर पंचायत गड़हनी परिसर में बाजार, ऑटो एवं बस बंदोबस्ती को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दुबे, मुख्य पार्षद कुबू निशा एवं उपमुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दुबे ने बताया कि बाजार बंदोबस्ती के लिए कुल चार लोगों ने बोली प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इसमें देवढ़ी निवासी मुना कुमार ने सबसे अधिक 16,40,000 रुपये की बोली लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ऑटो स्टैंड बंदोबस्ती के लिए चांदी निवासी रूपेश कुमार ने 4,50,500 रुपये की सर्वाधिक बोली लगाई। हालांकि, बस स्टैंड बंदोबस्ती के लिए इस बार कोई भी इच्छुक बोलीदाता सामने नहीं आया, जिसके कारण इस मद में बंदोबस्ती नहीं हो सकी। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष बाजार बंदोबस्ती की राशि लगभग 36 लाख रुपये तथा ऑटो स्टैंड के लिए करीब 3.79 लाख रुपये निर्धारित थी। शिविर के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। नगर पंचायत प्रशासन ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में राजस्व बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपित पकड़ा गया

**आरा (एनएसबी)।** नगर थाने की पुलिस ने रघु टोला मोहल्ले से हत्या के प्रयास के फरार आरोपित ठेलू यादव उर्फ चेलू को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में नगर थाना क्षेत्र के बघउतपुर बिन टोली निवासी ओमप्रकाश के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। आवेदन में उसने कहा था कि 22 मार्च को 4 बजे जब वह पीएएचपी गैस गोदाम के पास था। तब मेरा भतीजा सनी और मनी आकर बोला कि कुछ लोग रघुटोला लख नंबर-12 के पास समोसा दुकान पर जाकर मारा है। इसके बाद वह अपने भाई श्याम बाबू और भाभी रीता देवी के साथ वहां गए, तो नीतीश यादव उर्फ नीतीश किंग, गुलगुल यादव उर्फ मनीष यादव, दीपक यादव उर्फ दीपक किंग ने मिलकर लाठी डंडे और रॉड से पिटाई कर दी। इसके बाद खेलूं यादव उर्फ चेलु रोहित यादव, बलवंत यादव, नंद किशोर यादव, बतीश यादव व अन्य अज्ञात ने भी आकर मारपीट की।

## महिलाओं-किशोरियों के लिए उन्नत कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

**23 अप्रैल तक दिया जाएगा प्रशिक्षण, लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है**

**आरा (एनएसबी)।** महिला कला केन्द्र, आरा द्वारा अंधेरी हिल्फे के सहयोग से बुटन बाबा के निवास स्थान, पिरोटा में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए एक माह का उन्नत कौशल विकास प्रशिक्षण (कृत्रिम एवं क्रोशिया निर्माण) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 23 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित सह संस्थान की सचिव अनिता गुप्ता, प्रशिक्षिका उमा, रीता, उत्प्रेरक सोनू एवं संस्थान के अन्य पदाधिकारियों ने किया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास ही महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। जब महिलाएं किसी हुनर में दक्ष हो जाती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करती हैं, बल्कि उनके माध्यम से अन्य महिलाएं भी घर बैठे ही आय का सृजन कर सकती हैं। गुप्ता ने यह भी कहा कि भोजपुर महिला कला केन्द्र का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वासी, स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। प्रशिक्षिका उमा ने प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि एक माह के प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान मिलेगा।

## कलाकृतियां अपने मौलिक आत्मविश्वास को दर्शाती हैं : मानवेंद्र

**आरा (एनएसबी)।** बिहार दिवस के उपलक्ष्य में वीर कुंवर सिंह स्टेडियम के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें तकरीबन 100 तरह की गतिविधि और गैलरी निर्माण कर बेहतर माहौल सृजित करने का प्रयास किया गया। शिक्षा विभाग की कला गैलरी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भोजपुर की छात्राओं द्वारा सृजित कलाकृतियों से सजी कला गैलरी अपने कलात्मकता को लेकर याद रखी जाएगा।

इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेन्द्र कुमार राय ने कहा कि छात्राओं में असीम रचनाधर्मिता है। उनमें कला के प्रति गहरा लगाव है जो प्रदर्शित कला में दिख रहा है। वहीं जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने शहर के वरिष्ठ कला प्रेमियों के साथ गैलरी अवलोकन के क्रम में कहा कि छात्राओं द्वारा सृजित कलाकृतियां अपने मौलिक आत्मविश्वास को दर्शाती हैं। हम जो सोच-समझ रखते हैं उसे कला का रूप देना खुद को व्यक्त करना जरूरी बन पड़ता है। कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने कहा



कि यह छात्राओं की सहज भावनाएं हैं जो अलग-अलग विधा में सामने आई है। चक्षु कलाओं में अक्सर देखा गया है कि, संस्कृति और कला का सारगर्भित रूप बालपन में सहज सपाट रूप में दिख जाता है।

कला प्रदर्शनी में अलग-अलग लोक कला और आधुनिक कलाओं का जमावड़ा था। प्रोजेक्ट बालिका प्लस 2 विद्यालय चरपोखरी के पूर्व प्रभारी कला प्रेमी विजय कुमार सिन्हा ने गैलरी अवलोकन के क्रम में कहा कि छात्राओं में लोक समझ के साथ आधुनिक विचार भी है। कार्यशाला में शहर के वरिष्ठ और युवा अनुभवी कलाकारों को एक साथ आमंत्रित कर तीन दिनों तक तैयारियां की गयी थी। शहर के कई वरिष्ठ पत्रकार, कला प्रेमी साहित्य सर्जक और चित्रकारों ने कलातियों का अवलोकन कर आपने विचार साझा किए। कला शिक्षक चित्रकार रौशन राय ने कहा यह आयोजन बिल्कुल नया है। छात्राओं द्वारा सृजित कोलाज, कैलीग्राफी, चित्र, शिल्प, और ढेरों तरह के कलात्मक वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है।

## चुन्नु इलेवन ने जीती नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**गड़हनी (एनएसबी)।** क्रिकेट क्लब सीजन-3 के तत्वावधान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख बिनोद सिंह यादव, गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत, एसआई अजय कुमार सिंह, एसआई अर्जुन कुमार, सुभाष प्रसाद, डॉ. धर्मेंद्र, आनंद कुमार विक्की, दशरथ प्रसाद, वार्ड सदस्य मुना, बी. दास एवं रमीज राजा ने संयुक्त रूप से किया। आज के पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहन इलेवन की टीम ने निर्धारित 6 ओवर में 47 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चुन्नु इलेवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

# समस्तीपुर पुलिस लाइन में बहुप्रतिक्षित आधुनिक पालना घर का डीएम व एसपी ने किया लोकार्पण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में कार्यरत महिला पुलिस कर्मियों और पुलिस कर्मियों के परिवार की सुविधा के लिए मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में आधुनिक पालनाघर (डे-केयर सेंटर) का उद्घाटन सह लोकार्पण किया गया। जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस पालनाघर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह पहल खास तौर पर उन पुलिसकर्मियों के लिए राहत लेकर आई है, जिन्हें ड्यूटी के दौरान अपने छोटे बच्चों की देखभाल को लेकर चिंता बनी रहती थी। पालनाघर के शुरू होने से अब वे निश्चिंत होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। श्री कुशवाहा ने कहा कि, प्रशासन का उद्देश्य सिर्फ कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि कर्मियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना भी है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में बताया कि, पुलिस विभाग में कार्य का दबाव और अनियमित ड्यूटी के कारण कर्मियों को कई पारिवारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पालनाघर जैसी सुविधा उनके लिए बेहद सहायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में बच्चों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित स्टाफ, सुरक्षित वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पालनाघर में बच्चों के लिए खेल-कूद की सामग्री, आरामदायक बैठने और सोने की व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक और मनोरंजक गतिविधियों की भी व्यवस्था की गई है। इस मौके पर कई प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे कर्मियों के हित में एक सकारात्मक कदम बताया। पुलिस लाइन में खुले इस पालनाघर से न सिर्फ कर्मियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यह उनके परिवारों के लिए भी एक बड़ा सहारा साबित होगा।



उद्घाटन के मौके पर डीएम रोशन कुशवाहा, एसपी अरविंद प्रताप सिंह व अन्य।

# चालक सिपाही की शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न

**पटना (एनएसबी)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की तरफ से पुलिस में चालक सिपाही के 4 हजार 361 पदों पर भर्ती के लिए 12 से 24 मार्च तक शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) आयोजित की गई। राजधानी के गर्दनीबाग स्थित शहीद राजेंद्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय (पटना हाई स्कूल) में आयोजित इस परीक्षा में 14 हजार 628 अभ्यर्थी भौतिक रूप से शामिल हुए, जिसमें 14 हजार 189 पुरुष और 439 महिलाएं शामिल हैं। पीईटी परीक्षा के लिए 15 हजार 516 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया था। शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न होने का बाद अंतिम मेधा सूची तैयार करके जल्द ही अंतिम परिणाम जारी किया जाएगा।

परीक्षा कार्यक्रम में 10 कार्यदिवसों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 9 दिन पुरुष और 1 दिन महिला अभ्यर्थियों की परीक्षा ली गई। प्रत्येक दिन अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता, शारीरिक माप का कार्य संपन्न कराया गया है। पीईटी परीक्षा को सुचारू तरीके से कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पर्षद की तरफ से व्यापक तकनीकी व्यवस्थाएं की गई। अभ्यर्थियों की उपस्थिति, उनकी पहचान तथा पहचान बदलकर दूसरे को

**12 से 24 मार्च तक चली परीक्षा में 14 हजार 628 अभ्यर्थी हुए शामिल, इसमें 439 महिला अभ्यर्थी**

बैठाने की संभावना को दूर करने के लिए आवेदन के फोटो, लिखित परीक्षा के समय लिए गए फोटो, बॉयोमेट्रिक चिन्हों तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान उनके फोटो, फिंगर प्रिंट तथा अन्य सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का सहारा लिया गया। इसके साथ ही दौड़ में समय की गणना के लिए आरएफआईडी एवं सेंसर आधारित तकनीकों का उपयोग एवं अन्य स्पधाओं में इलेक्ट्रनिक उपकरणों की मदद से अत्याधुनिक तकनीकों से कार्य संपन्न कराया गया, जिससे सूचनाओं के संग्रहण में मानव हस्तक्षेप को कम किया जा सके।

चयन पर्षद के स्तर से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है कि इस परीक्षा के दौरान 21 ऐसे व्यक्तियों की पहचान की गई, जिन्होंने परीक्षा में दूसरे के बदले बैठकर परीक्षा देने की कोशिश की या अन्य तरीकों से अभ्यर्थियों को सहयोग करने के प्रयास किए। इनमें 4 अभियुक्त परीक्षा के अभ्यर्थी थे। इन तथ्यों के आधार पर 4 कांड स्थानीय गर्दनीबाग थाना में दर्ज किए गए हैं। इसी क्रम में 4 अभ्यर्थियों को जेल भेजा गया है। अन्य अभियुक्तों के खिलाफ जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस तरह अवांछित तत्वों की तरफ से परीक्षा तंत्र में छेड़छाड़ करने के प्रयासों को प्रभावहीन किया गया। परीक्षा के दौरान 55 पुरुष अभ्यर्थियों को चिकित्सीय सहायता की आवश्यकता पड़ी। इस परीक्षा के कदाचारमुक्त आयोजन के लिए बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### उस्मा मठ गैस ब्लास्ट में एक की मौत

**दरभंगा (एनएसबी)।** उस्मा मठ गैस ब्लास्ट मे हीरा देवी उम्र 60 साल को डीएमसीएच से पीएमसीएच भेज दिया गया था। वहां पर काफी उपचार होने के बाद भी वह नहीं बच सकी। उनका पीएमसीएच में मौत हो गया। मौत की खबर सुन उनके परिजन को रो रो कर बुरा हाल है अगल-बगल लोग भी उनको देखने के लिए पहुंच चुके हैं। लाश 7:30 बजे शाम में घर पहुंचा है।

### सीतामढ़ी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अभया ब्रिगेड सक्रिय, क्षेत्र में बढ़ी निगरानी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में महिला पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित ह्लअभया ब्रिगेडह्व टीम लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। यह टीम शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों में नियमित गश्त कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। अभया ब्रिगेड द्वारा विशेष रूप से स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों एवं कोचिंग संस्थानों के आसपास निगरानी बढ़ाई गई है, जहां छात्राओं की आवाजाही अधिक रहती है। टीम के सदस्य इन स्थानों पर भ्रमण कर न केवल सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं, बल्कि छात्राओं एवं महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा से जुड़े जरूरी सुझाव भी दे रहे हैं। इसके साथ ही टीम संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए है, ताकि किसी भी प्रकार की छेड़खानी या अन्य आपराधिक घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। पुलिस प्रशासन का यह प्रयास महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने और समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### 80 जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक कराया गया भोजन

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में मंगलवार, 24 मार्च 2026 को माता की रसोई कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत संध्या 7 बजे मंदिर परिसर में सर्वप्रथम मां वैष्णो देवी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती संपन्न हुई। पूजन के उपरांत चावल, दाल, आलू-गोभी की रसेदार सब्जी और भुनी हुई मिर्च का भोग माता को अर्पित किया गया। इसके बाद मंदिर के अतिथि गृह में पंक्तिबद्ध बैठाकर करीब 80 जरूरतमंदों को ससम्मान भरपेट भोजन कराया गया। इनमें बड़ी संख्या रिक्शा एवं ठेला चालक तथा असहाय लोग शामिल थे। इस सेवा कार्य का मुख्य सहयोग वेद प्रकाश गुप्ता (प्रोपराइटर, मुकुट इलेक्ट्रॉनिक्स, पेठिया रोड) द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर अध्यक्ष अभय प्रसाद, मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, महासचिव राजीव कुमार राजा, अरविंद भारती, अमित कुमार रवि, सुजय कुमार पप्पू सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। इसके अलावा समाजसेवी नेहाल कुमार गुड्डू, रोहित कुमार एवं शशांक कुमार ने भी सेवा कार्य में सराहनीय योगदान दिया।

### शराब का अड्डा बने सामुदायिक भवन में उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर भारी मात्रा में बरामद की बीयर, कारोबारियों की तलाश में जुटी पुलिस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार सरकार ने राज्य में विकास कार्यो को गति देने के उद्देश्य से सभी पंचायतों में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था। लेकिन अब सामुदायिक भवन शराब कारोबारियों का सुरक्षित शराब कारोबार का अड्डा बन गया है। सरैया थाना क्षेत्र के गोरीगामा डीह पंचायत के आनंदपुर गंगोलिया गांव स्थित सामुदायिक भवन से शराब कारोबारियों द्वारा शराब का कारोबार किय जाने की सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम द्वारा की गई छापामारी के दौरान उक्त सामुदायिक भवन से भारी मात्रा में बरामद हुई शराब से यह बात प्रमाणित हुई है। शराबबंदी वाले राज्य बिहार में पंचायत के सामुदायिक भवन में शराब का गोदाम और वहां से हो रही शराब की तस्करी ने कई सवाल खड़ा कर दिया है। विभगीय अधिकारी ने बताया कि सरैया थाना क्षेत्र में आनंदपुर गंगौलिया स्थित सामुदायिक भवन में शराब माफियाओं द्वारा गोदाम बनाकर वहां न केवल शराब का भंडारण किया गया है, बल्कि वहां से शराब की तस्करी की जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही उत्पाद इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह दलबल के साथ सरैया थाना क्षेत्र के आनंदपुर गंगोलिया गांव स्थित सामुदायिक भवन पहुँचकर सरकारी भवन में छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में बीयर बरामद किया गया है। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी शराब कारोबारी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। इस मामले में उत्पाद इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह ने बताया की गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी के दौरान सामुदायिक भवन से लाखों रुपए मूल्य के विदेशी शराब बरामद किया गया है। लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस सह सरैया थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार और स्थानीय मुखिया को मौके पर बुलाकर पूरी कार्रवाई से अवगत करा दिया गया है। फिलहाल शराब कारोबारी को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दरभंगा में हॉस्पिटल, छात्रावास और शिक्षण संस्थानों में हो रही कमर्शियल गैस की आपूर्ति

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है । मांग के अनुरूप होम डिलीवरी के माध्यम से घरों में एलपीजी गैस सिलेंडर पहुंचाई जा रही है।जिले के सभी 75 गैस एजेंसियों के द्वारा प्रतिदिन होम डिलीवरी की जा रही है। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार के आदेश के आलोक में जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वरीय पदाधिकारियों के द्वारा 6 गैस एजेंसियों और 14 होटलों आदि में औचक छापामारी की गई है।अफवाह फैलाने वाले तथा कालाबाजारी पर जिला शासन की पैनी नजर है। एलपीजी गैस आपूर्ति में कठिनाई होने पर जिला का कंट्रोल रूम नंबर 06272 -2450 55 पर शिकायत की जा सकती है। अभी तक 400 सबसे अधिक शिकायतों का निवारण किया गया है। गैस एजेसियों द्वारा 24 मार्च को 8,288 से अधिक गैस सिलेंडरों का वितरण होम डिलीवरी के माध्यम से किया गया है, जबकि 10,453 सिलेंडर एजेसिंयों के गोदामों में शेष हैं। वहीँ 25 मार्च 2026 को 12,314 एल.पी.जी. गैस सिलेंडर आने की संभावना है। साथ ही 22,767 गैस सिलेंडर 24 मार्च को वितरण के लिए उपलब्ध रहेगा। हॉस्पिटल ,छात्रावास और शिक्षण संस्थानों में कमर्शियल गैस की लगातार आपूर्ति की जा रही है।

# सूबे में मसूर की खरीद को मिली मंजूरी किसानों को मिलेगा एमएसपी का लाभ

**नव संदेश ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। अब राज्य में एमएसपी पर मसूर की खरीद होने जा रही है। बिहार सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने रबी 2026 मौसम में बिहार से 32,000 मीट्रिक टन मसूर की खरीद के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत स्वीकृति दी है। अभी तक बिहार में सिर्फ धान एवं गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद होती थी, लेकिन अब दलहन फसल की भी खरीद से किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा ' यह जानकारी मंगलवार को कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने दी।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों की आय बढ़ाने तथा दलहन उत्पादन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मसूर की खरीद की जाएगी तथा भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा।

कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में

**32,000 मीट्रिक टन मसूर की होगी खरीद, किसानों को मिलेगा सीधा भुगतान**

**बिहार सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने दी मंजूरी**

बिहार सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। राज्य सरकार किसानों को समय पर लाभ दिलाने के लिए खरीद केंद्रों की स्थापना, पंजीकरण, भंडारण एवं भुगतान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने बताया कि मसूर की खरीद राज्य सरकार द्वारा तय तिथि से प्रारंभ होगी, खरीद अवधि 60 दिनों तक चलेगी, किसानों को भुगतान 3 दिनों के भीतर किया जाएगा, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं आधार आधारित होगी

कृषि मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से बिहार के मसूर उत्पादक किसानों को उचित मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कर इस योजना का लाभ उठाएं।

## विद्यापतिनगर बजरंगी चौक के पास हुआ सड़क हादसा युवक की मौत, एक गंभीर

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-122बी पर बजरंगी चौक के समीप मंगलवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा-2 पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-9 निवासी राजकुमार राम के 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अभिषेक अपने घर से बाइक से विद्यापतिनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक की टक्कर एक ट्रैक्टर से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभिषेक की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को उठाकर एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया।

## सीतामढ़ी में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान, बैंक व एटीएम पर विशेष सुरक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, आवागमन को सुचारू रखने तथा अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, भीड़-भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर लगातार जारी है। जांच के दौरान वाहन चालकों से कागजातों की जांच की जा रही है तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है, जिससे लोगों में अनुशासन की भावना विकसित हो।

पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार टाइगर गश्ती दल एवं अन्य पुलिस बल द्वारा जिले के बैंकिंग प्रतिष्ठानों, एटीएम और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सुरक्षा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बैंक परिसरों के अंदर और बाहर संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। पुलिस की इस सक्रियता से आम लोगों में सुरक्षा का एहसास बढ़ा है।

इसी क्रम में अंचल निरीक्षकों द्वारा विभिन्न थानों का निरीक्षण भी किया गया। अंचल निरीक्षक, बेलसंड ने परसौनी थाना का वार्षिक निरीक्षण करते हुए थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, सीसीटीएनएस प्रणाली, सिरिस्ता कार्य एवं लंबित मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अभिलेखों के संधारण में सुधार, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिसकर्मियों को पारदर्शी एवं जनकेंद्रित पुलिसिंग अपनाने पर जोर दिया। वहीं, अंचल निरीक्षक, रीगा ने बैरगनिया थाना में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन की इन कार्रवाइयों से जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक पहल दिखाई दे रही है।

## सम्राट अशोक की 2370वीं जयंती पर पटना में निकलेगी भव्य रथयात्रा

**26 मार्च को होगा अशोक रत्न अवार्ड का आयोजन**

**पटना (एनएसबी)।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के द्वारा महान सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती समारोह, सम्राट अशोक रत्न अवार्ड 2026 सह भव्य रथ यात्रा के आयोजन को लेकर पटना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने जानकारी दी कि यह भव्य कार्यक्रम 26 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा, इसी को लेकर यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत वर्ष 2009 से लगातार की जा रही है। इस आयोजन में देश के 22 राज्यों से कुशवाहा, सैनी, शाक्य, मौर्य, कोइरी, माली, दांगी, महतो समेत विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ सम्राट अशोक को मानने वाले हजारों लोग शामिल होंगे।

रथ यात्रा का शुभारंभ बुद्ध परंपरा के अनुसार बौद्ध भिक्षु प्रज्ञादीप एवं उमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष जदयू सह विधायक (महनार) द्वारा किया जाएगा। रथ यात्रा प्रातः 9:30 बजे कुम्हरार पार्क (अशोक किला स्थान) से प्रारंभ होकर राजेन्द्र नगर टर्मिनल, चिरैयाटांड पुल, एक्जीविशन रोड चौराहा, डाकबंगला चौराहा, आयकर गोलम्बर होते हुए वीरचंद पटेल पथ स्थित रविन्द्र भवन, पटना पहुंचेगी।

सभा स्थल पर कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपेंद्र कुशवाहा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, रालोमो एवं राज्यसभा सांसद), दीपक प्रकाश (मंत्री, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार), भगवान सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री सह विधायक, जयन्त राज कुशवाहा पूर्व मंत्री सह विधायक, सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा विधायक सतना (मध्य प्रदेश), रामेश्वर महतो विधायक, स्नेहलता कुशवाहा विधायक समेत कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य अतिथि एवं संगठन के हजारों पदाधिकारी शामिल होंगे।

नागमणि कुशवाहा ने बताया कि इस अवसर पर समाज सेवा, चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को ह्लसम्राट अशोक रत्न अवार्ड 2026ह्व से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक का शासनकाल न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए स्वर्णिम काल था। इस जयंती का उद्देश्य अखंड भारत की भावना को सुदृढ़ करना तथा समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना है।

प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए सम्राट अशोक की शासन व्यवस्था प्रेरणादायक है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार, संजय कुमार, प्रीतम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दरभंगा स्थित एच के एस केमिस्ट्री ने बिहार बोर्ड 12 वीं के परिणाम में रचा कीर्तिमान

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार बोर्ड ने अपना 12 वीं का परिणाम 23 मार्च,2026 को प्रकाशित किया और इस परिणाम में दरभंगा से सर्वोदय हाई स्कूल के निकट अवस्थित एच के एस केमिस्ट्री ने सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है। पिछले साल की तरह इस बार भी दरभंगा में बेहतरीन परिणाम दिए हैं। जहां छात्र कमलेश कुमार यादव ने 403 अंक में 95 केमिस्ट्री में, अंजनी कुमार ने 437अंक में 89 केमिस्ट्री में, प्रेम कुमार ने 445 में 90 केमिस्ट्री में, शिवानी कुमारी ने 424 में 88 केमिस्ट्री में, कुमारी तान्या ने 345 अंक में 86 केमिस्ट्री में, राकेश कुमार 323 अंक में 85 केमिस्ट्री मे,सुजीत कुमार ने 391में 86 केमिस्ट्री में, मो शाहिद इकबाल ने 424 अंक में 84 केमिस्ट्री में, रिशु कुमार 399 में 85 केमिस्ट्री में, आदर्श भारती 415 अंक में 84 केमिस्ट्री में, अंशु कुमारी ने 434 में 83 केमिस्ट्री में,रौशन कुमार ने 414 अंक में 82 केमिस्ट्री,सूरज कुमार ने 381 मे 81 केमिस्ट्री मे प्राप्त किया है। अभी तक जो परिणाम प्राप्त हुए हैं, उसके हिसाब से लगभग संस्थान के सभी बच्चों ने 80 से अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।


छात्र कमलेश कुमार यादव।

एच के एस केमिस्ट्री कोचिंग के डायरेक्टर ई आर के रंजन ने बताया कि इस बार भी अच्छा शानदार प्रदर्शन रहा है। छात्रों का प्यार और भरोसा हमें और आगे बढ़ने के लिए अग्रसर करता है। छात्रों के परिणाम शिक्षकों के लिए काफी ही ऊजार्वान होते हैं और शिक्षक हमेशा छात्र के बेहतर भविष्य परिकल्पना करते हैं। डायरेक्टर इंजीनियर आरके रंजन ने बताया कि हम अभी बोर्ड परिणाम से जितने ज्यादा खुश हैं, भविष्य में यह भी परिकल्पना करते हैं कि दरभंगा से जी मेंस एडवांस जैसे कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन में भी बेहतरीन परिणाम देंगे।

**विवि हिन्दी विभाग में आकाशवाणी दरभंगा द्वारा त्वरित भाषण प्रतियोगिता आयोजित**

# शोधार्थी ज्योति कुमारी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**दरभंगा (एनएसबी)।** आकाशवाणी की 90 वीं वर्षगांठ के अवसर पर विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग में "आकाशवाणी 90 : त्वरित भाषण प्रतियोगिता" का आयोजन आकाशवाणी, दरभंगा के तत्वावधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में हिन्दी के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं तथा शोधार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो.उमेश कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं और शोधार्थियों के लिए आकाशवाणी से जुड़ना सृजनात्मक कार्य है। कार्यक्रम के अतिथि विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के सह प्राचार्य एवं एनएसएस पदाधिकारी डॉ. आर. एन. चौरसिया ने कहा कि छात्र-छात्राएं यदि पूरी लगन से मेहनत करें तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। वहीं आकाशवाणी दरभंगा के कार्यक्रम प्रमुख असअद दाऊद ने कहा कि त्वरित भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को आकाशवाणी के कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा यथोचित मानदेय देने की भी व्यवस्था रहती है। आकाशवाणी, दरभंगा के कार्यक्रम अधिशासी बिनीत कुमार ठाकुर ने बताया कि हम देशभर में युवाओं के बीच आकाशवाणी @90 कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं को रेडियो के जरिए स्वस्थ एवं विश्वसनीय मनोरंजन से जोड़ना है। इस त्वरित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शोधार्थी ज्योति कुमारी, द्वितीय स्थान पर शोधार्थी दर्शन सुधाकर, तृतीय स्थान पर स्नातकोत्तर छात्रा नेहा कुमारी एवं चौथे स्थान पर स्नातकोत्तर छात्रा हितांशी कुमारी रहीं।


कार्यक्रम में भाग लेते विश्वविद्यालय और आकाशवाणी के पदाधिकारी एवं अन्य।

## 26, 29 और 31 मार्च को भी खुले रहेंगे निबंधन कार्यालय

**पटना (एनएसबी)।** मार्च 2026 के घोषित अवकाशों के दिनों में भी राज्य के सभी निबंधन कार्यालय खुले रहेंगे। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने आमजनों की सुविधा और विभाग के राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 26 और 31 मार्च को घोषित अवकाश के दिन भी सभी निबंधन कार्यालय सामान्य दिनों की तरह पूर्ण रूप से संचालित रहेंगे। साथ ही, रविवार को भी पूर्व की भांति जमीन और फ्लैट का निबंधन होता रहेगा। विभाग ने अवकाश के दिन सभी निबंधन कार्यालयों के कर्मियों व कंप्यूटर ऑपरेटर को कार्यालय जाने का निर्देश दिया है। बता दें कि विभाग जनवरी 2026 से हर रविवार को निबंधन कार्यालय खोलने की सुविधा दे रहा है।